# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक



लातेहार सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी के बाद सघन तलाशी अभियान में जुटी झारखंड पुलिस


• बोकारो, शुक्रवार 13 मार्च 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 293 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


## संक्षिप्त समाचार

### 15 हजार रिश्वत लेते एसआइ गिरफ्तार

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चंदवारा थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर पवन राम को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने 15 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गुरुवार को हुई। आवेदक प्रेमकांत नायक ने बताया कि यह मामला चंदवारा थाना क्षेत्र में संचालित एक अवैध मिनी शराब फैक्ट्री से संबंधित है। पिछले महीने इस संबंध में चंदवारा थाना में मामला दर्ज किया गया था, जिसकी जांच का जिम्मा एसआई पवन राम को सौंपा गया था।

### टोटो की टक्कर से बालक की मौत

**बोकारो (नबिटा ब्यूरो)।** चास-धनबाद मुख्य मार्ग पर बुधवार देर रात एक सड़क हादसे में 10 वर्षीय बालक की मौत हो गई। यह घटना देर रात करीब 12 बजे हुई। मृतक की पहचान नवाडीह पंचायत के ग्राम काशी डीह निवासी रघुवीर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रघुवीर एक शादी समारोह से टोटो गाड़ी से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान चास-धनबाद मुख्य मार्ग पर टोटो की किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। टक्कर के कारण रघुवीर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### करंट लगने से युवक की मौत

**जामताड़ा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के करमाटांड़ प्रखंड के कुरवा गांव में बुधवार शाम करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 28 वर्षीय दुलाल राय के रूप में हुई है। बताया गया कि दुलाल के घर का दरवाजा लोहे का बना था जिसके ऊपर से बिजली का तार गुजर रहा था। दरवाजे के बार-बार खुलने और बंद होने से तार में लीकेज हो गया था। ग्रामीणों ने बताया कि लोहे के गेट पर करंट से जलने के निशान भी मिले हैं।

### गरगा डैम में युवक की डूबने से मौत

**बोकारो(नबिटा ब्यूरो)।** बालीडीह थाना क्षेत्र स्थित गरगा डैम में नहाने के दौरान एक 17 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना के 24 घंटे बाद गुरुवार को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम ने युवक का शव डैम से बरामद किया। मृतक की पहचान झोपड़ी कॉलोनी निवासी दीपक कुमार के रूप में हुई है।

### पुल की रेलिंग तोड़ डैम में गिरा मछली लदा ट्रक

**हजारीबाग (नबिटा ब्यूरो)।** बरही थाना क्षेत्र में जवाहर घाटी स्थित तिलैया डैम पुल के पास बुधवार की देर रात मछली लदा ट्रक अनियंत्रित होकर तिलैया डैम में जा गिरा। इस दुर्घटना में ट्रक समेत चालक लापता है जबकि उपचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आशंका जाहिर की जा रही है ड्राइवर की पानी में डूबने से मौत हो गई है। हालांकि पुलिस उसकी तलाश कर रही है। मछली से लदा यह ट्रक बरही से कोडरमा की दिशा में जा रहा था।

# असम विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड में हलचल तेज, हेमंत सोरेन से मिले गौरव गोगोई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की असम विधानसभा चुनाव में संभावित भागीदारी को लेकर इंडिया गठबंधन में बढ़ती असहजता के बीच असम कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा में संसदीय दल के उपनेता गौरव गोगोई गुरुवार को रांची पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री और झामुमो अध्यक्ष हेमंत सोरेन से मुलाकात की। कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पर बंद कमरे में असम कांग्रेस प्रभारी गौरव गोगोई और सीएम हेमंत सोरेन के बीच बैठक हुई। बैठक में झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू भी मौजूद रहे। मीटिंग के बाद मीडिया से बातचीत में गौरव गोगोई ने इसे औपचारिक मुलाकात करार दिया। उन्होंने कहा कि यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी। हालांकि ये भी कहा जा रहा है कि इस बैठक में असम विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान हेमंत सोरेन ने झामुमो की ओर से असम में चुनाव लड़ने की इच्छा जताई जबकि कांग्रेस पक्ष ने बिहार में हुई गलती असम में दोहराने से बचने की बात कही। राजनीतिक हलकों में ये भी चर्चा है कि सीएम हेमंत सोरेन इस मामले में कांग्रेस आलाकमान से बात करने दिल्ली जा सकते हैं, जहां इस बात पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा कि असम में इंडिया गठबंधन एक साथ चुनाव लड़े। इसके बाद इस बात पर चर्चा हो सकती है कि पार्टी कितने सीटों पर चुनाव लड़ेगी। माना जा रहा है कि झारखंड में इंडिया ब्लॉक की सरकार के सबसे बड़े घटक दल झामुमो असम विधानसभा चुनाव को गंभीरता से लड़ना चाहती है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हाल के दिनों में असम के दो दौरे को भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।



# हाइवा की चपेट में आने से ससुर-दामाद की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**कोडरमा।** कोडरमा-जमुना मुख्य मार्ग पर गुरुवार दोपहर एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। यह घटना कोडरमा थाना क्षेत्र के जलवाबाद के पास अपराह्न करीब तीन बजे हुई। मृतक की पहचान नवलशाही निवासी 62 वर्षीय दिनेश्वर ठाकुर और उनके दामाद गिरिडीह के चिलगा गांव निवासी 35 वर्षीय सचिन ठाकुर के रूप में की गई है। घटना की सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से नवलशाही तक पहुंची। इसके बाद दिनेश्वर ठाकुर के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के कपड़ों औरा बाइक से उनकी शिनाख्त की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गिट्टी लदा एक हाइवा डोमचांच से कोडरमा की ओर आ रहा था। उसके पीछे से एक बाइक पर दिनेश्वर ठाकुर और सचिन ठाकुर भी कोडरमा की दिशा में जा रहे थे। नागरखारा के पास बाइक सवार ने हाइवा को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान बाइक हाइवा की चपेट में आ गई और उसमें फंस गई। हाइवा ने बाइक और उस पर सवार दोनों लोगों को करीब 100 मीटर तक घसीटते हुए जलवाबाद तक पहुंचा दिया। इस भीषण टक्कर से दोनों बाइक सवारों के शरीर के टुकड़े सड़क पर बिखर गए। घटना की सूचना मिलने पर कोडरमा थाना के जवान मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। इधर पुलिस ने हाइवा चालक और उपचालक को हिरासत में ले लिया है, साथ ही हाइवा को भी जब्त कर लिया गया है। हादसे के बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए।

# ब्लैक स्पॉट पर बने फ्लाईओवर : सांसद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** झारखंड की राजधानी रांची से उत्तर प्रदेश के वाराणसी कॉरिडोर को जोड़ने वाली नेशनल हाइवे 39 का मामला लोकसभा में उठाया गया। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत नेशनल हाइवे 39 पर पलामू के कई इलाकों में फ्लाईओवर बनाने की मांग को लेकर अपनी बात को रखा है। भारत माला प्रोजेक्ट के तहत नेशनल हाइवे 39 पर चार लेन का काम चल रहा है। इस सिलसिले में पलामू में भोगू से शंखा तक और मेदिनीनगर में पोखराहा और जोड़ में भयंकर ब्लैक स्पॉट की पहचान की गई है। पोखराहा में नेशनल हाइवे के बीच से डालटनगंज पांकी रोड जबकि जोड़ में डाल्टनगंज पाटन रोड गुजर रही है। दोनों जगह पर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। लोकसभा में बोलते हुए पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि नेशनल हाइवे अर्थॉरिटी ऑफ इंडिया भारत माला प्रोजेक्ट के तहत रांची-वाराणसी कॉरिडोर के लिए नेशनल हाइवे 39 पर चार लेन का बाइपास बन रहा है। यह परियोजना राष्ट्रीय महत्व के साथ-साथ पलामू एवं आसपास के इलाकों में आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। दो जगह पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित हुए हैं और दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। भारी वाहनों, दोपहिया, स्कूली वाहनों एवं स्थानीय आवागमन के कारण दोनों जगह पर भीड़ रहती है। वर्तमान में बनाई गई क्रॉसिंग असुरक्षित है। हाल के दिनों में कई गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। लोकसभा में बोलते हुए पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने दोनों ब्लैक स्पॉट पर अविलंब फ्लाईओवर बनाने की स्वीकृति देने की मांग की है।

# नक्सलियों के खिलाफ बड़ा सर्च अभियान शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पलामू एवं बिहार के गयाजी और औरंगाबाद सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ बड़ा सर्च अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान में झारखंड जगुआर, आईआरबी, जैप जिला बल जवानों को तैनात किया गया है। पलामू के नौडीहा बाजार हरिहरगंज पिपरा के इलाके में एक साथ सर्च अभियान शुरू किया गया है एवं प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी और टीएसपीसी को टारगेट किया गया है। दरअसल केंद्र सरकार ने 31 मार्च तक पूरे देश को नक्सली मुक्त कर देने की घोषणा की है। पलामू के इलाके में 4 से 5 नक्सली सक्रिय हैं जिनमें से तीन इनामी हैं। पुलिस ने 15 लाख के इनामी नितेश यादव, 10 लाख के इनामी संजय गोदराम, 10 लाख के इनामी मनोहर गंझू और 10 लाख के टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) के कमांडर शशिकांत गंझू को टारगेट किया है। झारखंड और बिहार बॉर्डर एरिया में पिछले कुछ दिनों में अब तक का यह सबसे बड़ा सर्च अभियान है। एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि सर्च अभियान के दौरान झारखंड-बिहार सीमा पर मौजूद जंगल एवं पहाड़ी इलाकों को टारगेट किया गया है और उनकी तलाशी ली जा रही है। नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान शुरू किया है, पुलिस लगातार नक्सलियों से सरेंडर करने की अपील कर रही है। दरअसल पलामू के इलाके में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी एवं टीएसपीसी बेहद ही कमजोर हैं। इनकी गतिविधियां दो से तीन थाना क्षेत्र में सिमट कर रह गई है।



# गढ़वा में जिंदा जल गया युवक

**गढ़वा(नबिटा ब्यूरो)।** गढ़वा-अंबिकापुर मार्ग पर गढ़वा थाना क्षेत्र में गुरुवार को सड़क हादसे के बाद एक युवक जिंदा जल गया है। युवक पेट्रोल पंप से प्लास्टिक के गैलन में पेट्रोल भरवा कर मोपेड से घर लौट रहा था। इसी क्रम में सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने युवक के मोपेड में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पेट्रोल से भरा गैलन युवक पर गिरकर फट गया और देखते ही देखते युवक के पूरे शरीर में आग लग गई। परिजन गंभीर रूप से झुलसे युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद युवक को रांची रेफर कर दिया। रांची ले जाने के क्रम में युवक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान लोटो गांव निवासी शंभू प्रसाद गुप्ता के रूप में की गई है।

# 2008 बैच के असिस्टेंट प्रोफ़ेसरों के वेतन में वृद्धि की प्रक्रिया शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय समेत झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों में कार्यरत 2008 बैच के असिस्टेंट प्रोफ़ेसरों के वेतन वृद्धि को लेकर सकारात्मक खबर सामने आई है। लंबे समय से लंबित इस मामले में अब विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रक्रिया आगे बढ़ाते हुए संबंधित शिक्षकों से उनकी विस्तृत सेवा जानकारी मांगी है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से 2008 बैच के सभी असिस्टेंट प्रोफ़ेसरों को निर्देश दिया गया है कि वे निर्धारित प्रारूप में अपनी पूरी जानकारी उपलब्ध कराएं। इसके लिए 16 मार्च तक आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तय की गई है। जानकारी के अनुसार शिक्षकों से प्राप्त आवेदन और दस्तावेजों को संकलित कर झारखंड लोक सेवा आयोग को भेजा जाएगा। आयोग से स्वीकृति मिलने के बाद ही इन शिक्षकों को वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकेगा। राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में बड़ी संख्या में 2008 बैच के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर कार्यरत हैं, जो लंबे समय से वेतन विसंगति और वेतन वृद्धि को लेकर निर्णय का इंतजार कर रहे थे। इस संबंध में कई बार शिक्षक संगठनों ने भी आवाज उठाई थी। अब विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जानकारी मांगे जाने के बाद शिक्षकों को उम्मीद जगी है कि उनकी लंबित मांगों पर जल्द निर्णय हो सकता है। शिक्षक संगठनों का कहना है कि यह प्रक्रिया काफी पहले पूरी हो जानी चाहिए थी। यदि समय पर आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर ली जाती तो शिक्षकों को वेतन वृद्धि का लाभ पहले ही मिल सकता था। फिर भी अब इस दिशा में पहल होने से शिक्षकों में उम्मीद जगी है। इस संबंध में फुटाज झारखंड के महासचिव डॉ. राजकुमार ने कहा कि 2008 बैच के असिस्टेंट प्रोफ़ेसरों का मामला काफी समय से लंबित था। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अब जानकारी मांगी गई है। यह सकारात्मक कदम है। उम्मीद है कि सभी विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द से जल्द शिक्षकों से आवेदन लेकर उसे जेपीएससी को भेजेगा ताकि शिक्षकों को उनका वैधानिक लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि यदि प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी की जाती है तो राज्य के सैकड़ों शिक्षकों को वेतन वृद्धि का लाभ मिल पाएगा। फिलहाल विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 16 मार्च तक आवेदन जमा कराने की प्रक्रिया चल रही है और उसके बाद आगे की कार्रवाई जेपीएससी के स्तर पर की जाएगी।

# पंचायत महिला सचिव रिश्वत लेते गिरफ्तार

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बिशुनपुर ब्लॉक की सेरका पंचायत सचिव किरण कुसुम खलखो को 8 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गुरुवार को की गई। परिवादी परमेश्वर सिंह, निवासी चट्टी सेरका पंचायत, ने रांची स्थित एसीबी में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि ग्राम सभा द्वारा उनकी जमीन पर कुएं की मरम्मत का कार्य उन्हें सौंपा गया था, जो पूरा हो चुका था। कार्य पूरा होने के बाद, शेष राशि के भुगतान और बिल पास करने के एवज में पंचायत सचिव किरण कुसुम खलखो द्वारा रिश्वत मांगी जा रही थी। परिवादी रिश्वत देकर काम नहीं कराना चाहते थे। एसीबी ने आवेदन का विधिवत सत्यापन किया, जिसमें आरोप सत्य पाए गए। आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# लातेहार कोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**लातेहार।** शरारती तत्व के द्वारा ईमेल के माध्यम से लातेहार व्यवहार न्यायालय परिसर को बम से उड़ाने की धमकी दी गयी है। सूचना मिलने के बाद लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर पुलिस की टीम सीटी डीएसपी संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में डॉग स्क्वायड टीम के साथ कोर्ट परिसर में सर्च अभियान चलाया। हालांकि कहीं भी किसी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री मिलने की सूचना नहीं है। दरअसल किसी अज्ञात शरारती तत्व ने लातेहार कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के माध्यम से दी थी। इस धमकी की सूचना मिलने के बाद लातेहार पुलिस तुरंत अलर्ट मोड में आ गई और डीएसपी संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में डॉग स्क्वायड की टीम तत्काल कोर्ट परिसर में पहुंचकर मामले की छानबीन आरंभ कर दी। पुलिस और डॉग स्क्वायड की टीम ने कोर्ट परिसर के सभी भागों में जाकर बारीकी से छानबीन की है। हालांकि कहीं से किसी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री मिलने की सूचना नहीं है। ईमेल से मिले धमकी के बाद लातेहार कोर्ट परिसर की सुरक्षा काफी बढ़ा दी गई है। हालांकि लातेहार पुलिस के द्वारा काफी पहले से कोर्ट परिसर में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था रखी गई है लेकिन इस धमकी के बाद अतिरिक्त पुलिस टीम को भी वहां तैनात किया गया है। वहीं कोर्ट परिसर में प्रवेश करने वाले लोगों की जांच भी की जा रही है। इस संबंध में पूछने पर लातेहार एसपी कुमार गौरव ने धमकी भरे ईमेल मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि किसी अज्ञात शरारती तत्व के द्वारा धमकी भरा ईमेल भेजा गया था। इसके बाद सुरक्षा की दृष्टिकोण से वहां विशेष सर्च अभियान चलाया गया है। एसपी ने कहा कि कोर्ट परिसर में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था है।

# खादी महोत्सव से संथाल में जगी रोजगार की आस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** शहर के पुराने बस स्टैंड परिसर में इन दिनों खादी ग्रामोद्योग आयोग की ओर से आयोजित खादी महोत्सव लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन गया है। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य संथाल परगना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को खादी उद्योग से जोड़कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। मेले में खादी से बने विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी के साथ-साथ लोगों को इसके उपयोग और इससे मिलने वाली रोजगार संभावनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। संथाल परगना क्षेत्र में आज भी गरीबी और बेरोजगारी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य खादी बोर्ड की ओर से देवघर में इस महोत्सव का आयोजन किया गया है। आयोजकों का कहना है कि खादी उद्योग ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का एक प्रभावी माध्यम साबित हो सकता है। प्रदर्शनी में खादी के कपड़े, हस्तशिल्प उत्पाद, सिलाई-कढ़ाई से तैयार परिधान और अन्य ग्रामीण उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है, जिन्हें देखने और खरीदने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। मेले में अपनी दुकान लगाए मनोज शर्मा ने बताया कि खादी आज के दौर में ग्रामीण लोगों के लिए रोजगार का बड़ा साधन बन चुकी है। उन्होंने कहा कि देवघर और दुमका सहित संथाल क्षेत्र के कई स्थानों पर ऐसे केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जहां महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई और खादी से जुड़े अन्य कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाता है। इन केंद्रों के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। वर्षों से खादी के कारोबार से जुड़े शत्रुघ्न झा का मानना है कि खादी उद्योग में देश के बड़े हिस्से को रोजगार देने की क्षमता है। हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि आज के युवा अधिक डिजाइनदार और रंगीन कपड़ों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। खादी के अधिकांश कपड़े साधारण डिजाइन के होते हैं, जिसके कारण युवाओं का झुकाव इसकी ओर कम दिखाई देता है। उनका सुझाव है कि यदि बुनकरों और कारीगरों को आधुनिक डिजाइनिंग की विशेष ट्रेनिंग दी जाए तो खादी उत्पादों की मांग में काफी बढ़ोतरी हो सकती है। खादी महोत्सव का आकर्षण केवल आम लोगों तक सीमित नहीं रहा। जिले के कई प्रशासनिक अधिकारियों ने भी मेले का दौरा किया और खादी उत्पाद खरीदे। इस दौरान एसडीएम रवि कुमार, अपर समाहर्ता हीरा कुमार और एनडीसी शैलेश कुमार सहित कई अधिकारियों ने स्टॉलों का निरीक्षण किया और खादी के महत्व को रेखांकित किया। अधिकारियों ने कहा कि खादी भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान रही है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय यह देशभक्ति और स्वावलंबन का प्रतीक बनी थी। आज एक बार फिर खादी का महत्व बढ़ रहा है क्योंकि यह न केवल आरामदायक कपड़ा है बल्कि भारतीयता की पहचान भी है। राज्य खादी बोर्ड के निदेशक मांगेराम ने बताया कि केंद्र सरकार की योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ही रोजगार के अवसर पैदा करना है ताकि लोगों को काम की तलाश में शहरों की ओर पलायन न करना पड़े। उन्होंने कहा कि संथाल परगना के दुमका, गोड्डा, देवघर, पाकुड़, साहेबगंज और जामताड़ा जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और युवाओं को खादी उद्योग से जोड़ने के लिए मशीनें और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही धागा निर्माण से लेकर तैयार उत्पाद को बाजार तक पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया भी बताई जा रही है। झारखंड के संथाल क्षेत्र में आज भी बड़ी संख्या में लोग गरीबी और बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। ऐसे में सरकार को उम्मीद है कि इस तरह के खादी महोत्सव और प्रदर्शनी कार्यक्रम लोगों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करेंगे। मेले में पहुंचे कई लोगों का कहना है कि सरकार को केवल शहरों में ही नहीं बल्कि गांवों में भी जाकर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने चाहिए ताकि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी खादी उद्योग से जुड़कर अपने जीवन स्तर को बेहतर बना सकें।





CMYK

# उपायुक्त ने की विकास योजनाओं की समीक्षा, दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में कार्यकारी एजेंसियों द्वारा क्रियान्वित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित आधारभूत संरचना, पेयजल, सड़क निर्माण, भवन निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों एवं कार्यकारी एजेंसियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने एक-एक कर योजनाओं की स्थिति, निर्माण कार्यों की प्रगति, वित्तीय व्यय तथा लंबित कार्यों की जानकारी




ली।उपायुक्त ने कहा कि सरकार की विकास योजनाओं का मुख्य उद्देश्य आम जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसलिए योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने और स्थल निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया बैठक में विशेष रूप से सड़क निर्माण, भवन निर्माण और पेयजल योजनाओं की प्रगति पर जोर दिया गया।

उपायुक्त ने संबंधित एजेंसियों से कहा कि जिन योजनाओं का कार्य धीमी गति से चल रहा है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए तथा निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप ही किया जाए, ताकि जनता को योजनाओं का स्थायी लाभ मिल सके उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। यदि किसी योजना में तकनीकी समस्या या अन्य कारणों से कार्य प्रभावित हो रहा है तो इसकी जानकारी तुरंत जिला प्रशासन को दी जाए, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके। साथ ही सभी एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं की प्रगति की जानकारी नियमित रूप से अद्यतन रखने और संबंधित रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है, इसलिए सभी विभाग पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।बैठक में लंबित योजनाओं की सूची तैयार कर उन्हें जल्द पूरा करने के लिए कार्य योजना बनाने का भी निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि यदि किसी योजना में अनावश्यक विलंब पाया जाता है तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई भी की जा सकती है बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कार्यकारी एजेंसियों के प्रतिनिधि तथा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# घरेलू गैस सिलेंडरों की कमी और कालाबाजारी पर कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

■ ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन ने केंद्र सरकार से की ठोस कदम उठाने की मांग

**गिरिडीह।** देश में एलपीजी गैस सिलेंडरों की बढ़ती कमी और कालाबाजारी को लेकर ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन ने केंद्र सरकार से तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की है। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन सोलंके ने कहा कि आज देश के कई हिस्सों में एलपीजी सिलेंडरों की कमी देखने को मिल रही है, जिसका मुख्य कारण केंद्र और राज्य सरकारों तथा तेल कंपनियों की दूरदर्शिता की कमी है उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना के माध्यम से गैस कनेक्शन घर-घर तक पहुंचाए गए, लेकिन उसी अनुपात में आवश्यक व्यवस्था विकसित नहीं की गई। वर्तमान स्थिति यह है कि एक गैस डीलर पर लगभग 5 से 6 हजार ग्राहकों का भार है, जिससे उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने में परेशानी हो रही है नितीन सोलंके ने बताया कि नई गैस डीलरशिप से जुड़े कई मामले अदालतों में लंबित हैं।

उन्होंने मांग की कि इन मामलों की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कर जल्द से जल्द नए डीलरों की नियुक्ति की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके उन्होंने कहा कि देश में कम से कम 6 से 7 महीनों की गैस भंडारण क्षमता विकसित की जानी चाहिए और बॉटलिंग प्लांट्स की संख्या भी बढ़ाई जानी चाहिए, लेकिन इस दिशा में अब तक पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है।फाउंडेशन के अनुसार सबसे गंभीर समस्या घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी है। बड़ी संख्या में घरेलू सिलेंडरों का उपयोग व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और वाहनों में किया जा रहा है अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्रवाई तो होती है, लेकिन यह अपराध जमानती होने के कारण आरोपी कुछ ही घंटों में बाहर आ जाते हैं। उन्होंने मांग की कि इस अपराध को गैर-जमानती बनाया जाए, तभी इस पर प्रभावी रोक लग सकेगी उन्होंने कहा कि युद्ध या आपातकाल जैसी परिस्थितियों में कुछ अवसरवादी लोग गैस सिलेंडरों को दोगुने दामों पर बेचकर स्थिति का फायदा उठाते हैं, जिससे सबसे ज्यादा नुकसान आम उपभोक्ताओं को होता है। ऐसे में उपभोक्ताओं से भी अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और अतिरिक्त शुल्क का भुगतान न करें।

नितीन सोलंके ने बताया कि ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन पिछले तीन वर्षों से इस मुद्दे को लेकर संघर्ष कर रहा है। इस संबंध में पीआईएल संख्या 33/2025 भी दायर की गई है। केंद्र सरकार, महाराष्ट्र सरकार और तेल कंपनियों को नोटिस भेजे जाने के बावजूद अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है फाउंडेशन ने मांग की है कि गैस सिलेंडरों पर बारकोड, क्यूआर कोड और आरएफआईडी टैग प्रणाली जल्द लागू की जाए तथा सभी उपभोक्ताओं का ई-केवाईसी कराया जाए, ताकि घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग केवल घरेलू कार्यों के लिए ही हो सके। साथ ही व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को केवल व्यावसायिक गैस सिलेंडर के उपयोग के लिए बाध्य किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को किया रवाना

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** आगामी 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसकी सफलता को लेकर बिहारशरीफ व्यवहार न्यायालय परिसर से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरविंदर सिंह मल्होत्रा ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। इस जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों और गांवों में जाकर लोगों को लोक अदालत के महत्व और लाभ के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही लंबित मामलों को आपसी समझौते के आधार पर निपटाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरविंदर सिंह मल्होत्रा ने बताया कि वर्ष 2026 की यह पहली राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय रविंद्र सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-1 संजीव कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-2 अखोरी अभिषेक सहाय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-3 रणविजय कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-4 प्रकाश कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र



न्यायाधीश-5 संजय सिंह, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुलदीप, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश राजेश कुमार गौरव सहित कई अधिवक्ता और न्यायालय कर्मी उपस्थित रहे।

### कस्तूरबा विद्यालय में आयुर्विद्या स्वास्थ्य कार्यक्रम

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत जिला आयुष समिति नालंदा के द्वारा आयुर्विद्या पब्लिक हेल्थ प्रोग्राम के माध्यम से जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी नालंदा की अध्यक्षता में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ,बेनार एवं +2 उच्च विद्यालय,बेनार में आयुर्विद्या स्वास्थ्य कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस कार्यक्रम में दिनचर्या, ऋतुचर्या, रोगों का निदान, आहार, विहार, योग, प्राणायाम एवं चिकित्सा के बारे में सविस्तार बताया गया। इसमें योग का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षण गण, आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, कर्मचारी एवं समस्त छात्र-छात्राओं का सहयोग प्राप्त हुआ।

### सदर अस्पताल में 15 मार्च से अलग-अलग कक्षों में चलेगी ओपीडी

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** सदर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। अस्पताल प्रशासन ने मरीजों की बढ़ती संख्या और बेहतर उपचार व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए ओपीडी (बाह्य रोगी विभाग) सेवाओं के विकेंद्रीकरण का फैसला किया है। नई व्यवस्था के तहत अब विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों के लिए अलग-अलग ओपीडी कक्ष निर्धारित किए जाएंगे, जिससे मरीजों को लंबी कतारों और भीड़भाड़ से राहत मिलेगी। इस व्यवस्था को लागू करने के लिए सदर अस्पताल के पुराने इमरजेंसी वार्ड भवन का जीर्णोद्धार कर उसे उपयोग में लाया जा रहा है।

# पूर्व जिला पार्षद सह झामुमो अध्यक्ष राकेश महतो की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष और झारखंड मुक्ति मोर्चा झामुमो के वरिष्ठ नेता राकेश महतो की हत्या के मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। जांच में सामने आया है कि उनकी हत्या के पीछे मुख्य कारण जमीन विवाद था जानकारी के अनुसार, राकेश महतो की हत्या की घटना ने पूरे गिरिडीह जिले में सनसनी फैला दी थी।

उनका अधजला शव निमियाघाट थाना क्षेत्र के खांखी जंगल से बरामद किया गया था, जिसके बाद इलाके में आक्रोश और




राजनीतिक हलचल तेज हो गई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम एसआईटी का गठन कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्य, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और संदिग्ध लोगों से पूछताछ के आधार पर मामले की कड़ियों को जोड़ा गया। पुलिस ने सैकड़ों मोबाइल नंबरों की जांच और कई लोगों से पूछताछ की थी। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि जमीन को लेकर चल रहे विवाद के कारण ही अपराधियों ने साजिश रचकर राकेश महतो की हत्या की। हत्या के बाद पहचान छिपाने के लिए शव को जंगल में ले जाकर जलाने का प्रयास किया गया था पुलिस ने इस मामले में शामिल आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि इस सनसनीखेज हत्याकांड में शामिल सभी अपराधियों को जल्द ही कानून के शिकंजे में लाया जाएगा इस घटना के खुलासे के बाद प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

# कल्याण बिगहा पहुंचे निशांत कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** जदयू में औपचारिक रूप से शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार गुरुवार को पहली बार अपने पैतृक गांव कल्याण बीघा पहुंचे। इस दौरान कार्यकताओं और ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला। समर्थकों ने उनका फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया और ह्यनिशांत कुमार जिंदाबादह्ल तथा ह्यबिहार का सीएम कैसा हो, निशांत भैया जैसा होह्ल के नारे लगाए।

दोपहर करीब साढ़े 3 बजे जैसे ही निशांत कुमार का काफिला गांव की सीमा में पहुंचा, पहले से मौजूद सैकड़ों कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। पूरे इलाके में नारों और जयकारों से माहौल उत्साहपूर्ण हो गया। गांव पहुंचने के बाद निशांत कुमार सीधे ह्यरामलखन सिंह वाटिकाह्ल गए। यहां उन्होंने अपने दादा स्वर्गीय रामलखन सिंह, दादी परमेश्वरी देवी और माता



स्वर्गीय मंजू सिंह की आदमकद प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने गांव के देवी स्थान में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर बिहार की सुख-समृद्धि की कामना की। पुष्पांजलि और पूजा के बाद निशांत कुमार अपने पैतृक आवास पहुंचे, जहां उन्होंने स्थानीय कार्यकताओं और ग्रामीणों से मुलाकात की। लोगों की समस्याएं सुनीं और सभी का अभिवादन स्वीकार किया। अपने गांव के लोगों के बीच वे काफी सहज और भावुक नजर आए। इस मौके पर निशांत कुमार ने कहा कि उनके पिता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्षों में बिहार के विकास के लिए जो काम किए हैं, वे उसे आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

# गिरिडीह में युवा कांग्रेस की बैठक, संगठन विस्तार व विरोध कार्यक्रमों की बनी रणनीति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** भारतीय युवा कांग्रेस की गिरिडीह जिला कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को जिला अध्यक्ष मोहम्मद सोहेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से गिरिडीह प्रभारी आशुतोष राय तथा सह प्रभारी आकि ब जावेद उपस्थित रहे बैठक के दौरान केंद्र सरकार के कथित किसान-विरोधी और देशहित के विरुद्ध बताए जा रहे व्यापार समझौतों के खिलाफ आवाज बुलंद करने तथा इन्हें रद्द कराने को लेकर आगामी विरोध प्रदर्शन और जन आंदोलनों की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही संगठन की वर्तमान स्थिति, आगामी कार्यक्रमों, दिल्ली




में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों और उसमें कार्यकताओं की भूमिका को लेकर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में संगठनात्मक विस्तार पर विशेष जोर देते हुए गिरिडीह जिले में युवा कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा की गई।

पदाधिकारियों ने युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और संगठन को अधिक सक्रिय बनाने पर भी बल दिया बैठक में जिला उपाध्यक्ष चांद रसीद अहमद, गिरिडीह विधानसभा अध्यक्ष बेलाल अहमद हुसैन, कांग्रेस जिला महासचिव सरफराज अहमद उर्फ गुड्डू, गिरिडीह नगर अध्यक्ष इमामउद्दीन अंसारी, डुमरी विधानसभा अध्यक्ष निजामुद्दीन अंसारी, विधानसभा सचिव युसूफ अंसारी, प्रखंड उपाध्यक्ष सनाउल्लाह अंसारी, गोपाल कुमार राय, अरमान हुसैन सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा जनता के मुद्दों पर मजबूती से संघर्ष करने का संकल्प लिया।

# राज्य में कानून का राज स्थापित है : उपमुख्यमंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**प्राणपुर (कटिहार)।** एनडीए की राज्य सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के सर्वांगीण विकास को लेकर कृतसंकल्प है। सरकार चुनाव में किये गये वादों को पूरा करने में विश्वास रखती है।राज्य में कानून का राज्य स्थापित है, तो न्याय के साथ विकास का क्रम अनवरत जारी है।और यह नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में आगे भी सरकार उसके साथ है।नतीजा बिहार के साथ जिले का चौतरफा विकास हो रहा है।उन्होंने कहा कि रेल के क्षेत्र में कटिहार जंक्शन तो था हीं अब सड़को विकास से सड़क का भी जंक्शन बन जाएगा।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जनता से मिले आशीर्वाद से जल्द हीं बिहार की गिनती विकसित राज्य में होने लगेगी।उन्होंने कहा कि सरकार बच्चे, बूढ़े, नौजवान, महिला, अल्पसंख्यकों के



जारी रहेगा। उक्त बातें बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री के समृद्धि यात्रा के दौरान प्राणपुर प्रखंड अन्तर्गत बड़झल्ला काली मंदिर के परिसर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने जय श्रीराम और वंदेमातरम के जय घोष करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में श्री रामजी का मंदिर बना है तो बिहार के सीतामढी में मॉ जानकी भव्य मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है।उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार छात्र आंदोलन एवं समाजवादी आंदोलन की उपज है। जिनके 50 वर्षो के राजनीतिक अनुभवों का लाभ प्रदेश को मिल रहा है। उन्होंने बिहार को विनाश से विकास के रास्ते पर लाने का जो संकल्प लिया है,एनडीए की साथ किसान, उद्यमी एवं मजदूरों के हितों को समान रुप से ध्यान में रखकर योजना बना रही है।केन्द्र सरकार का भी राज्य सरकार का भरपूर सहयोग मिल रहा है।जिसका फलाफल राज्य के सभी क्षेत्रों में देखा जा रहा है। इसका श्रेय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जाता है। यात्रा के दौरान उपमुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री के साथ जिले में चल रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा भी की समीक्षा बैठक में सभी विभागों के मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव डा. चंद्रशेखर सिंह, आयुक्त पूर्णियां राजेश कुमार, पुर्णियॉ क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक कुमार आशीष, जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी सहित विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सदन में विधायक ने उठाई देव पहाड़ी मंदिर के समग्र विकास की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** जमुआ विधानसभा क्षेत्र की विधायक मंजु कुमारी ने सदन में गिरिडीह जिला अंतर्गत देवरी प्रखंड स्थित देव पहाड़ी मंदिर के समग्र विकास का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि देव पहाड़ी मंदिर क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण धार्मिक आस्था केंद्र है



जहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन दर्शन के लिए पहुँचते हैं। इसके बावजूद मंदिर परिसर में अब तक कई आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, जिससे श्रद्धालुओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है विधायक मंजु कुमारी ने सरकार से मांग की कि देव पहाड़ी मंदिर क्षेत्र का समग्र पर्यटकीय विकास कराया जाए। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भव्य सिंह द्वार का निर्माण, बहुउद्देशीय भवन स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था शौचालय समुचित प्रकाश व्यवस्था तथा पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए उन्होंने कहा कि यदि देव पहाड़ी मंदिर का समुचित विकास किया जाता है, तो इससे न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी बल्कि क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

### चरघरा मेन रोड-दुर्गा मंडप होते हुए एकतारा नदी पुल तक सड़क निर्माण का मुद्दा सदन में उठाया : मंजु कुमारी

जमुआ विधानसभा क्षेत्र की विधायक मंजु कुमारी ने विधानसभा के सदन में गिरिडीह जिले के जमुआ प्रखंड अंतर्गत चरघरा मेन रोड से दुर्गा मंडप होते हुए एकतारा नदी पुल तक लगभग 5 किलोमीटर सड़क निर्माण का महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इस सड़क के अभाव में क्षेत्र के लोगों को वर्षों से आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक मंजु कुमारी ने सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए कहा कि उक्त मार्ग से जुड़े कई गांवों के लोगों, खासकर छात्र-छात्राओं, किसानों एवं आम नागरिकों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। बरसात के दिनों में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है, जिससे लोगों का जनजीवन प्रभावित होता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि क्षेत्र की जनता की सुविधा को देखते हुए चरघरा मेन रोड से दुर्गा मंडप होते हुए एकतारा नदी पुल तक सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता देते हुए जल्द से जल्द शुरू कराया जाए, ताकि लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

# जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** जिला पदाधिकारी, अररिया, विनोद दूहन की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित आत्मन सभागार में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न बाल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई अररिया, जिला शिक्षा पदाधिकारी अररिया, जिला चिकित्सा पदाधिकारी अररिया, सहायक निदेशक जिला अल्पसंख्यक कल्याण अररिया, श्रम अधीक्षक अररिया, पुलिस उपाधीक्षक अररिया, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, किशोर न्याय परिषद के सदस्य, जिला खेल पदाधिकारी अररिया सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि बाल संरक्षण अत्यंत संवेदनशील विषय है, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ रुचि लेकर कार्य करें। उन्होंने जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) को निर्देश दिया कि जिले में अनाथ बच्चों का सर्वे कर उसकी रिपोर्ट 23 मार्च 2026 तक को उपलब्ध करना सुनिश्चित करें।

# भारत की जनगणना के प्रथम चरण को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया ।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के सफल संचालन को लेकर समाहरणालय अररिया स्थित परमान सभागार में जिला/चार्ज स्तर के अधिकारियों एवं अन्य शासकीय सेवकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण 12 मार्च 2026 से 17 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ करते हुए जिला पदाधिकारी सह प्रधान जनगणना अधिकारी अररिया विनोद दूहन ने कहा कि भारत की जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से देश की जनसंख्या, आवासीय स्थिति तथा सामाजिक-आर्थिक स्थिति से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि




जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी के आधार पर आगे की जनगणना की प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न होती है।

उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण के दौरान दिए जा रहे दिशा-निर्देशों को गंभीरता से समझें और फील्ड में कार्य करते समय पूरी सावधानी एवं



जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। साथ ही उन्होंने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े सरकार की विभिन्न योजनाओं के निर्माण एवं नीति निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए इसमें किसी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। जिला पदाधिकारी ने यह भी कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी जनगणना कार्य को पूरी पारदर्शिता, सटीकता एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराना सुनिश्चित करें, ताकि जनगणना का कार्य जिले में सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके।प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण तथा मकानों की गणना की प्रक्रिया को सही एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना है। इसमें जिला एवं चार्ज स्तर के अधिकारियों के साथ-साथ संबंधित शासकीय कर्मियों को जनगणना से जुड़ी आवश्यक जानकारी, प्रक्रिया तथा तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन के तत्वावधान में किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य निदेशालय बिहार पटना से नामित अधिकारियों पंकज कुमार एवं रोहित कुमार द्वारा बताया गया कि जनगणना का यह चरण अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी के आधार पर आवासीय इकाइयों का सही आंकड़ा संकलित किया जाता है। साथ ही फील्ड में कार्य के दौरान आने वाली संभावित समस्याओं और उनके समाधान के बारे में भी विस्तृत मार्गदर्शन दिया जा रहा है। जनगणना 2027 का प्रथम चरण, जिसमें मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना शामिल है, जो 2 मई 2026 से 31 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा। इसके साथ-साथ नागरिकों के लिए 17 अप्रैल 2026 से 1 मई 2026 तक स्व-गणना की भी व्यवस्था रहेगी। प्रशिक्षण के माध्यम से अधिकारियों और कर्मियों को जनगणना कार्य के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें जिम्मेदारियों का निर्वहन बेहतर तरीके से करने के लिए तैयार किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना से संबंधित प्रक्रियाओं, सीएमएमएस पोर्टल तथा एचएलबीसी वेब एप्लिकेशन के उपयोग सहित तकनीकी पहलुओं से अवगत कराने हेतु विशेष रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अररिया अनिल कुमार झा, सहित संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# हजारीबाग उप महापौर का फैसला आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग**। चुनाव का शोरगुल थम चुका है। जनता ने अपने पंसदीदा नेता को कुर्सी पर बैठा दिया है। लेकिन हजारीबाग नगर निगम में उप महापौर को लेकर असामंजस्य की स्थिति बनी हुई है। हजारीबाग की जनता को अपना उप महापौर मिल जाएगा। उप महापौर में दो नाम अधिक सुर्खियों में हैं। पहला मिताली रश्मि और दूसरा निर्विरोध जीत हासिल करने वाले वार्ड पार्षद अविनाश यादव का।

**उप महापौर के लिए दो नाम आमने सामने**

13 मार्च को कौन हजारीबाग नगर निगम का उप महापौर होगा? इसे लेकर इन दोनों को लेकर बाजार से लेकर दफ्तर तक खूब चर्चा हो रही है। दो नाम इन दिनों काफी सुर्खियों में है। पहली बार वार्ड पार्षद बनने वाली पार्षद मिताली रश्मि। मिताली रश्मि की बात की जाए तो वह सबसे अधिक शिक्षित वार्ड पार्षदों में एक हैं। जिन्होंने एमबीए कर 10 साल से अधिक मल्टीनेशनल कंपनी में काम किया है। खासकर मानव प्रबंधन के क्षेत्र में इन्हें महारथ हासिल है। इकोनॉमिक्स में मिताली झारखंड टॉपर भी रही हैं।

**हजारीबाग का विकास मेरा पहला लक्ष्यः मिताली रश्मि**

इसके साथ ही शिक्षा के साथ कार्यक्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। इस बार मिताली रश्मि



खुद को उप महापौर की रस में खुद को देख रही हैं। वार्ड पार्षद मिताली रश्मि का कहना कि वार्ड पार्षदों का सहयोग मिला तो उप महापौर बन पूरे हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र का विकास होगा। इन्होंने कहा कि मल्टीनेशनल कंपनी में काम करने का अनुभव का लाभ नगर निगम के लोगों को मिलेगा।

**कारोबार के साथ साथ करते हैं समाजसेवा**

दूसरा नाम अविनाश यादव है। अविनाश यादव वार्ड 36 से निर्विरोध विजय हुए हैं। समाज में इनकी एक अलग पहचान है। समाजसेवी होने के नाते लोग इन्हें पसंद करते हैं। पेशे से यह कारोबारी हैं। सामाजिक गतिविधि में यह बढ़-चढ़कर पिछले कई सालों से हिस्सा ले रहे हैं। यही कारण है कि वार्ड पार्षदों के बीच भी इनकी एक अलग पहचान है।

**13 मार्च को होगा शपथ ग्रहण समारोह**

13 मार्च को हजारीबाग नगर निगम के महापौर, उप महापौर और वार्ड पार्षद शपथ ग्रहण करेंगे। अरविंद कुमार राणा हजारीबाग नगर निगम के महापौर निर्वाचित हुए हैं। 36 वार्ड पार्षद भी चुन लिए गए हैं। उप महापौर को वार्ड पार्षद आपस में मतदान प्रक्रिया के जरिए चुनेंगे। यह प्रक्रिया गोपनीय रहेगी। इसे लेकर हजारीबाग जिला प्रशासन ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। नामांकन प्रक्रिया से लेकर मतगणना तक का काम 13 मार्च को ही संपन्न हो जाएगा। इसके बाद सभी शपथ लेंगे। शपथ की तैयारी समरणालय भवन में किया गया है।

**विकास के लिए सभा पार्षदों का विश्वास जीतना जरूरीः अरविंद राणा**

वहीं हजारीबाग के नवनियुक्त महापौर अरविंद राणा ने कहा कि यह बेहद खास दिन होगा जब शपथ लेंगे। इन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद से लेकर अब तक मन में नगर निगम क्षेत्र के विकास को लेकर कई तरह की बातें सामने आ रही थी। सभी पार्षदों का विश्वास जीतते हुए क्षेत्र का विकास किया जाएगा। जिससे आम जनता को लाभ मिलेगा। इन्होंने कहा कि हजारीबाग नगर निगम आदर्श नगर निगम बने इसके लिए प्रयास किया जाएगा। इस क्रम में आदित्य पांडेय, अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, हजारीबाग द्वारा समाहरणालय परिसर, हजारीबाग के 200 मीटर की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। यह निषेधाज्ञा 13 मार्च 2026 को पूर्वाह्न 8:00 बजे से शपथ ग्रहण एवं उपमहापौर के निर्वाचन की समाप्ति तक प्रभावी रहेगी।

# असिस्टेंट प्रोफेसरों की वेतन वृद्धि की प्रक्रिया शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। रांची विश्वविद्यालय समेत झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों में कार्यरत 2008 बैच के असिस्टेंट प्रोफेसरों के वेतन वृद्धि को लेकर सकारात्मक खबर सामने आई है। लंबे समय से लंबित इस मामले में अब विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रक्रिया आगे बढ़ाते हुए संबंधित शिक्षकों से उनकी विस्तृत सेवा जानकारी मांगी है।

विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से 2008 बैच के सभी असिस्टेंट प्रोफेसरों को निर्देश दिया गया है कि वे निर्धारित प्रारूप में अपनी पूरी जानकारी उपलब्ध कराएं। इसके लिए 16 मार्च तक आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तय की गई है। जानकारी के अनुसार शिक्षकों से प्राप्त आवेदन और दस्तावेजों को संकलित कर झारखंड लोक सेवा आयोग (JPSC) को भेजा जाएगा। आयोग से स्वीकृति मिलने के बाद ही इन शिक्षकों को वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकेगा। लंबे समय से वेतन

**वृद्धि का शिक्षकों को इंतजार**

राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में बड़ी संख्या में 2008 बैच के असिस्टेंट प्रोफेसर कार्यरत हैं, जो लंबे समय से वेतन विसंगति और वेतन वृद्धि को लेकर निर्णय का इंतजार कर रहे थे। इस संबंध में कई बार शिक्षक संगठनों ने भी आवाज उठाई थी। अब विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जानकारी मांगे जाने के बाद शिक्षकों को उम्मीद जगी है कि उनकी लंबित मांगों पर जल्द निर्णय हो सकता है।

**शिक्षकों में एक बार फिर जगी उम्मीद**

शिक्षक संगठनों का कहना है कि यह प्रक्रिया काफी पहले पूरी हो जानी चाहिए थी। यदि समय पर आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर ली जाती तो शिक्षकों को वेतन वृद्धि का लाभ पहले ही मिल सकता था। फिर भी अब इस दिशा में पहल होने से शिक्षकों में उम्मीद जगी है।

इस संबंध में फुटाज झारखंड के महासचिव डॉ. राजकुमार ने कहा, "2008 बैच के असिस्टेंट प्रोफेसरों का मामला काफी समय से लंबित था। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अब जानकारी मांगी गई है। यह सकारात्मक कदम है। उम्मीद है कि सभी विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द से जल्द शिक्षकों से आवेदन लेकर उसे जेपीएससी को भेजेगा, ताकि शिक्षकों को उनका वैधानिक लाभ मिल सके।"

उन्होंने यह भी कहा कि यदि प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी की जाती है तो राज्य के सैकड़ों शिक्षकों को वेतन वृद्धि का लाभ मिल पाएगा। फिलहाल विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 16 मार्च तक आवेदन जमा कराने की प्रक्रिया चल रही है और उसके बाद आगे की कार्रवाई जेपीएससी के स्तर पर की जाएगी।

# रांची में बढ़ रहे डॉग बाइट के मामले, स्ट्रीट डॉग की नसबंदी और टीकाकरण अभियान तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। राजधानी रांची में इन दिनों डॉग बाइट के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। शहर के अलग-अलग इलाकों से आवारा कुत्तों के काटने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इस स्थिति को देखते हुए रांची नगर निगम ने स्ट्रीट डॉग की संख्या नियंत्रित करने और रेबीज जैसी खतरनाक बीमारी की रोकथाम के लिए नसबंदी और टीकाकरण अभियान तेज कर दिया है।

प्रशासक के निर्देशानुसार रांची नगर निगम द्वारा एनजीओ डब्ल्यूवीएस होप एंड एनिमल संस्था के सहयोग से शहर में स्ट्रीट डॉग की नसबंदी और टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण करना और रेबीज जैसी गंभीर बीमारी से लोगों को सुरक्षित रखना है।

नगर निगम की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार 1 जनवरी 2026 से 10 मार्च 2026 तक अभियान के तहत कुल 439 स्ट्रीट डॉग को पकड़ा गया। इनमें से 306 कुत्तों की नसबंदी की गई, जबकि 685 कुत्तों का टीकाकरण किया गया। निगम का कहना है कि शहर में डॉग बाइट की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए इस अभियान को और तेज किया गया है। रांची नगर निगम की स्वास्थ्य शाखा द्वारा उपलब्ध कराए गए रोस्टर के अनुसार शहर के सभी 53 वार्डों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा सरकारी अस्पतालों, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थानों के आसपास भी विशेष अभियान नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा स्ट्रीट डॉग को पकड़कर उनकी नसबंदी और टीकाकरण किया जा सके।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ने से डॉग बाइट के मामलों में भी वृद्धि होती है। ऐसे में नसबंदी और टीकाकरण ही इस समस्या का सबसे प्रभावी समाधान माना जाता है। नगर निगम का दावा है कि अभियान के जरिए धीरे-धीरे स्ट्रीट डॉग की संख्या को नियंत्रित किया जाएगा और रेबीज के खतरे को कम किया जा सकेगा।

नगर निगम ने शहरवासियों से भी सहयोग की अपील की है कि यदि किसी इलाके में स्ट्रीट डॉग से जुड़ी समस्या या डॉग बाइट की घटना सामने आती है, तो इसकी सूचना नगर निगम के टोल फ्री नंबर 1800-570-1235 पर दी जा सकती है।

# खादी महोत्सव से संथाल में रोजगार की आस, धागा बुनने से लेकर कपड़े बनाने के तक की होगी ट्रेनिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर**। शहर के पुराने बस स्टैंड परिसर में इन दिनों खादी ग्रामोद्योग आयोग की ओर से आयोजित खादी महोत्सव लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन गया है। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य संथाल परगना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को खादी उद्योग से जोड़कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। मेले में खादी से बने विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी के साथ-साथ लोगों को इसके उपयोग और इससे मिलने वाली रोजगार संभावनाओं की जानकारी भी दी जा रही है।

**गरीबी-बेरोजगारी से जूझते संथाल परगना में खादी को बढ़ावा**

संथाल परगना क्षेत्र में आज भी गरीबी और बेरोजगारी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य खादी बोर्ड की ओर से देवघर में इस महोत्सव का आयोजन किया गया है। आयोजकों का कहना है कि खादी उद्योग ग्रामीण




अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का एक प्रभावी माध्यम साबित हो सकता है। प्रदर्शनी में खादी के कपड़े, हस्तशिल्प उत्पाद, सिलाई-कढ़ाई से तैयार परिधान और अन्य ग्रामीण उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है, जिन्हें देखने और खरीदने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

मेले में अपनी दुकान लगाए मनोज शर्मा ने बताया कि खादी आज के दौर में ग्रामीण लोगों के लिए रोजगार का बड़ा साधन बन चुकी है। उन्होंने कहा कि देवघर और दुमका सहित संथाल क्षेत्र के कई स्थानों पर ऐसे केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जहां महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई और खादी से जुड़े अन्य कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाता है। इन केंद्रों के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

**युवाओं की बदलती पसंद, खादी के लिए चुनौती**

वर्षों से खादी के कारोबार से जुड़े शत्रुघ्न झा का मानना है कि खादी उद्योग में देश के बड़े हिस्से को रोजगार देने की क्षमता है। हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि आज के युवा अधिक डिजाइनदार और रंगीन कपड़ों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। खादी के अधिकांश कपड़े साधारण डिजाइन के होते हैं, जिसके कारण युवाओं का झुकाव इसकी ओर कम दिखाई देता है। उनका सुझाव है कि यदि बुनकरों और कारीगरों को आधुनिक डिजाइनिंग की विशेष ट्रेनिंग दी जाए तो खादी उत्पादों की मांग में काफी बढ़ोतरी हो सकती है।

खादी महोत्सव का आकर्षण केवल आम लोगों तक सीमित नहीं रहा। जिले के कई प्रशासनिक अधिकारियों ने भी मेले का दौरा किया और खादी उत्पाद खरीदे। इस दौरान एसडीएम रवि कुमार, अपर समाहर्ता हीरा कुमार और एनडीसी शैलेश कुमार सहित कई अधिकारियों ने स्टॉलों का निरीक्षण किया और खादी के महत्व को रेखांकित किया। अधिकारियों ने कहा कि खादी भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान रही है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय यह देशभक्ति और स्वावलंबन का प्रतीक बनी थी। आज एक बार फिर खादी का महत्व बढ़ रहा है, क्योंकि यह न केवल आरामदायक कपड़ा है बल्कि भारतीयता की पहचान भी है।

राज्य खादी बोर्ड के निदेशक मांगेराम ने बताया कि केंद्र सरकार की योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ही रोजगार के अवसर पैदा करना है, ताकि लोगों को काम की तलाश में शहरों की ओर पलायन न करना पड़े। उन्होंने कहा कि संथाल परगना के दुमका, गोड्डा, देवघर, पाकुड़, साहेबगंज और जामताड़ा जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और युवाओं को खादी उद्योग से जोड़ने के लिए मशीनें और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही धागा निर्माण से लेकर तैयार उत्पाद को बाजार तक पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया भी बताई जा रही है।

# बिहार महिला कबड्डी लीग का धमाकेदार आगाज, मगध वॉरियर्स की जीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना**। राजधानी पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर स्थित इंडोर स्टेडियम में बुधवार को दूसरे बिहार महिला कबड्डी लीग 2026 का शानदार और उत्साहपूर्ण आगाज हुआ। 11 से 17 मार्च तक चलने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का उद्घाटन बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ट्रॉफी का अनावरण कर किया, जबकि खेल मंत्री श्रेयसी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। उद्घाटन समारोह के साथ ही मैदान पर जोश, संघर्ष और प्रतिभा का अद्भुत संगम देखने को मिला। टूर्नामेंट के पहले दिन कुल पांच मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। दिन के पहले मुकाबले में मगध वॉरियर्स ने सिवान टाइटन्स को 49-22 के बड़े अंतर से हराकर अपनी ताकत का जोरदार परिचय




दिया। दूसरे मुकाबले में सारण स्ट्राइकर्स ने सीतामढ़ी सेंटिनल्स को 24-17 से पराजित किया। तीसरे मैच में नालंदा निंजास और पटना पेलिकन्स के बीच रोमांचक संघर्ष देखने को मिला, जहां नालंदा निंजास ने शानदार खेल दिखाते हुए 20-15 से जीत दर्ज की। चौथे मुकाबले में सिवान टाइटन्स ने कड़ा संघर्ष करते हुए सारण स्ट्राइकर्स को 29-26 से हराया। दिन के अंतिम मुकाबले में मगध वॉरियर्स ने एक बार फिर अपना दम दिखाते हुए पटना पेलिकन्स को 50-18 के बड़े अंतर से पराजित कर लगातार दूसरी जीत हासिल की और प्रतियोगिता में अपना दबदबा कायम किया। इस अवसर पर खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि सरकार खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, संसाधन और प्रतियोगिताओं का मंच देने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि बिहार के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा सकें। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में ओलंपिक दल में बिहार के खिलाड़ियों की संख्या और अधिक होगी। वहीं उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि कबड्डी बिहार की मिट्टी से जुड़ा पारंपरिक खेल है, जिसे सीमित संसाधनों में भी खेला जा सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे आयोजन राज्य में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा देंगे और युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का बड़ा अवसर प्रदान करेंगे। उत्साह, संघर्ष और खेल भावना से भरे पहले दिन ने यह संकेत दे दिया है कि इस बार की बिहार महिला कबड्डी लीग दर्शकों को रोमांच और प्रतिभा का यादगार संगम देने वाली है।

# देव छठ पूजा हो टैक्स फ्री : उप मुख्य पार्षद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के देव नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद गोलू कुमार द्वारा डीएम अभिलाषा शर्मा को एक पत्र लिखा गया है। पत्र के माध्यम से उन्होंने छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं से वसूले जाने वाले टैक्स को बंद करने की मांग की है। लोक आस्था के महापर्व छठ के लिए विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल देव में श्रद्धालुओं की सुविधाओं और उनकी गरिमा को ध्यान में रखते हुए एक बड़ी मांग उठाई गई है। नगर पंचायत देव के उप मुख्य पार्षद गोलू कुमार ने जिला पदाधिकारी को पत्र लिखकर देव छठ पूजा को पूरी तरह टैक्स फ्री करने का अनुरोध किया है। अपने पत्र में उप मुख्य पार्षद ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि पिछले कई वर्षों से छठ के दौरान श्रद्धालुओं से टैक्स की वसूली की जा रही है, जिसमें भारी धांधली देखने को मिलती है। बताया कि ठेकेदारों द्वारा नियमों की अनदेखी कर अवैध तरीके से वसूली की जाती है। दूसरे प्रदेशों से आने वाले श्रद्धालुओं से मनमाने ढंग से ज्यादा पैसे वसूले जाते हैं। इस प्रकार की अवैध वसूली से न केवल जिला प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है बल्कि देव की जनता और जनप्रतिनिधियों की भी बदनामी होती है। गोलू कुमार ने पत्र में इस बात पर जोर दिया कि देव छठ पूजा आपसी भाईचारा और सद्भाव का प्रतीक है। देश के कोने-कोने से श्रद्धालु यहां अटूट आस्था के साथ आते हैं। ऐसे में उन पर टैक्स का बोझ डालना और वसूली के नाम पर उनके साथ दुर्व्यवहार करना उचित नहीं है। उप मुख्य पार्षद ने स्पष्ट किया कि यह मांग देव के नागरिकों और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा के बाद की गई है। उन्होंन डीएम से आग्रह किया है कि लोक आस्था के इस महापर्व की पवित्रता बनाए रखने के लिए टैक्स वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए ताकि श्रद्धालु बिना किसी मानसिक या आर्थिक दबाव के पूजा संपन्न कर सकें

## नगरनौसा प्रखंड प्रमुख के खिलाफ लाया अविश्वास प्रस्ताव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)**। नगरनौसा प्रखंड प्रमुख के खिलाफ पंचायत समिति सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया। मृदुला कुमारी, संजय कुमार वर्मा, सुमंती देवी, शुशीला देवी आदि पंचायत समिति सदस्यों ने बीडीओ को प्रमुख पर लाये गए अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन दिया। अपने दिये आवेदन में पंचायत समिति सदस्यों ने कहा कि प्रखंड प्रमुख पंचायत राज अधिनियम 2006 का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। प्रखंड प्रमुख अपने कर्तव्यों का निर्वहन जान बूझकर सही से नहीं किया जा रहा है। प्रखंड प्रमुख



अपने शक्ति का दुरुपयोग कर रहे हैं साथ ही विकास राशि का सही वितरण नहीं कर रहे हैं। बीडीओ ओमप्रकाश कुमार ने बताया कि पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख पर अविश्वास प्रस्ताव के चर्चा को लेकर आवेदन दिया गया है।

# ट्राइसाइकिल से अब स्कूल जाएगी दिव्यांग छात्रा सोनी, डीएम ने बढ़ाया मदद का हाथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गोपालगंज**। जिले के भोरे प्रखंड के रामनगर गांव की 15 वर्षीय दिव्यांग छात्रा सोनी कुमारी की संघर्षभरी कहानी ने लोगों का दिल छू लिया है। पैर से दिव्यांग होने के बावजूद सोनी रोज करीब दो किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल जाती थी। लड़खड़ाते कदमों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद पढ़ाई के प्रति उसका जज्बा कभी कम नहीं हुआ। हाल ही में स्कूल जाते समय का उसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसके बाद उसकी मेहनत और हौसले की चर्चा हर ओर होने लगी। वीडियो सामने आने के बाद कई लोगों ने सोनी की मदद के लिए हाथ बढ़ाया। भाजपा विधायक मैथिली ठाकुर, अभिनेता सोनू सूद और कवि कुमार विश्वास समेत कई नामी हस्तियों ने छात्रा की सहायता करने की इच्छा जताई। मैथिली ठाकुर की पहल के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर समाहर्ता (एडीएम) अजय कुमार और जिला शिक्षा पदाधिकारी योगेश कुमार सोनी के गांव पहुंचे। उन्होंने सोनी को ट्राइसाइकिल प्रदान किया, ताकि अब उसे स्कूल जाने में कठिनाई का सामना न करना पड़े। ट्राइसाइकिल मिलने से सोनी और उसके परिवार में खुशी का माहौल है। सोनी ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल में पहली कक्षा की छात्रा है। उसके पिता नंदकिशोर राम का निधन करीब 16 वर्ष पहले टीबी की बीमारी से हो गया था। उस समय सोनी की उम्र मात्र एक वर्ष थी। पिता के निधन के बाद परिवार की पूरी जिम्मेदारी उसकी मां लाइची देवी पर आ गई। वह मजदूरी कर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करती हैं। कठिन परिस्थितियों और शारीरिक परेशानी के बावजूद सोनी ने अपनी पढ़ाई जारी रखी। रोजाना पैदल स्कूल जाने की उसकी जिद और लगन ने लोगों को भावुक कर दिया।

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. ओ-एसी-टी-150 से 151-25-26 (ओपन), दिनांक 11.03.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, केस सं.: ओ-एसी-टी-150-25-26; कार्य का नामः** एमडीपी में जिम, मनोरंजन कक्ष, भोजनालय, रसोईघर, शौचालय इत्यादि के साथ 25 बिस्तरों वाले नए आरपीएफ बैरक के निर्माण हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,11,58,089। **बयाना राशिः** रु. 2,05,800; **कार्य हेतु समापन अवधिः** 8 महीने। **क्रमांक 2, केस सं.: ओ-एसी-टी-151-25-26; कार्य का नामः** एसएसई/पी (वे)/ एमडीपी सेक्शन में ट्रैक की मरम्मत तथा रखरखाव हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 84,37,079.05। **बयाना राशिः** रु. 1,68,800; **कार्य हेतु समापन अवधिः** 6 महीने। **बंद होने की तारीख एवं समयः** 10.04.2026 को 12.00 बजे। परिपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। (ASN-389/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना सं. सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/25/70, दिनांक 10.03.2026;** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, चौथी मंजिल, रेल म्यूजियम के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत वीडियो वॉलों तथा ग्लोबॉल टावरों के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए संविदा प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। नीलामी सूचीपत्र **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। **सूचीपत्र सं.: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-70; नीलामी आरम्भ होने की तारीख एवं समयः** 25.03.2026 को दोपहर 12.00 बजे। **सिक्वेंस सं.; लॉट सं.; विवरण** निम्नलिखित हैं: **एए/1;** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-सीजीआर-ओएच-161-26-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); चंदन नगर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 3 वर्षों की अवधि के लिए 50:50 समय साझेदारी के आधार पर वाणिज्यिक विज्ञापनों के अवसर के साथ रेलवे की जानकारी के प्रदर्शन के लिए 4 अदद वीडियो वॉलों (एलईडी स्क्रीन) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन एवं रखरखाव के लिए संविदा प्रदान करना। **एए/2;** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एनडीएई-ओएच-157-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); नबद्वीप धाम रेलवे स्टेशन के अस्थाई बुकिंग कार्यालय के निकट सर्कुलेटिंग एरिया में 3 वर्षों की अवधि के लिए 50:50 समय/जगह की साझेदारी के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 1 अदद वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के अवसर के साथ रेलवे की जानकारी के प्रदर्शन हेतु अधिकार प्रदान करना। **एए/3;** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-केडब्ल्यूएई-ओएच-156-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); कटवा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 3 वर्षों की अवधि के लिए 50:50 समय/ जगह की साझेदारी के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 1 अदद वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के अवसर के साथ रेलवे की जानकारी के प्रदर्शन हेतु अधिकार प्रदान करना। **एए/4;** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-डीकेएई-ओएच-160-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); डानकुनी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 3 वर्षों की अवधि के लिए 50:50 समय/जगह साझेदारी के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 1 अदद वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से रेलवे की जानकारी तथा वाणिज्यिक विज्ञापन के संचालन, रखरखाव तथा प्रदर्शन के लिए संविदा प्रदान करना। **एए/5;** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएच-142-26-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); हावड़ा रेलवे स्टेशन में स्मारक ध्वज क्षेत्र के सामने 3 वर्षों की अवधि के लिए 4 ग्लोबॉल टावरों की स्थापना एवं रखरखाव के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन के लिए संविदा प्रदान करना। (HWH-685/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/747, दिनांक 11.03.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित विद्युतीय कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3537-आर; कार्य का नामः** एईएन/एनडीएई के अधीन रेलवे के रिलिविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट सं. 17/ए/टी के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 9,25,614/-। **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 18,500/-। **क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3507-आर; कार्य का नामः** एईएन/बीएचपी के अधिकार क्षेत्र के अधीन एनआरएक्स, बीडीएच, बीएचपी एवं एमएलवी में गैंट हटों के निर्माण के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 9,58,169/-। **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 19,200/-। **क्रमांक 3, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3514; कार्य का नामः** डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच के अधिकार क्षेत्र के अधीन एनईएन/बीएचपी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/बीएचपी के अधिकार क्षेत्र में संलग्न शौचालय के साथ महिला परिधान बदलाव कक्ष के प्रावधान के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 8,19,394/-। **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 16,400/-। **क्रमांक 4, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3595; कार्य का नामः** हावड़ा मंडल के अधीन एजीएई, डीएचएई, जीजीएलई, एसएएलई, बीएसएई, टीबीएई, केएमएई, जीपीएई, बीजीआरए, डीटीएई, एसएमएई, पीएसएई, पीटीएई, बीजीएई, बीजेडएलई, सीडब्ल्यूएलई, एसडीआई, मोरग्राम, बीएए, टीपीएफ, एनएचटी, एमआरआर, एनजीएफ, जीएमएएन स्टेशनों प्रतीक्षालय तथा शौचालय परिसर तथा सर्कुलेटिंग एरिया के सुधार के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 1,55,15,880/-। **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 2,27,600/-। **क्रमांक 5, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3554; कार्य का नामः** सीनि. डीईएन/3/एचडब्ल्यूएच के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/केडब्ल्यूएई एवं एईएन/एनडीएई अनुभाग के अधीन सभी महिला कर्मियों के सुविधार्थ संलग्न शौचालय के साथ महिला परिधान बदलाव कक्ष के निर्माण के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 24,11,708/-। **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 48,200/-। **क्रमांक 6, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3597; कार्य का नामः** हावड़ा पुराने स्टेशन परिसर में द्वितीय श्रेणी तथा प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय के लिए दो अदद ओटिस निर्मित पैनोरैमिक ग्लास वॉल टाइप यात्री लिफ्ट (एम/सी सं.- 52केवाई 5837 तथा एम/सी सं. - 52केवाई 5838) का 36 महीने के लिए व्यापक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्यः** रु. 17,42,105/-। **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 34,900/-। **क्रमांक 7, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3508-आर1; कार्य का नामः** हावड़ा ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल के इनडोर ब्लॉक तथा इमरजेंसी ब्लॉक में दो अदद यात्री-सह-बेड लिफ्ट (निर्माता थाइसेनकरुप एलीवेटर) का 60 महीने के लिए व्यापक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्यः** रु. 21,66,055/-। **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 43,300/-। **समापन अवधिः** 180 दिन (क्रमांक 1 से 5 के लिए), 36 महीने (क्रमांक 6 के लिए) तथा 60 महीने (क्रमांक 7 के लिए)। **बंद होने की तारीख एवं समयः** सभी के लिए 02.04.2026 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत किसी भी सुविधाजनक दिवस को ऑनलाइन निविदाएं खोली जाएंगी। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। (HWH-686/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बिहार में फिर गरमाया सियासी पारा



⇨नए मुख्यमंत्री को लेकर कयास शुरू
⇨निशांत कुमार की भूमिका पर भी चर्चा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद बिहार की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। राजनीतिक गलियारों में उनके मुख्यमंत्री पद छोड़ने की अटकलें भी तेज हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार नीतीश कुमार 8 या 9 अप्रैल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं। हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। राज्यसभा जाने की खबर के बाद सियासी चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। सत्ता और विपक्ष दोनों इस घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं।राजनीतिक सूत्रों के अनुसार यदि नीतीश कुमार इस्तीफा देते हैं तो राज्य में नए मुख्यमंत्री के चयन की प्रक्रिया शुरू होगी। कहा जा रहा है कि 16 मार्च के बाद इस पर औपचारिक चर्चा तेज हो सकती है। गठबंधन के भीतर नेतृत्व को लेकर कई नामों पर मंथन की संभावना जताई जा रही है। हालांकि अब तक किसी नाम की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले दिनों में स्थिति स्पष्ट होगी। फिलहाल यह मामला अटकलों और चर्चाओं का विषय बना हुआ है।

इन अटकलों के बीच मुख्यमंत्री के पुत्र निशांत कुमार का नाम भी चर्चा में है। हाल के दिनों में उनकी राजनीतिक सक्रियता बढ़ी है। वे लगातार पार्टी नेताओं और कार्यकताओं से मुलाकात कर रहे हैं। इसी वजह से उनके भविष्य की भूमिका को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं।

कुछ राजनीतिक सूत्रों का कहना है कि उन्हें बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। हालांकि पार्टी की ओर से इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

यदि नेतृत्व में बदलाव होता है तो गठबंधन के भीतर मंत्रालयों के बंटवारे पर भी चर्चा हो सकती है। खासकर गृह मंत्रालय को लेकर भाजपा की भूमिका अहम मानी जा रही है।

हालांकि इन सभी मुद्दों पर अभी आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। गठबंधन के नेता फिलहाल इस विषय पर चुप्पी साधे हुए हैं।

राजनीतिक हलकों में इसे बड़े बदलाव की संभावना से जोड़ा जा रहा है। आने वाले दिनों में स्थिति और स्पष्ट होने की उम्मीद है।

नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की खबर ने बिहार की राजनीति को गरमा दिया है। सत्ता और विपक्ष दोनों ही इस घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं।

कई नेताओं का मानना है कि यह राज्य की राजनीति में बड़ा बदलाव ला सकता है। वहीं कुछ लोग इसे सिर्फ राजनीतिक अटकलें मान रहे हैं। जब तक आधिकारिक घोषणा नहीं होती, तब तक स्थिति साफ नहीं होगी।

# कम्बोडिया में फंसे युवकों की परिजनों ने सरकार से लगायी गुहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बक्सर। रोजगार की तलाश में कंबोडिया गए कोरान सराय के युवक गोविंद सिंह सहित चार भारतीय युवक वहां फंस गए हैं। पिछले करीब 25 दिनों से उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है और कभी कभार सिर्फ पांच छह लाख रुपये देने के लिए वॉइस मैसेज आ रहा है, इससे परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।स्वजनों को आशंका है कि युवकों को वहां साइबर ठगी से जुड़े गिरोह में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा था, विरोध करने पर पासपोर्ट जब्त कर लिया गया और उन्हें बंद कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, कोरान सराय थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव निवासी सुखदेव सिंह के पुत्र गोविंद सिंह तीन जनवरी 2026 को रोजगार के झांसे में कंबोडिया पहुंचे थे। उनके साथ कड़सर गांव निवासी कृष्णानंद चौधरी के पुत्र विनोद कुमार चौधरी भी गया था।

जिले के तीयर थाना क्षेत्र के मनुडिहरी गांव निवासी हृदयानंद राम के पुत्र मरजीत कुमार और अगियांव क्षेत्र के खननी कलां निवासी रविंद्र राम के पुत्र मनीष कुमार जो रिश्ते में जीजा-साला है, भी 29 जनवरी को कंबोडिया पहुंचे थे।

गोविंदा के स्वजनों का कहना है कि महाराष्ट्र के संतोष चौपगार उर्फ लक्की नामक दलाल ने पहले मनीष को झांसे में लिया और फिर सभी युवकों को होटल में फूड पैकिंग की नौकरी दिलाने और भारतीय मूल्य के अनुसार 75-80 हजार रुपये वेतन मिलने का झांसा देकर विदेश भेजा था, लेकिन वहां पहुंचने के बाद युवकों पर साइबर ठगी से जुड़े काम करने का दबाव बनाया जाने लगा। जब उन्होंने इंकार किया तो उनका पासपोर्ट और अन्य कागजात जब्त कर लिए गए। गोविंद के भाई ने बताया कि 19 फरवरी को एक पाकिस्तानी नंबर से युवक का फोन आया था। फोन पर बताया कि गोविंद अपने साथियों के साथ वहां के सिम रैप जेल में बंद है। पहले दो लाख रुपये की मांग की गई थी, लेकिन बाद में यह रकम बढ़ाकर अब छह लाख रुपये कर दी गई। गोविंद की मां विमला देवी और पत्नी निभा कुमारी सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के लोग सरकार और प्रशासन से हस्तक्षेप कर गोविंद सहित सभी युवकों की सुरक्षित वापसी की मांग कर रहे हैं। परिजनों ने बताया कि महाराष्ट्र के संतोष चौपगार उर्फ लक्की नामक दलाल ने युवकों को होटल में वेटर की नौकरी दिलाने का भरोसा दिया था। अच्छी तनख्वाह और बेहतर काम का झांसा देकर युवकों को टूरिस्ट वीजा देकर कंबोडिया भेज दिया गया, लेकिन वहां पहुंचने के बाद स्थिति पूरी तरह अलग निकली और उन्हें अवैध साइबर ठगी के काम में लगाने की कोशिश की गई। कोरान सराय के ही राजेश कुमार और आकाश कुमार भी फूड पैकिंग के नाम पर कंबोडिया पहुंचे थे। वहां हालात खराब देखकर दोनों युवकों ने अपने घर से 17-17 हजार रुपये मंगाकर दलालों को दिए और किसी तरह वापस अपने गांव लौट आए। गांव लौटने के बाद उन्होंने वहां फंसे अन्य युवकों की स्थिति के बारे में जानकारी दी तो परिवार के लोगों के होश उड़ गए। स्वजनों के अनुसार कंबोडिया में फंसे चारों युवकों ने 19 फरवरी को भारत लौटने के लिए मुंबई का हवाई टिकट भी बुक कराया था, लेकिन इससे पहले ही वहां की पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। इसके बाद से ही उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है, जिससे परिवार की चिंता और बढ़ गई है।इस मामले की गंभीरता को देखते हुए बक्सर के सांसद और आरा के सांसद ने विदेश मंत्री को पत्र लिखकर फंसे युवकों को जल्द सुरक्षित भारत वापस लाने की मांग की है।

# बनिया पंचायत में महीनों से पेयजल की घोर किल्लत

## जिला पदाधिकारी को लिखा पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिला पदाधिकारी औरंगाबाद एवं कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग औरंगाबाद को आवेदन पत्र ईमेल कर मदनपुर प्रखंड अंतर्गत बनिया पंचायत के वार्ड नंबर १४ बनिया पासवान टोला के लोगो को नल जल योजना से पानी लगभग पांच माह से बंद रहने के कारण लोगों को पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। बनिया वार्ड नंबर १४ पासवान टोला के लिए विभाग से नया नल जल योजना लगाने का टेंडर हुआ है।

इस कार्य को कराने के लिए मेसर्स आर्यन कंस्ट्रक्शन कंपनी को यह महादलित टोला में नया नल जल योजना लगाने के लिए विभाग से स्वीकृति मिली है। संवेदक द्वारा सड़क के किनारे गढा खोद कर पाईप बिछा कर छोड़ दिया गया है, गढा भी नहीं भरा गया है जिसके कारण प्रति दिन लोग गढ़े में गिर कर घायल हो गए हैं संवेदक के द्वारा कभी तक पेयजल आपूर्ति करवाने हेतु बोरींग नहीं करवाई गई है और काम बन्द कर दिया गया है।

बनिया पासवान टोला के लोगो को गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गई है। लोगों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

पूर्व में मैं इस संबंध में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग औरंगाबाद के पदाधिकारियों को अवगत करवा चूका हूं फिर भी संवेदक द्वारा कार्य नहीं कराया जा रहा है। मैं जिला पदाधिकारी औरंगाबाद एवं कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग औरंगाबाद से मांग करता हूं कि अविलंब मदनपुर प्रखंड अंतर्गत बनिया पंचायत के बनिया पासवान टोला में नया नल जल जीवन लगवाकर शुद्ध पेयजल आपूर्ति करवाने का कष्ट करेंगे। उक्त जानकारी पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि बनिया, मदनपुर ने दी।

# आलू भरी गाड़ी से भारी मात्रा में शराब बरामद

## दो तस्कर धराये, एक फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** स्थानीय थाना पुलिस ने सकसोहरा-बेनार मार्ग पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिंद के समीप एक पिकअप गाड़ी से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने चालक समेत दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक तस्कर गाड़ी से कूदकर फरार होने में सफल रहा।

गिरफ्तार तस्करों की पहचान नगरनौसा थाना क्षेत्र के मड़वा गांव निवासी संजय यादव के पुत्र अमरजीत कुमार और वेना थाना क्षेत्र के देहलीचक गांव निवासी सुरेश यादव के पुत्र जयराम कुमार के रूप में हुई है। पुलिस फरार तस्कर की पहचान करने और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की पिकअप गाड़ी के जरिए सकसोहरा-बेनार मार्ग से अवैध शराब की बड़ी खेप ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई और मार्ग पर वाहनों की




सघन जांच शुरू कर दी गई।

जांच के दौरान पुलिस ने संदिग्ध पिकअप गाड़ी को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी में पाया गया कि गाड़ी के ऊपर आलू लदे हुए थे, जबकि उसके नीचे चालाकी से अंग्रेजी शराब के कार्टून छिपाकर रखे गए थे। जब पुलिस ने आलू की बोरियों को हटाकर जांच की तो नीचे से शराब के कार्टून बरामद हुए। तलाशी के दौरान कुल 64 कार्टून में 753 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा लगभग 564.75 लीटर बताई जा रही है। बरामद शराब में सिग्नेचर, बोकार्डी, मैजिक मोमेंट और रॉयल स्टैग जैसे ब्रांड शामिल हैं। सभी बोतलों पर फोर सेल इन हरियाणा लिखा हुआ पाया गया है, जिससे स्पष्ट है कि शराब हरियाणा से लाई गई थी। पुलिस ने मौके से पिकअप वाहन को जब्त कर लिया है और गिरफ्तार दोनों तस्करों से पूछताछ की जा रही है।

प्रारंभिक पूछताछ में यह जानकारी मिली है कि शराब की खेप हरियाणा से लाई गई थी। हालांकि इसे जिले में किस जगह पहुंचाया जाना था और इस धंधे में और कौन-कौन लोग शामिल हैं, इसका खुलासा पूछताछ के बाद ही हो पाएगा।

थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में वाहन मालिक, चालक समेत चार लोगों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। साथ ही फरार तस्कर की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने कहा अवैध शराब तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और इस तरह के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# शैक्षणिक परिभ्रमण पर छात्र-शिक्षक वैशाली रवाना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रसूलपुर।** थाना क्षेत्र की असहनी पंचायत स्थित रामनंदन उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राएं मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के अंतर्गत शिक्षकों के वैशाली गये। वरिष्ठ शिक्षक आसिफ इकबाल ने हरी झंडी दिखा टीम को रवाना किया।परिभ्रमण टीम को दिये संदेश में प्रधानाध्यापक लाल बाबू यादव ने कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण शिक्षा हासिल करने का ही एक अंग है। इससे छात्राओं को मानसिक विकास होता है साथ ही ऐतिहासिक और तकनीकी ज्ञान से छात्र अवगत होते है।यही कारण है कि सरकार समय समय पर शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए सुविधा प्रदान करती है। वैशाली में भगवान बुद्ध के स्तूप, अशोक स्तंभ तथा महावीर मंदिर का भ्रमण कर राज्य की सांस्कृतिक एवं इतिहास को जान और समझेंगे। परिभ्रमण यात्रा में छात्र छात्राओं के साथ शिक्षक हर्षवर्धन यादव,प्रशांत कुमार, दीपक कुमार,राजेश प्रसाद, पूर्णिमा सिंह, कामिनी सिंह, सामर्थ्य कुमार,मनोज सिंह, उदय शंकर प्रसाद महतो,शिव कुमार यादव आदि शिक्षक व विद्यालय कर्मी उपस्थित थे।

# 8 वां अखिल भारतीय तिब्बत समर्थन समूह सम्मेलन संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के टीपा के सभा भवन में डॉ आनंद कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारत तिब्बत मैत्री संघ,सुरेंद्र कुमार,और बिहार के अध्यक्ष हरेंद्र कुमार के संयोजन में बिहार के 20 साथियों ने सम्मेलन में भाग लेकर तिब्बत की संपूर्ण आजादी का समर्थन किया। हरेंद्र कुमार ने कहा कि भारत की सीमा तिब्बत के साथ मिला हुआ है,चीन की विस्तार वादी नीतियों के कारण तिब्बत चीन के अनधिकृत कब्जे में है,जिससे भारत को अपनी सुरक्षा में काफी खर्च करना पड़ रहा है, जिससे उसका विकास बाधित हो रहा है ओर,उन्होंने कहा कि तिब्बत की आजादी में ही भारत की सुरक्षा निहित है,उन्होंने तिब्बत की आजादी के लिए भारत के सभी जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखने पर बल दिया। सम्मेलन का उद्घाटन निर्वासित तिब्बत के प्रधान मंत्री पनपा टीशरिंग, मुख्य अतिथि रक्षा



मंत्री डोलना क्यारी,विषय प्रवेश आरके खुरमे और संचालन पंकज गोयल ने किया। इस अवसर पर पर किसान नेता ब्रजेश शर्मा, मनोज, बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्र भूषण, भारत तिब्बत मैत्री संघ के प्रो अरुण कुमार सिंह,अभिषेक कुमार,शशि रंजन,श्याम विनय कुमार, विकास नारायण उपाध्याय के अलावा 32 देशों के प्रतिनिधि और पूरे देश के करीब 500 प्रतिनिधियों ने भाग लेकर तिब्बत की आजादी का समर्थन किया।

सम्मेलन में 14 वें दलाई लामा की लंबी उम्र की कामना करते हुए इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि दलाई लामा के जीवन काल में ही तिब्बत की आजादी मिलनी तय है। सम्मेलन में चीन की सरकार से यह निवेदन किया गया कि वे फिर से तिब्बत की सरकार से बात शुरू करे। अपने देश के पाठ्यक्रम में हिमालय, मानसरोवर के बारे में पढ़ाया जाय।

## 20 मार्च तक भू लगान जमा करने का आदेश

**सहरसा।** अंचल क्षेत्र के सभी रैयतों को बकाया भू-लगान आगामी 20 मार्च तक हर हाल में जमा करना होगा। इसको लेकर अंचल प्रशासन के द्वारा आदेश जारी किया गया है। निर्धारित तिथि के अनुसार, बकाया भू-लगान जमा नहीं करने वालों की आगे परेशानी बढ़ सकती है। वैसे रैयतों को सरकारी योजनाओं के लाभ से अस्थायी रूप से वंचित होना पड़ सकता है। जारी आदेश में कहा है कि बनमा ईटहरी अंचल क्षेत्र में कुल लगभग 37 हजार जमाबंदी दर्ज है। इसके अनुपात में लगान वसूली की स्थिति संतोषजनक नहीं है, जबकि लगान भुगतान राजस्व व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इससे सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनी रहती है। उन्होंने रैयतों से अपील करते हुए कहा है कि आगामी 20 मार्च तक हर हाल में अपनी-अपनी जमीन के बकाया लगान की राशि को जमा कर दें। वहीं, स्पष्ट रूप से कहा है कि निर्धारित तिथि तक बकाया लगान की राशि जमा नहीं करने वाले रैयतों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ से अस्थायी रूप से वंचित किया जा सकता है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ ही त्रिजाम महाअष्टयाम नाम संकीर्तन शुरू



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत जाखर धरमपुर पंचायत के महावीर मंदिर जाखर के प्रांगण में महावीर जी की 13 वां स्थापना दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय त्रिजाम महाअष्टयाम नाम संकीर्तन भव्य शोभा कलश यात्रा के साथ ही गुरुवार को प्रारंभ हुआ।

इस अवसर पर 121 कुंवारी कन्याओं एवं महिलाओं के द्वारा करेह नदी के जाखर घाट पर पवित्र जल भरने के बाद जाखर, बिशनपुर ,धर्मपुर एवं जंदाहा गांव की गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण कर करते हुए विद्वान पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ही कलश को महावीर मंदिर के प्रांगण में बने मंडप में स्थापित किया गया।

इसके बाद कीर्तन मंडलियों के द्वारा श्री राम जय राम जय जय राम महामंत्र की नाम संकीर्तन प्रारंभ किया गया। नाम संकीर्तन प्रारंभ होते ही जाखड़ गांव एवं आसपास की इलाके बातावरण भक्ति मय बना हुआ है।

त्रिजाम महा अष्टयाम नवयुवक संघ के द्वारा बताया गया कि 12 वर्षों पूर्व से प्रत्येक वर्ष महा अष्टयाम का आयोजन ग्रामीणों के द्वारा धूमधाम से किया जाता है। श्रद्धा और विश्वास के साथ महावीर जी की पूजा अर्चना किए जाने से गांव में सुख शांति समृद्धि बनी रहती है और लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

मौके पर पंकज राय, फूल बाबू राय, प्रमोद राय, दीपक राय ,अखिलेश्वर राय ,रजनीकांत राय शिक्षक, राजेश राय मुन्ना कुमार सहित अन्य ग्रामीणों की काफी सराहनीय सहयोग क्या जा रहा है।

# घरेलू गैस की किल्लत ने जन जीवन किया अस्त-व्यस्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जहानाबाद।** अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर अब जहानाबाद जिले में भी देखने को मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण गैस आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई है, जिससे खासकर व्यवसायिक उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हालांकि राहत की बात यह है कि फिलहाल घरेलू उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की आपूर्ति पहले की तरह ही जारी है। जानकारी के अनुसार जिले में विभिन्न कंपनियों के कुल 17 गैस एजेंसियां संचालित हैं। जिनके माध्यम से घरेलू और व्यवसायिक दोनों प्रकार के उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति की जाती है।

वर्तमान स्थिति में घरेलू उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग के बाद नंबर लगने पर घर तक सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है। लेकिन व्यवसायिक सिलेंडर की सप्लाई लगभग ठप हो गई है,जिससे होटल,ढाबा और रेस्टोरेंट संचालकों के सामने संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। शहर में संचालित इंडियन गैस एजेंसी के संचालक रविशंकर ने बताया कि व्यवसायिक गैस सिलेंडर की आपूर्ति फिलहाल ऊपर से ही बंद कर दी गई है। ऐसे में एजेंसियों के पास भी कोई विकल्प नहीं है और वे व्यवसायिक उपभोक्ताओं को सिलेंडर उपलब्ध कराने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि जैसे ही कंपनी स्तर से आपूर्ति बहाल होगी व्यवसायिक उपभोक्ताओं को भी गैस उपलब्ध कराई जाएगी।

इधर व्यवसायिक गैस आपूर्ति बंद होने का सीधा असर शहर के होटल और रेस्टोरेंट व्यवसाय पर पड़ रहा है। कई रेस्टोरेंट संचालकों को अपने मेनू में कटौती करनी पड़ रही है। शहर के एक रेस्टोरेंट संचालक कृष्ण गुप्ता ने बताया कि गैस की कमी के कारण कई व्यंजन फिलहाल बंद कर दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही स्थिति सामान्य नहीं हुई तो रेस्टोरेंट संचालन करना मुश्किल हो जाएगा। गैस की किल्लत को देखते हुए कुछ संचालक वैकल्पिक ईंधन जैसे लकड़ी, कोयला या अन्य साधनों की व्यवस्था करने पर विचार कर रहे हैं।

## जमीन विवाद में हिंसक झड़प, कई घायल

**बेलागंज।** थाना क्षेत्र के बतसपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पड़ोसियों के बीच बुधवार को जमकर मारपीट हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडे चलने लगे। इस घटना में दोनों पक्षों से कई लोग घायल हो गए।

घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए बेलागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां सभी का उपचार कराया गया। मारपीट की घटना के बाद गांव में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और लोग सहमे नजर आए।

इस संबंध में अपर थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बुधवार को शाम करीब 5 बजे बताया कि जमीनी विवाद को लेकर दो पड़ोसी पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई है। दोनों पक्षों की ओर से थाने में लिखित आवेदन दिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की है।

उन्होंने बताया कि आवेदन के आधार पर जांच की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रखंड प्रमुख के खिलाफ आया अविश्वास प्रस्ताव



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड प्रमुख के खिलाफ पंचायत समिति सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया। मृदुला कुमारी,संजय कुमार वर्मा,सुमंती देवी,शुशीला देवी आदि पंचायत समिति सदस्यों ने बीडीओ को प्रमुख पर लाये गए अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन दिया। अपने दिये आवेदन में पंचायत समिति सदस्यों ने कहा कि प्रखंड प्रमुख पंचायत राज अधिनियम 2006 का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। प्रखंड प्रमुख अपने कर्तव्यों का निर्वहन जान बूझकर सही से नहीं किया जा रहा है। प्रखंड प्रमुख अपने शक्ति का दुरुपयोग कर रहे हैं साथ ही विकास राशि का सही वितरण नहीं कर रहे हैं। बीडीओ ओमप्रकाश कुमार ने बताया कि पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख पर अविश्वास प्रस्ताव के चर्चा को लेकर आवेदन दिया गया है।

## गैस को ले पैंट्री सेवा प्रभावित

**आरा।** दानापुर रेल मंडल के अंतर्गत चलने वाली कई लंबी दूरी की ट्रेनों में इन दिनों पैंट्री सेवा प्रभावित हो रही है। यात्रियों को समय पर भोजन उपलब्ध कराने में पैंट्री कार कर्मियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि किचन बेस में एलपीजी गैस सिलेंडर की कमी इसके पीछे मुख्य कारण है। सिलेंडर की कमी के कारण भोजन को समय पर गर्म कर यात्रियों तक पहुंचाना चुनौती बन गया है। इससे कई ट्रेनों में यात्रियों को देर से भोजन मिल रहा है। यात्रियों को इससे असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे की लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रियों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए किचन बेस की व्यवस्था होती है। इन किचन बेस में पहले से बड़ी मात्रा में भोजन तैयार किया जाता है। फिर इसे निर्धारित स्टेशनों पर संबंधित ट्रेनों में चढ़ाया जाता है। ट्रेन में मौजूद पैंट्री कार कर्मचारी गैस और इलेक्ट्रिक उपकरणों की मदद से भोजन गर्म करते हैं। इसके बाद यात्रियों को ताजा और गर्म भोजन परोसा जाता है।

# गैस की किल्लत से हरे पेड़ों व झाड़ियों की कटाई में तेजी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** इन दिनों प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जंगलो में हरे पेड़ो व झाड़ियों कि कटाई तेज हो गई है। ऐसा तब ज्यादा होने लगी जब रसोई गैस कि मूल्य में इजाफा के साथ साथ गैस सलेंडर कि किल्लत होने लगी है।

वैसे गैस वितरक का दावा है कि क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी गैस उपभोक्ताओं को गैस कि कमी नही होने दिया जायगा।

बावजूद भी ग्रामीण क्षेत्र कि महिलाएं दिनों भर जंगल में जाकर लकड़ी को काटकर बोझा बनाकर उसे ढोकर घर लाती है और फिर उसे सप्ताहिक बाजार में लेकर बेच कर उससे प्राप्त पैसे से अपने घरों की जरूरतों को पूरा करती है।

यह हाल सर्वाधिक हेमजा भारत, बंगलापर, शेरपुर, शाहपुर, चैली, चपरी, रजोंध, मँझौली, नवाडीह, जमुनिया, प्रणादावर, बलुआ तरी, कोसम्हातरी, मधी क्लोंडी, लबनी, पड़रिया, रामरायचक, कारीगीधी, मोहनरिया बकड़झौली, एकम्बा, चौकिया,सिमरा तांड, कमार्तांड, पोखरिया कोल आदि गांव कि सर्वाधिक महिलाएं पास के जंगल में लगे पेड़ो कि बृहद पैमाने कटाई कर जंगल को वीरान सूनसान और मैदान जैसा बना दिया है।

अब पहाड़ के उस पार भी अब जाकर घने जंगलो को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। स्थानीय वन विभाग के अधिकारी जंगल कि कटाई रोकने को लेकर लगातार छापेमारी कर रही है। लेकिन सिरदला विभाग कार्यालय में कर्मी के घोर आभाव एवं दूर दूर में फैसे विभिन्न जंगल में एक साथ वन कर्मी नही पहुंचपाते हैं। जिसके कारण जंगलो कि अंधाधुन कटाई कर ग्रामीण महिला अपने आर्थिक सहयोग में जुटी है।

सिरदला वन पाल पदाधिकारी ने बताया कि जंगल कटाई को रोकने के लिये लगातार ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

वन कटाई करते महिलाओ से टाँगी भी जप्त कर उन्हें चेतावनी दी जा रही है। पर्याप्त संसाधन नही रहने पर वन विभाग लगातार रोकने कि कोशिश कर रही है।

# राज्य के प्रत्येक जिले में निर्यात हब विकसित करने की योजना : डॉ. दिलीप जायसवाल

## पटना में मेगा निर्यात कॉन्क्लेव, मुक्त व्यापार समझौतों और निर्यात संवर्धन मिशन पर हुई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार को वैश्विक बाजार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पटना के ताज सिटी सेंटर में मेगा निर्यात संवर्धन कार्यक्रम और निर्यातक सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा उद्योग विभाग, बिहार सरकार तथा फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन्स के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मुक्त व्यापार समझौतों और निर्यात संवर्धन मिशन के बारे में जानकारी देना तथा निर्यात को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर नए निर्यातकों को प्रोत्साहित करने के लिए आयात-निर्यात कोड जागरूकता अभियान भी चलाया गया, ताकि अधिक से अधिक उद्यमी निर्यात के क्षेत्र में आगे आएं। कार्यक्रम में बिहार सरकार के उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान विदेश व्यापार के अपर महानिदेशक बिपिन मेनन, उद्योग विभाग बिहार सरकार के सचिव कुंदन कुमार, विदेश व्यापार के अपर महानिदेशक संपत कुमार, अपर आयुक्त उत्पाद शुल्क अंशुल गुप्ता, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशक अमन समीर और उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और निर्यातक मौजूद रहे। सम्मेलन के दौरान बिहार के 28 स्टेटस होल्डर निर्यातकों को राज्य से निर्यात को बढ़ावा देने में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने सम्मानित निर्यातकों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य के निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विदेश व्यापार महानिदेशालय से बिहार में कार्यालय स्थापित करने का आग्रह किया और राज्य के लिए निर्यातक हितैषी तथा प्रभावी निर्यात संवर्धन नीति तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया। उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने बिहार में निर्यात की संभावनाओं और राज्य सरकार द्वारा विकसित किए जा रहे निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि राज्य के प्रत्येक जिले में निर्यात हब विकसित करने की योजना बनाई जा रही है, जिससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और सकल राज्य घरेलू उत्पाद में निर्यात का योगदान बढ़ेगा। साथ ही उन्होंने बिहार के निर्यातकों से बिहार एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के गठन का भी आह्वान किया। कार्यक्रम में निर्यातकों, उद्योग प्रतिनिधियों और विभिन्न निर्यात संवर्धन परिषदों के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। सम्मेलन निर्यातकों को सरकारी योजनाओं, वैश्विक व्यापार अवसरों और निर्यात संवर्धन उपायों की जानकारी देने के साथ-साथ नीति-निर्माताओं से संवाद का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ।

# विधानसभा अध्यक्ष ने किया नये राज्यपाल सैयद अता हसनैन का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन के पटना आगमन पर बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पटना हवाई अड्डा पर पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत-अभिनंदन किया। इस अवसर पर राज्यपाल को औपचारिक रूप से 'गार्ड ऑफ ऑनर' देकर सम्मानित किया गया। पटना हवाई अड्डा परिसर में आयोजित स्वागत कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि लोकतंत्र की जननी बिहार में राज्यपाल सैयद अता हसनैन का हार्दिक स्वागत है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अनुभव और मार्गदर्शन से बिहार के विकास को नई दिशा मिलेगी और राज्य प्रगति के पथ पर और तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सैयद अता हसनैन का प्रशासनिक और सैन्य अनुभव देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण रहा है। ऐसे अनुभवी व्यक्तित्व का बिहार के राज्यपाल के रूप में आगमन राज्य के लिए गौरव की बात है। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन से शासन-प्रशासन को मजबूती मिलेगी और विकास से जुड़े कार्यों को गति मिलेगी। पटना हवाई अड्डा पर राज्यपाल के स्वागत के लिए प्रशासन और सुरक्षा व्यवस्था की विशेष तैयारी की गई थी। आगमन के बाद उन्हें पुलिस बल द्वारा 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। इस दौरान अधिकारियों और गणमान्य लोगों ने भी उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान राज्य के प्रशासनिक अधिकारियों और अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। स्वागत के बाद राज्यपाल सैयद अता हसनैन अपने निर्धारित कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए।

# 93.12 लाख छात्र-छात्राओं को मिली पोशाक योजना की राशि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में बिहार के प्रारंभिक विद्यालयों में पढ़ने वाले करीब 93 लाख 12 हजार 192 छात्र-छात्राओं को स्कूल ड्रेस की राशि उपलब्ध करा दिया है। ताकि बच्चे स्कूल ड्रेस पहनकर विद्यालय जा सकें। इसके लिए शिक्षा विभाग ने मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना और मुख्यमंत्री पोशाक योजना के तहत छात्र-छात्राओं को 1047.08 करोड़ रुपये का भुगतान डीबीटी के माध्यम कर दिया है। विदित हो कि राज्य सरकार ने प्रारंभिक विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को ड्रेस उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2008-09 में मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना और मुख्यमंत्री पोशाक योजना शुरू किया था। मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना के तहत कक्षा 1 और 2 में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए 600 रुपये, कक्षा 3 से 5 वीं के छात्राओं के लिए 700 और कक्षा 6 से 8 वीं की छात्राओं के लिए 1 हजार की दर से राशि प्रदान की जाती है। इसके अलावा मुख्यमंत्री पोशाक योजना के तहत कक्षा 1 से 2 के एपीएल छात्रों के लिए 400 रुपये, एससी/एसटी और बीपीएल छात्रों के लिए 600 रुपये, कक्षा 3 से 5 वीं में पढ़ने वाले एपीएल छात्रों के लिए 500 रुपये, एससी/एसटी और बीपीएल छात्रों को 600 रुपये, कक्षा 6 से 8 वीं में पढ़ने वाले सभी वर्ग के छात्रों को 700 रुपये की दर से राशि भुगतान किया जाता है।

# बिहार विधान सभा अध्यक्ष ने समितियों के लंबित मामलों पर की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गुरुवार को अपराह्न तीन बजे अपने कार्यालय कक्ष में लोक लेखा समिति और सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति के कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में समितियों के सदस्यों, बिहार सरकार के वरीय पदाधिकारियों और सभा सचिवालय के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में अध्यक्ष ने इन समितियों से जुड़े विभागों में लंबित मामलों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कुछ मामले वर्ष 2008 से ही लंबित हैं जिससे यह स्पष्ट होता है कि विभागों का अपेक्षित सहयोग समितियों को नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता की सेवा के लिए कार्य करते हैं और उनकी समस्याओं का समाधान समिति या सदन के माध्यम से करने का प्रयास किया जाता है। समितियों में एक हजार से अधिक लंबित कंडिकाएं कार्य प्रणाली में सुधार की आवश्यकता की ओर संकेत करती हैं। अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि प्राथमिकता के आधार पर अगले छह महीने के भीतर लंबित मामलों के निपटारे का प्रयास किया जाए। उन्होंने मुख्य सचिव से सभी विभागों को निर्देश देने को कहा कि समिति के कार्यों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अक्सर विभागीय समीक्षा बैठकों में वरीय अधिकारी अनुपस्थित रहते हैं जिससे बैठकों का महत्व कम हो जाता है। उन्होंने सभा सचिवालय की प्रभारी सचिव से निर्देश दिया कि भविष्य में सभी समीक्षा बैठकों में संबंधित विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव या सचिव की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। बैठक की तिथि भी विभागाध्यक्ष की उपलब्धता के आधार पर तय करने की बात कही गई। बैठक में सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति के सभापति हरि नारायण सिंह, लोक लेखा समिति के सभापति भाई वीरेंद्र, सदस्य उमेश सिंह कुशवाहा, विजय कुमार खेमका, मनोज शर्मा, वित्त विभाग की सचिव रचना पाटिल, महालेखाकार के वरीय अधिकारी और बिहार विधान सभा की प्रभारी सचिव ख्याति सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मंडल अस्पताल दानापुर में परामर्श शिविर का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अंतर्गत मनाए जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में दानापुर मंडल के कर्मचारियों के परिवार एवं महिला रेल कर्मियों हेतु बांझपन से संबंधित समग्र समस्याओं पर निशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महिला डॉक्टरों की उपस्थिति में उक्त से संबंधित जानकारी / परामर्श दिया गया। यह शिविर पूजा आईवीएफ फर्टिलिटी सेंटर पटना की प्रमुख डॉक्टर पूजा कुमारी (आईवीएफ स्पेशलिस्ट) एवं उनकी टीम एवं महिला कल्याण संगठन की सदस्या डॉ. श्रेया झा के सहयोग से आयोजित किया गया जिसमें 50 से भी ज्यादा महिलाओं ने परामर्श लिया।

# बी. डी. कॉलेज में गौरैया संरक्षण पर जागरुकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** हमारी गौरैया तथा एनवायरमेंट वॉरियर्स के संयुक्त तत्वावधान में बी. डी. कॉलेज, पटना के भूगोल विभाग में चित्रकारी, निबंध लेखन, कविता लेखन तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर डॉ. मनीषा प्रियंबदा ने बताया कि गौरैया को हमलोग बचपन से घर के मुंडेर पर देखते थे, हम सब की नींद, इनकी चहचहाहट से ही खुलती थी, लेकिन आज यह यदा-कदा ही दिखती है जो पर्यावरण के साथ ही जैव विविधता के लिए भी चिंता का विषय है, इसलिए हम सब को स्वयं ही इसके संरक्षण की जिम्मेदारी लेनी होगी। इन्होंने छात्रों को गर्मियों में इनके लिए मिट्टी के बर्तन एवं दाना बालकनी या छत के मुंडेर पर रखने की सलाह दी। मौके पर एनवायरमेंट वॉरियर्स के अध्यक्ष अदिति रॉय ने बताया कि गौरेया हम सब के घर की पक्षी है इसलिए इसके संरक्षण की नैतिक जिम्मेदारी हमसब की है। चित्रकारी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान रानी, दूसरा स्थान स्वीटी कुमारी एवं तीसरा स्थान तनिषा मिश्र ने प्राप्त किया। कविता लेखन में हर्ष श्रीवास्तव, निबंध लेखन में सुप्रिया शांडिल्य एवं क्विज प्रतियोगिता में टीम कुरुवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. मोनिका कुमारी, कृतिका मुखर्जी, निशांत रंजन, सभ्यता कुमारी ने भाग लिया एवं छात्र-छात्राओं ने गौरैया संरक्षण का संकल्प लिया।

# 2 अप्रैल को पटना में होगा हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हिंदू सेवा ट्रस्ट, बिहार के तत्वाधान में आगामी 2 अप्रैल को कंकड़बाग टेंपो स्टैंड चौराहे पर पंचम हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम की तैयारी हेतु आयोजन समिति की बैठक ट्रस्ट के अध्यक्ष व मुख्य संस्थापक दीपक कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आयोजन पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई तथा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्यता के साथ आयोजन करने का निर्णय लिया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष आयोजन हेतु राजधानी पटना में विभिन्न इलाकों में विशेष कर मंदिरों में संपर्क किया जा रहा है जिसमें दो अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना करने का आग्रह किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष देश के ख्याति प्राप्त भजन गायक के द्वारा भजन संध्या में प्रस्तुति दी जाएगी वहीं विभिन्न इलाकों से शोभायात्रा भी निकाली जाएगी जो कंकड़बाग टेंपो स्टैंड जाकर समाप्त होगी। इस वर्ष विशेष रूप से सजावट हेतु कोलकाता के कलाकारों को लाइट एवं सजावट हेतु बुलाया गया है तथा दक्षिण पटना को इस वर्ष हनुमानमय करने का निर्णय लिया गया है। इस बार दिल्ली और अन्य जगह की टीमों के द्वारा नृत्य और झांकी की प्रस्तुति की जाएगी।

# गर्मियों से पहले बिजली व्यवस्था मजबूत, पटना में ट्रांसफॉर्मर क्षमता 315 केवीए तक बढ़ी

## पटना में 328 करोड़ से बिजली नेटवर्क अपग्रेड, 2027 तक अंडरग्राउंड केबलिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए ऊर्जा विभाग की तरफ से नए परियोजना के तहत विकास कार्य किये जा रहे हैं जिसके तहत 328 करोड़ की लागत से शहर के लगभग सभी इलाकों में अंडरग्राउंड केबलिंग का काम पूरा किया जा रहा है। ताकि बिजली चोरी, शॉर्ट सर्किट, बारिश में ब्रेकडाउन जैसी समस्या से पूरी तरह से निजात मिल सके। राजधानी में बिजली आपूर्ति करने वाली संस्थान पेसू के अधिकारियों ने बताया कि राजधानी के कई मुहल्लों में 11 केवी यूजी केबल तार 124 किलोमीटर साथ ही डाकबंगला चौराहा में 102 किलोमीटर तक की दूरी तक बिछाया जा रहा है। इस परियोजना को साल 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहीं उन्होंने बताया कि गर्मी से पहले 337 नये बिजली के खंभे लगाये गये हैं।

**गर्मियों के लिए 200 केवीए ट्रांसफॉर्मर को 315 केवीए तक बढ़ाया गया**

पेसू अधिकारियों ने यह भी कहा कि गर्मियों में बिना रूकावट बिजली आपूर्ति के लिए 200 केवीए का पावर ट्रांसफॉर्मर की क्षमता को बढ़ा कर 315 केवीए तक बढ़ाया गया है। साथ ही उपभोक्ताओं के सहायता के लिए भी 33 केवी का 22 आरएमयू लगाया गया है। साथ ही 11केवी का 221 आरएमयू लगाया जा चुका है।

**20 एमवीए सब स्टेशन का निर्माण**

पेसू क्षेत्र में बढ़ती आबादी को देखते हुए अतिरिक्त 20 एमवीए पावर सब स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। दानापुर ब्लॉक ऑफिस, नोहसा, ट्रांसपोर्ट नगर, बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी व अन्य इलाकों में सब स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है।

# श्रद्धा और उल्लास के साथ मना प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव पटना के विभिन्न दिगम्बर जैन मंदिरों में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर के मीठापुर, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कदमकुआं, मुरादपुर दिगम्बर चैत्यालय, कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर, कालीबीबी कटरा एवं गुरारा स्थित दिगम्बर जैन मंदिरों सहित अन्य मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। जैन संघ के मीडिया सचिव एम. पी. जैन ने बताया कि इस पावन अवसर पर प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों में उमड़ पड़ी। विधि-विधान से भगवान आदिनाथ का अभिषेक, शांतिधारा, अर्घ्य समर्पण, आरती एवं विशेष पूजन संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में मंत्रोच्चार, भक्ति गीतों और धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक बना रहा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को भगवान आदिनाथ के जीवन से प्रेरणा लेते हुए अहिंसा, सत्य, संयम और तप के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया।

# 101 अनुमंडलों के बुनियादी केंद्रों पर सीएससी सेवा शुरू

## अब बुनियादी केंद्रों से ही होगा पेंशन व योजनाओं का मुफ्त आवेदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राज्य के सभी 101 अनुमंडलों में संचालित समेकित सेवा प्रदाता केंद्र-सह-बुनियाद केंद्र पर गुरुवार को कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) सेवा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के सभागार में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विभागीय सचिव बन्दना प्रेयसी ने कहा इन बुनियादी केंद्रों पर कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना से लाभार्थियों को कई सुविधा मिलेगी। मुख्य रूप से पेंशन, जीवन प्रमाणीकरण, ट्राई साइकिल आवेदन, दिव्यांगजन उद्यमी योजना, यूडीआईडी कार्ड, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना में ऑनलाइन आवेदन आदि के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा। श्रीमती बंदना ने कहा कि राज्य के सभी अनुमंडलों में वृद्धजन और विधवाओं की सामाजिक सुरक्षा, देखभाल के लिए बुनियादी केंद्र का संचालन किया जा रहा है। इसका मूल उद्देश्य उपरोक्त लोगों को एक स्थान पर सम्मानजनक, सुलभ और समग्र सेवाएं मिल सके। लाभुकों को पात्रता के अनुरूप सामाजिक सुरक्षा पेंशन और संबल योजना के तहत कृत्रिम अंग, उपकरण, ट्राई साइकिल का आवेदन प्राप्त करने के लिए सभी बुनियादी केंद्रों को समेकित सेवा प्रदाता केंद्र के रूप में नामित किया गया है। सचिव ने कहा कि आज के डिजिटल युग में यह आवश्यक हो गया है कि सरकारी योजना और सेवाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक आसानी से पहुंचे। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए बुनियादी केंद्र पर कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना की जा रही है। इससे पेंशन का ऑनलाइन आवेदन संभव होगा। साथ ही लाभार्थी पेंशन की राशि भी निकाल सकेंगे। कॉमन सर्विस सेंटर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-सह-राज्य प्रमुख संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि लोगों को समाज कल्याण विभाग की योजनाओं के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा। इस सेंटर पर लोगों को अन्य सेवा का भी लाभ मिलेगा। इसके लिए रेट चार्ट का निर्धारण किया जाएगा।

# निरन्तर 42 वां सीता-राम स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं संभाषण शिविर प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना एवं सर्वत्र संस्कृतम की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय दशदिवसात्मक संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का भव्य उद्घाटन संस्कृतमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह निरन्तर 42वां शिविर है जिसमें सरल पद्धति से संस्कृत बोलने का अभ्यास कराया जाएगा। अपने उद्घाटन उद्बोधन में अभियान के प्रधान संरक्षक एवं सदस्य (प्रशासनिक) लोक सेवा न्यायाधिकरण उत्तर प्रदेश के डा अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सीता और राम का जीवन भारतवासियों के लिए सर्वदा अनुकरणीय एवं आचरणीय है। आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के संरक्षक एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि भारतीय नववर्ष एवं रामनवमी के अवसर पर सीता और राम के आदर्श चरित्र पर चर्चा अत्यावश्यक है। संस्कृत भाषा के बिना सनातन संस्कृति की रक्षा संभव नहीं है। इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजिका आचार्या रागिनी वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उग्र नारायण झा एवं डॉ लीना चौहान, मुख्यातिथि प्रो. रंजु कुमारी, संस्कृत विभागाध्यक्षा राजकीय महाविद्यालय गुलजार बाग पटना, विशिष्ट अतिथि डॉ अनिल कुमार चौबे, डॉ नीरा कुमारी डॉ दीप्ति कुमारी, डॉ महेश केवट, डॉ रागनी कुमारी, महेश मिश्र, देवेश प्रसाद, उमा हनोते आदि वक्ताओं ने भी सीता और राम की कथाओं की चर्चा किए एवं संस्कृत में विचारों को व्यक्त करने की सलाह दी।

# भारतीय स्टेट बैंक ने किया मोतिहारी में जीविका समूहों के लिए मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** भारतीय स्टेट बैंक, पटना मण्डल ने मोतिहारी में जीविका समूहों के लिए मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक, पटना मंडल अनुराग जोशी, आर नटराजन, महाप्रबंधक उत्तर बिहार नेटवर्क, पटना मंडल विमलेंदु विकाश, महाप्रबंधक कोर्डिनेसन, कारपोरेट कार्यालय मुंबई प्रफुल्ल कुमार झा, उप महाप्रबंधक (बीएंडओ) मुजफ्फरपुर संजीव कुमार सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक, मोतिहारी, विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधक एवं क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, मोतिहारी के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) की गरिमामयी उपस्थिति रही। जीविका के तरफ से पुष्पेन्द्र तिवारी, राज्य परियोजना प्रबंधक बिहार, विभिन्न प्रखंड परियोजना प्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इस मेगा क्रेडिट कैंप में 1700 से अधिक जीविका दीदियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक की विभिन्न शाखाओं को भी वीडियो कांफ्रेंसिंग से जोड़ा गया था जहां से अनेक समूह की सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर पूरे पटना मण्डल की तरफ से एसएचजी (जीविका समूह) को 350 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया गया जिसका सांकेतिक चेक दीदियों को प्रदान किया।

### राज्यस्तरीय चार दिवसीय कृषि यांत्रीकरण मेला में 18 हजार किसानों एवं आमजनों ने किया भ्रमण

# 1 करोड़ 53 लाख के कृषि यंत्रों की बिक्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव द्वारा राज्यस्तरीय कृषि यांत्रीकरण मेला एग्रो बिहार 2026 का उद्घाटन किया गया। 12 से 15 मार्च तक गांधी मैदान में आयोजित यह मेला कृषि विभाग द्वारा भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर नर्मदेश्वर लाल, प्रधान सचिव, कृषि विभाग डॉ. वीरेन्द्र प्रसाद यादव, विशेष सचिव सौरभ सुमन यादव, कृषि निदेशक स्पर्श गुप्ता, प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य बीज निगम कल्पना कुमारी, अपर सचिव गौरव साह, अध्यक्ष सीआईआई अखिल कोचर, उपाध्यक्ष सीआईआई धनंजय पति त्रिपाठी, अपर निदेशक (शष्य) संतोष कुमार उत्तम, निदेशक बसोका शशि शेखर मंडल, संयुक्त निदेशक कृषि अभियंत्रण सहित अन्य पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे। मंत्री एवं कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने मेला परिसर एवं विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर प्रदर्शित आधुनिक कृषि यंत्रों, तकनीकों तथा नवाचारों का अवलोकन किया। कृषि मंत्री ने राज्यस्तरीय कृषि यांत्रीकरण मेला एग्रो बिहार 2026 के उद्घाटन अवसर पर कहा कि बिहार मेहनतकश किसानों की धरती है और देश की ताकत खेतों तथा किसानों में निहित है। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ खेती को आधुनिक तकनीक से जोड़ना आवश्यक हो गया है। कृषि यांत्रीकरण के माध्यम से खेती को अधिक लाभकारी, आसान और समयबद्ध बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि गांधी मैदान में आयोजित इस मेले में देश के विभिन्न राज्यों से आए कृषि यंत्र निर्माताओं द्वारा आधुनिक कृषि यंत्रों और नई तकनीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है। किसानों को ड्रोन तकनीक, फसल अवशेष प्रबंधन, सूक्ष्म सिंचाई, खरपतवार नियंत्रण तथा कृषि यंत्रों के रख-रखाव की जानकारी भी दी जा रही है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को अनुदानित दर पर आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराकर उनकी आय बढ़ाने और बिहार की खेती को और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य स्तरीय कृषि यांत्रिकीकरण मेले के उद्घाटन समारोह में कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने कहा कि यह मेला किसानों का तकनीक के साथ संगम है। वर्ष 2011 से पटना में इस मेले का आयोजन किया जा रहा है। हम तकनीक के सहारे उत्पादन बढ़ा सकते हैं। बढ़ती आबादी और इसके कारण खेती पर बढ़ते दबाव को तकनीक के सहारे ही कम किया जा सकता है। इस मेला में आज पहले दिन आत्मा योजना के माध्यम से पटना एवं मगध प्रमण्डल के सभी जिलों से 3 हजार से अधिक किसानों सहित राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग 18000 किसानों एवं आम जनों ने अतिआधुनिक एवं उपयोगी कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन तथा जानकारी प्राप्त की।

## संपादकीय

# राष्ट्रपति की गरिमा के खिलाफ

गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नौवें अंतर्राष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में भाग लेने के दौरान कथित लापरवाही के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। ये कथित लापरवाही प्रोटोकॉल, मार्ग सुरक्षा और कार्यक्रम स्थल प्रबंधन से संबंधित हैं। पश्चिम बंगाल में आयोजित इंटरनैशनल संथाल कॉन्क्लेव में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दौरे से जुड़ा विवाद केवल कार्यक्रम में व्यवस्था तक सीमित नहीं। यह मामला अब संवैधानिक गरिमा, प्रशासनिक जवाबदेही और चुनावी राजनीति का बन चुका है। राष्ट्रपति का खुद सार्वजनिक रूप से खामियों की ओर इशारा करना भी सामान्य बात नहीं है। विवाद की शुरुआत उस समय हुई जब कार्यक्रम स्थल आखिरी समय में बदल दिया गया। स्थानीय प्रशासन का तर्क था कि मूल स्थान भीड़भाड़ वाला था। लेकिन, राष्ट्रपति ने खुद उस स्थान का दौरा किया और कहा कि जगह पर्याप्त थी। इसके अलावा प्रोटोकॉल के उल्लंघन और दूसरी लापरवाही की बात भी कही जा रही है। भारत में राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर माना जाता है। केंद्र और राज्यों में सरकार चाहे किसी की भी हो, लेकिन राष्ट्रपति का कार्यक्रम कभी किसी राजनीतिक विवाद में नहीं पड़ता। यह पद किसी व्यक्ति की नहीं, देश की गरिमा और प्रतिष्ठा से जुड़ा है। ऐसे में अगर राष्ट्रपति खुद यह महसूस करती हैं कि उनके सम्मान का ख्याल नहीं रखा गया, तो कई सवाल खड़े होते हैं।राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल को लेकर सख्त नियम है, जिनका पालन हर हाल में करना होता है। राष्ट्रपति को आमतौर पर राज्य के मुख्यमंत्री रिसीव करते हैं या उनकी तरफ से नॉमिनेट उनका कोई मिनिस्टर। बताया जा रहा है कि बंगाल में ऐसा नहीं हुआ। केंद्र सरकार ने इस चुक पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। लेकिन, इस घटना से जुड़ा एक दूसरा पहलू भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और वह है पश्चिम बंगाल की राजनीति। राज्य में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने हैं और मुख्य टक्कर भाजपा व सत्ताधारी टीएमसी के बीच मानी जा रही।चुनावी मैदान की यही तल्खी अब संवैधानिक परंपराओं में दिख रही है। टीएमसी ने केंद्र पर राष्ट्रपति पद के राजनीतिक इस्तेमाल का आरोप लगाया है। सीएम ममता बनर्जी कह रही हैं कि कोई प्रोटोकॉल नहीं टूटा।यह कार्यक्रम संथाल आदिवासियों से जुड़ा था। राष्ट्रपति खुद इस समुदाय से ताल्लुक रखती हैं। लेकिन, अब ध्यान मुख्य मुद्दे से हटकर इस विवाद की ओर चला गया। इस मामले से यह भी पता चलता है कि देश में कई बार बड़े आयोजनों तक की तैयारी आखिरी वक्त तक चलती रहती है। अगर राष्ट्रपति के दौरे से जुड़े सारे इंतजाम पहले ही पूरे होते, तो शायद यह विवाद खड़ा ही नहीं होता।

**देश में विकास की परिभाषा अब भी बड़े ढांचों के इर्द-गिर्द घूमती है। सड़कें, पुल, उद्योग और निवेश के आंकड़े प्रगति के पैमाने माने जाते हैं। ऐसे समय में केरल ने एक ऐसा कदम उठाया है, जो इस प्रचलित समझ से अलग और नई संभावनाओं की राह दिखाता है। हाल ही में केरल देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने किसी जीवाणु को आधिकारिक रूप से 'राज्य सूक्ष्मजीव' घोषित किया है। एक ऐसा सुक्ष्म जीव, जिसे नंगी आंखों से नहीं देखा जा सकता है, वह अब राज्य की पहचान का हिस्सा बन गया है। यह कदम केवल एक औपचारिक घोषणा भर नहीं है, बल्कि इसे विज्ञान को नीति और समाज के बीच सेतु बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।**

# नंगी आंखों से अदृश्य लेकिन विकास का नया नायक, केरल ने जीवाणु को बनाया 'राज्य सूक्ष्मजीव'

(मणिमाला शर्मा)

कुछ जीवाणु मिट्टी में नाइट्रोजन स्थिर करते हैं, कुछ पौधों की जड़ों को मजबूत बनाते हैं और कुछ रोगों से लड़ने में मदद करते हैं।

देश में विकास की परिभाषा अब भी बड़े ढांचों के इर्द-गिर्द घूमती है। सड़कें, पुल, उद्योग और निवेश के आंकड़े प्रगति के पैमाने माने जाते हैं। ऐसे समय में केरल ने एक ऐसा कदम उठाया है, जो इस प्रचलित समझ से अलग और नई संभावनाओं की राह दिखाता है। हाल ही में केरल देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने किसी जीवाणु को आधिकारिक रूप से 'राज्य सूक्ष्मजीव' घोषित किया है। एक ऐसा सुक्ष्म जीव, जिसे नंगी आंखों से नहीं देखा जा सकता है, वह अब राज्य की पहचान का हिस्सा बन गया है। यह कदम केवल एक औपचारिक घोषणा भर नहीं है, बल्कि इसे विज्ञान को नीति और समाज के बीच सेतु बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

इसमें दोराय नहीं कि भारतीय समाज में 'जीवाणु' शब्द आज भी लोगों के भीतर डर पैदा करता है। स्वच्छता अभियानों और स्वास्थ्य चेतावनियों ने इसे बीमारी फैलाने वाले तत्त्व के रूप में स्थापित कर दिया है। नतीजा यह हुआ कि सूक्ष्म जीवों की पूरी दुनिया हमारे लिए संदेह, भय और घृणा का सूचक बन गई। जबकि सच्चाई इससे कहीं अलग है। विकासवाद के सिद्धांत पर गौर करें, तो धरती पर जीवन की शुरुआत ही सूक्ष्मजीवों से हुई।

मिट्टी की उर्वरता, पौधों का पोषण, जल शुद्धिकरण, मानव पाचन तंत्र और प्रतिरक्षा प्रणाली, सब कहीं न कहीं जीवाणुओं पर निर्भर हैं। सभी तरह के जीवाणु समस्या पैदा नहीं करते, बल्कि समस्या हमारी अधूरी और एकांगी समझ है। केरल सरकार का यह कदम इसी मानसिकता को बदलने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है। यह सूक्ष्म जीवों को समाज में व्याप्त भय के दायरे से बाहर निकालकर समझ के दायरे में लाने की कोशिश है।

दरअसल, केरल सरकार ने आधिकारिक तौर पर 'बैसिलस सबटिलिस' नामक जीवाणु को 'राज्य सूक्ष्मजीव' घोषित किया है। यह छड़ के आकार का एक लाभकारी जीवाणु है, जो मिट्टी में पाया जाता है और कृषि तथा जैव-प्रौद्योगिकी अनुसंधान में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राज्यों की ओर से समय-समय पर राज्य का पशु, पक्षी या वृक्ष घोषित किया जाता है, जो केवल सांस्कृतिक औपचारिकता मात्र नहीं होता है, बल्कि इसके जरिए समाज को यह बताया जाता है कि प्रकृति तथा पारिस्थितिकी तंत्र के किन





हिस्सों, तत्त्वों और संसाधनों की पहचान एवं संरक्षण जरूरी है। ये प्रतीक शिक्षा और चेतना के माध्यम बनते हैं। केरल में 'राज्य सूक्ष्मजीव' की अवधारणा इसी परंपरा का विस्तार है। फर्क बस इतना है कि यह प्रतीक नंगी आंखों से दिखाई नहीं देता। यह कदम बताता है कि अब संरक्षण और सम्मान की परिभाषा को केवल दृश्य जगत तक सीमित नहीं रखा जा सकता। यह विज्ञान को सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा बनाने का प्रयास है।

इसी तरह देखा जाए, तो देश की खेती लंबे समय से रासायनिक खादों और कीटनाशकों पर निर्भर होती जा रही है। शुरुआत में उत्पादन बढ़ा, लेकिन धीरे-धीरे मिट्टी की सेहत बिगड़ती चली गई। लागत बढ़ी, उपज की गुणवत्ता घटी और किसान आर्थिक दबाव में फंसता गया। ऐसे में लाभकारी जीवाणु आधारित खेती एक वैकल्पिक रास्ता दिखाती है। कुछ जीवाणु मिट्टी में नाइट्रोजन स्थिर करते हैं, कुछ पौधों की जड़ों को मजबूत बनाते हैं और कुछ रोगों से लड़ने में मदद करते हैं। यदि केरल इस पहल के जरिए ऐसे सूक्ष्म जीवों की पहचान को बढ़ावा देता है, तो यह खेती को रसायन-निर्भरता से बाहर निकालने की दिशा में ठोस कदम हो सकता है। केरल का यह कदम कृषि को प्रकृति और विज्ञान के साझा रास्ते पर वापस लाने की संभावना पैदा करता है।

आधुनिक चिकित्सा अब यह मानने लगी है कि शरीर को केवल दवाओं से स्वस्थ नहीं रखा जा सकता। मानव शरीर खुद एक जटिल सूक्ष्मजीव तंत्र है। पाचन, प्रतिरक्षा और यहां तक कि मानसिक स्वास्थ्य में भी जीवाणुओं की भूमिका पर लगातार शोध हो रहे हैं। केरल, जो पहले ही सार्वजनिक स्वास्थ्य माडल के लिए जाना जाता है, वह इस पहल के जरिए स्वास्थ्य को अस्पताल और दवा-केंद्रित सोच से आगे ले जाने का संकेत देता है। यह पहल त्वरित नतीजे नहीं दे सकती, लेकिन लंबे समय में समाज को अधिक संतुलित और आत्मनिर्भर बना सकती है।

प्रदूषण, कचरा और जल संकट आज विकास की सबसे बड़ी कीमत बन चुके हैं। इनके समाधान अक्सर महंगे और तकनीक-निर्भर होते हैं। लेकिन प्रकृति के भीतर ही कुछ ऐसे सूक्ष्म समाधान मौजूद हैं, जिन पर हम ध्यान कम ही देते हैं। कुछ जीवाणु गंदे पानी को साफ करने, जैविक कचरे को विघटित करने और प्रदूषकों को निष्क्रिय करने में सक्षम होते हैं। केरल जैसे राज्य में, जहां जल संसाधन और जैव विविधता दोनों अहम हैं, ऐसे समाधान पर्यावरण नीति का हिस्सा बन सकते हैं। यह पहल पर्यावरण संरक्षण को नारे से निकालकर व्यावहारिक धरातल पर लाने की संभावना से भरी है।

मगर यहां एक सवाल यह भी उठ रहा है कि कहीं यह पहल केवल कागजों पर प्रतीक बनकर न रह जाए, क्योंकि भारत में प्रतीकों की कमी नहीं है, लेकिन उन्हें जमीन पर उतारने की इच्छाशक्ति अक्सर कमजोर पड़ जाती है। यदि 'राज्य सूक्ष्मजीव' की घोषणा भी केवल अधिसूचना और समारोह तक सीमित रह गई, तो यह हमारे लिए अवसर चूकने जैसा होगा। इस पहल की असली परीक्षा तब होगी, जब इसे शिक्षा, शोध और नीति से जोड़ा जाएगा। स्कूलों के पाठ्यक्रम, विश्वविद्यालयों के शोध और किसानों एवं पर्यावरण से संबंधित योजनाओं में इसका उपयोग तय करेगा कि यह प्रयोग कितना असरदार साबित हो सकता है।

आत्मनिर्भर भारत की चर्चा अक्सर उद्योग और तकनीक तक सीमित रह जाती है। मगर असली आत्मनिर्भरता तब आएगी, जब भोजन, स्वास्थ्य और तकनीक जैसी जरूरतों को पूरा करने के लिए देश की बाहरी निर्भरता घटेगी। ऐसे में लाभकारी जीवाणु आधारित समाधान सस्ते, स्थानीय और टिकाऊ हो सकते हैं। केरल का यह कदम आत्मनिर्भरता की उसी जैविक व्याख्या की ओर इशारा करता है, जिसमें ज्ञान और प्रकृति सबसे बड़े संसाधन हैं।

हो सकता है कि आम नागरिक के लिए इसका असर तुरंत महसूस न हो, लेकिन लंबे समय में इसके परिणाम आम जीवन से जुड़ने की पूरी संभावना है। इस योजना का उद्देश्य लोगों को यह संदेश देना होना चाहिए कि बेहतर मिट्टी, सुरक्षित भोजन, स्वच्छ जल और संतुलित स्वास्थ्य के साथ-साथ एक ऐसे समाज का निर्माण करना है, जो विज्ञान से डरता नहीं, बल्कि उसे समझने की कोशिश करता है। इस तरह यह पहल नई पीढ़ी को सिखा सकती है कि जीवन केवल दिखाई देने वाली चीजों से ही नहीं चलता, बल्कि उन सूक्ष्म तंत्रों से भी चलता है, जिन्हें हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं।

केरल सरकार की ओर से एक जीवाणु को 'राज्य सूक्ष्मजीव' घोषित करने का फैसला आज नया लग सकता है, लेकिन यह भविष्य के लिए नई संभावनाओं को बल देता है। यह याद दिलाता है कि कभी-कभी सबसे बड़े बदलाव वहीं से शुरू होते हैं, जहां हमारी नजर कम जाती है। अगर यह पहल गंभीरता से आगे बढ़ती है, तो देश में वैज्ञानिक चेतना और पर्यावरणीय समझ के विस्तार का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

# अपने भीतर लौटने की कला

( सुंदरचंद ठाकुर )

मनुष्य के जीवन में अशांति का सबसे बड़ा कारण यह है कि वह हमेशा बाहर भटकता रहता है। वह सुख को परिस्थितियों में खोजता है, लोगों की स्वीकृति में खोजता है, सफलता और उपलब्धियों में खोजता है। लेकिन जितना अधिक वह बाहर भागता है, उतना ही भीतर का खालीपन बढ़ता जाता है। कारण सरल है। जिस शांति की खोज हम कर रहे होते हैं, उसका स्रोत बाहर नहीं, हमारे अपने अस्तित्व में ही छिपा होता है। हमारे भीतर एक ऐसा स्थान है जो हमेशा शांत है, हमेशा स्थिर है। जीवन की कितनी भी हलचल क्यों न हो, वह भीतर का केंद्र कभी विचलित नहीं होता। वेदांत उसी को हमारा वास्तविक स्वरूप कहता है। वही हमारा होना है, वही हमारी चेतना है। दुख, चिंता और भय मन की अवस्थाएं हैं, पर चेतना इन सबकी साक्षी है। जैसे आकाश में बादल आते जाते रहते हैं, पर आकाश स्वयं कभी प्रभावित नहीं होता। वैसे ही हमारे भीतर का अस्तित्व जीवन की हर घटना को देखता है, पर स्वयं बदलता नहीं। समस्या यह है कि हम अपने मन और विचारों से इतना जुड़ जाते हैं कि अपने असली स्वरूप को भूल जाते हैं। कोई नकारात्मक विचार आया और हम मान बैठे कि वही हमारी सच्चाई है। कोई परिस्थिति कठिन हुई और हमने मान लिया कि जीवन ही बोझ बन गया है। जबकि सच्चाई यह है कि मन के ऊपर चाहे कितने ही घने बादल क्यों न छा जाएं, उनके पीछे नीला आकाश हमेशा मौजूद रहता है। बस हमें उस आकाश की ओर देखना सीखना होता है।

अपने वास्तविक अस्तित्व को पहचानने का रास्ता बहुत कठिन नहीं है। सदियों से हमारे ऋषियों ने इस दिशा की ओर अपने-अपने ढंग से इशारे किए हैं। इस दिशा में बढ़ने का पहला कदम है ज्ञान। जब हम वेदों, उपनिषदों और महान संतों की वाणी पढ़ते हैं, तो धीरे धीरे यह समझ बनने लगती है कि हम केवल शरीर या विचार नहीं हैं। यह समझ हमारे भीतर एक नई दृष्टि जगाती है।

दूसरा रास्ता है ध्यान। जब हम प्रतिदिन कुछ समय शांत बैठते हैं और अपने भीतर की हलचल को देखते हैं, तब एक नई दूरी बनती है। धीरे धीरे हम अनुभव करने लगते हैं कि विचार आते हैं और चले जाते हैं, भावनाएं उठती हैं और शांत हो जाती हैं, पर जो देख रहा है वह स्थिर रहता है। यही अनुभव हमें अपने असली स्वरूप के करीब ले जाता है।

तीसरा मार्ग है सात्विक जीवन। जब हमारा भोजन, हमारा व्यवहार और हमारी दिनचर्या संतुलित और सरल होती है, तब मन भी धीरे धीरे शांत होने लगता है। एक शांत मन ही अपने भीतर की गहराई को पहचान सकता है। अशांत मन हमेशा बाहर भटकता रहता है। और जब एक बार मनुष्य अपने उस वास्तविक अस्तित्व की झलक पा लेता है, तब जीवन बदलने लगता है। वह अनुभव ऐसा होता है जैसे किसी ने अमृत का स्वाद चखा हो। उस शांति और आनंद के बाद संसार की छोटी छोटी उपलब्धियां भी अपना आकर्षण खोने लगती हैं। तब मनुष्य बाहर की चीजों का उपयोग तो करता है, पर उनका दास नहीं बनता। शायद जीवन की सबसे बड़ी खोज यही है कि हम उस स्रोत को पहचान लें जो हमेशा हमारे भीतर मौजूद है। जब भी जीवन भारी लगे, जब भी मन उलझ जाए, बस एक क्षण ठहर कर अपने भीतर लौटना याद रखें। क्योंकि वहीं वह शांति है जिसकी तलाश में हम पूरी दुनिया में भटकते रहते हैं।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# एआई की दौड़ में कौन जीतेगा शक्ति की बाजी, बदलती वैश्विक ताकत का नया समीकरण

**इन सभी आयामों का मूल तत्त्व है डेटा और उसे संसाधित करने की क्षमता। कृत्रिम मेधा को अब केवल साफ्टवेयर के रूप में नहीं देखा जा सकता। यह ऊर्जा, तेल या सेमीकंडक्टर की तरह एक रणनीतिक संसाधन का रूप ले चुकी है। जिस इकाई के पास उच्च स्तरीय कंप्यूटिंग अवसंरचना, विशाल डेटा भंडार और उन्नत 'एल्गोरिद्म' क्षमता है, वह आर्थिक और सामरिक निर्णयों पर प्रभाव डाल सकती है। इस बदलते परिदृश्य में शक्ति का पारंपरिक संतुलन केवल सैन्य या भौगोलिक कारकों से निर्धारित नहीं होगा, बल्कि तकनीकी दक्षता और डिजिटल अवसंरचना भी उसकी दिशा तय करेगी।**

(धीरज यादव)

चौथी औद्योगिक क्रांति के इस दौर में कृत्रिम मेधा (एआइ) केवल एक तकनीकी उपकरण नहीं रह गई है, बल्कि यह उत्पादन, शासन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की केंद्रीय शक्ति बनती जा रही है। स्वचालन, मशीन लर्निंग और डेटा विश्लेषण पर आधारित प्रणालियां विनिर्माण से लेकर सेवा क्षेत्र तक उत्पादकता की प्रकृति बदल रही हैं। सैन्य क्षेत्र में स्वायत्त प्रणालियां, खुफिया विश्लेषण और निगरानी तकनीक रणनीतिक क्षमता को प्रभावित कर रही हैं। साइबर सुरक्षा में हमलों की पहचान और रोकथाम के लिए एआइ आधारित तंत्र अनिवार्य होते जा रहे हैं।

इन सभी आयामों का मूल तत्त्व है डेटा और उसे संसाधित करने की क्षमता। कृत्रिम मेधा को अब केवल साफ्टवेयर के रूप में नहीं देखा जा सकता। यह ऊर्जा, तेल या सेमीकंडक्टर की तरह एक रणनीतिक संसाधन का रूप ले चुकी है। जिस इकाई के पास उच्च स्तरीय कंप्यूटिंग अवसंरचना, विशाल डेटा भंडार और उन्नत 'एल्गोरिद्म' क्षमता है, वह आर्थिक और सामरिक निर्णयों पर प्रभाव डाल सकती है। इस बदलते परिदृश्य में शक्ति का पारंपरिक संतुलन केवल सैन्य या भौगोलिक कारकों से निर्धारित नहीं होगा, बल्कि तकनीकी दक्षता और डिजिटल अवसंरचना भी उसकी दिशा तय करेगी।

अब कृत्रिम मेधा का प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। विनिर्माण, साजो-सामान, स्वास्थ्य और वित्त जैसे क्षेत्रों में एआइ आधारित स्वचालन तथा विश्लेषण से उत्पादकता में वृद्धि दर्ज की गई है। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों की रपटें यह बताती हैं कि डेटा विश्लेषण एवं मशीन 'लर्निंग' से निर्णय प्रक्रिया तेज होती है और संसाधनों का उपयोग अधिक कुशल बनता है। इससे पूंजी निर्माण की प्रकृति भी बदल रही है। पारंपरिक भौतिक संपत्तियों की तुलना में अब डेटा, एल्गोरिद्म और कंप्यूटिंग क्षमता नई पूंजी के रूप में उभर रहे हैं।




इस परिवर्तन का एक महत्त्वपूर्ण आयाम सेमीकंडक्टर उद्योग और 'क्लाउड' अवसंरचना है। उन्नत चिप निर्माण और उच्च क्षमता वाले डेटा सेंटर एआइ विकास की आधारशिला हैं। जिन देशों और कंपनियों के पास अत्याधुनिक चिप डिजाइन, विनिर्माण क्षमता और वैश्विक क्लाउड नेटवर्क हैं, वे तकनीकी मूल्य शृंखला के ऊपरी हिस्से पर नियंत्रण बनाए रखते हैं। डिजिटल अर्थव्यवस्था में कुछ बड़े वैश्विक मंचों का केंद्रीकरण यह दर्शाता है कि डेटा और नेटवर्क प्रभाव से बाजार संरचना सिमट सकती है।

जाहिर है, जिनके पास उन्नत एआइ माडल, व्यापक डेटा संसाधन और उच्च स्तरीय कंप्यूटिंग अवसंरचना है, वही वैश्विक मूल्य शृंखला के निर्णायक बिंदुओं पर प्रभाव रखते हैं। इससे आर्थिक शक्ति की पारंपरिक परिभाषा का विस्तार हुआ है, जिसमें तकनीकी क्षमता और डिजिटल नियंत्रण केंद्रीय तत्त्व बनते जा रहे हैं।

इस आर्थिक संरचना ने तकनीकी कंपनियों की भूमिका को भी असाधारण रूप से विस्तारित किया है। एआइ के विकास ने बड़ी तकनीकी कंपनियों को वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली भूमिका प्रदान की है। उनके मंच, क्लाउड नेटवर्क और उन्नत एआइ माडल करोड़ों उपयोगकर्ताओं, वित्तीय लेन-देन और सूचना प्रवाह को संचालित करते हैं। इस कारण उनकी नीतियां और तकनीकी निर्णय अनेक देशों की अर्थव्यवस्था, मीडिया संरचना और यहां तक कि सार्वजनिक विमर्श को प्रभावित कर सकते हैं। मगर यह भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है कि ये कंपनियां पूर्णतः स्वायत्त इकाइयां नहीं हैं। वे राष्ट्रीय कानूनों, डेटा संरक्षण नियमों, प्रतिस्पर्धा आयोगों और निर्यात नियंत्रण व्यवस्थाओं से बंधी रहती हैं।

अमेरिका और चीन के बीच चल रही तकनीकी प्रतिस्पर्धा इसका स्पष्ट उदाहरण है। उन्नत एआइ चिप और सेमीकंडक्टर उपकरणों के निर्यात पर लगाए गए नियंत्रण यह दर्शाते हैं कि अंतिम नियामक शक्ति अभी भी राष्ट्र-राज्य के पास है। इसी प्रकार यूरोप में डिजिटल बाजार कानून और डेटा संरक्षण विनियम तकनीकी कंपनियों के संचालन पर प्रभाव डालते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि निगमित शक्ति और राज्य शक्ति के बीच सीधा प्रतिस्थापन नहीं, बल्कि एक जटिल अंतर-संबंध विकसित हो रहा है।

वर्तमान परिदृश्य में यह कहना अधिक उपयुक्त होगा कि निगमित और राज्य के बीच शक्ति संतुलन का नया समीकरण बन रहा है। तकनीकी नवाचार और पूंजी निगमित संरचनाओं में केंद्रित हैं, जबकि वैधानिक अधिकार और सामरिक नीति निर्माण राष्ट्र या राज्य के हाथ में है। भविष्य की कृत्रिम मेधा इसी अंतर्क्रिया से आकार ले सकती है, जहां तकनीकी क्षमता और राजनीतिक संप्रभुता एक-दूसरे को प्रभावित करती रहेंगी।

एआइ का सैन्य और रणनीतिक आयाम इस विमर्श को और गंभीर बनाता है। अनेक देश स्वायत्त या अर्ध स्वायत्त हथियार प्रणालियों पर शोध कर रहे हैं, जिनमें लक्ष्य पहचानने, निगरानी और निर्णय में सहायता के लिए मशीन लर्निंग आधारित प्रणालियां प्रयोग में लाई जा रही हैं। रक्षा विश्लेषण और खुफिया जांच में एआइ आधारित डेटा प्रोसेसिंग से विशाल सूचना का त्वरित आकलन संभव हुआ है। इससे युद्ध क्षेत्र की समझ और प्रतिक्रिया समय, दोनों प्रभावित होते हैं।

जटिल साइबर हमलों की पहचान, नेटवर्क असमानताओं का विश्लेषण और स्वचालित रक्षा तंत्र अब एल्गोरिद्मिक प्रणालियों पर आधारित हैं। दूसरी ओर, आक्रामक साइबर क्षमताओं में भी स्वचालित उपकरणों का उपयोग बढ़ रहा है, जिससे डिजिटल अवसंरचना रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का केंद्र बन गई है।

इसके साथ ही निगरानी प्रणालियों और डेटा विश्लेषण के माध्यम से राज्य अपनी आंतरिक सुरक्षा और सामाजिक गतिविधियों पर अधिक व्यापक नियंत्रण स्थापित कर सकते हैं। चेहरा पहचान तकनीक, व्यवहार विश्लेषण और संचार निगरानी जैसी व्यवस्थाएं सार्वजनिक नीति और नागरिक स्वतंत्रता के बीच संतुलन का प्रश्न उठाती हैं। इस प्रकार कृत्रिम मेधा केवल आर्थिक शक्ति का साधन नहीं, बल्कि सैन्य और सामरिक संरचना का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है, जो वैश्विक शक्ति संतुलन की दिशा को प्रभावित कर सकता है।

वैश्विक परिदृश्य के बीच भारत की स्थिति विशिष्ट है। पिछले एक दशक में देश ने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का एक ऐसा माडल विकसित किया है, जिस पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ध्यान आकर्षित हुआ है। आधार, यूपीआइ और डिजिटल पहचान तंत्र ने सेवा वितरण, वित्तीय समावेशन और पारदर्शिता में संरचनात्मक बदलाव किया है।

यह ढांचा एआइ अनुप्रयोगों के लिए एक आधार प्रदान करता है, क्योंकि बड़े पैमाने पर डिजिटल लेन-देन और डेटा प्रवाह नवाचार की संभावनाएं खोलते हैं। इसके साथ ही डेटा संप्रभुता का प्रश्न गंभीर होता जा रहा है। यदि भारतीय नागरिकों और संस्थानों से उत्पन्न डेटा का विश्लेषण और मूल्य सृजन किसी विदेशी मंच पर केंद्रित रहता है, तो आर्थिक लाभ और रणनीतिक नियंत्रण दोनों सीमित हो सकते हैं। इसलिए यह बहस केवल गोपनीयता की नहीं, बल्कि दीर्घकालिक आर्थिक हित से भी जुड़ी हुई है।

समकालीन विश्व व्यवस्था एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां शक्ति की परिभाषा विस्तार ले रही है। पारंपरिक रूप से सैन्य क्षमता और क्षेत्रीय प्रभाव को शक्ति का प्रमुख आधार माना जाता रहा है, मगर अब डेटा, एल्गोरिद्म और उच्च स्तरीय कंप्यूटिंग अवसंरचना भी उसी श्रेणी में शामिल हो चुके हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के सामने चुनौती यह है कि वे एआइ को केवल बाजार शक्ति या सीमित निगमित हित का साधन बनने से कैसे रोकें।

पारदर्शिता, नियमन, प्रतिस्पर्धा नीति और सार्वजनिक निवेश के माध्यम से एआइ को व्यापक सामाजिक हित में रूपांतरित किया जा सकता है। यदि ऐसा संतुलन स्थापित होता है, तो तकनीकी प्रगति लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ कर सकती है। अन्यथा शक्ति का केंद्रीकरण नई असमानताओं को जन्म दे सकता है।

# जाति, धर्म और लिंग का भेद किये बना कराया गया समावेशी विकास : मुख्यमंत्री

## शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली एवं सड़कों के विकास में बिहार अग्रणी, नीतीश कुमार ने गिनाए बिहार सरकार के काम तो पिछली सरकारों पर कसा तंज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** समृद्धि यात्रा को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को नगर निगम क्षेत्र अवस्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति तिनगछिया पहुंचे।जहां उन्होंने बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड की ओर से फेज-2 के अंतर्गत कराये गये जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया।मुख्यमंत्री ने यात्रा के दौरान प्रगति यात्रा के क्रम में की गयी घोषणाओं तथा जिला अंतर्गत विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया। उसके बाद मुख्यमंत्री का काफिला सड़क मार्ग से प्राणपुर प्रखंड के बड़झल्ला पहुंचा। जहां काली मंदिर के प्रांगण में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद, प्राणपुर विधायक निशा सिंह, कोढा कविता पासवान, कदवा दुलाल चंद्र गोस्वामी, बरारी विधायक विजय सिंह निषाद,बारसोई संगीता देवी, पुर्व







राज्यसभा सांसद डॉ. अहमद अशफाक करीम मुख्य रुप से साथ रहे। अपने संबोधन में सीएम ने 2005 से पहले के बिहार की तुलना आज के बिहार से करते हुए कहा कि राज्य में बिना धर्म,जाति,लिंग और क्षेत्र का भेदभाव किये चौतरफा विकास हुआ है।उन्होंने कहा कि विद्यालय भवन निर्माण,शिक्षकों की नियुक्ति, प्रत्येक पंचायत में उच्च विद्यालय की स्थापना,साइकिल योजना,पोशाक योजना, स्कॉलरशिप जैसी योजना से खासकर बालिका शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है।अब सभी प्रखंडों में डिग्री कालेज खोलने की योजना पर काम हो रहा है।उन्होंने कहा कि 2005 से पहले लोग शाम को घर से नहीं निकलते थे। डर एवं भय का साम्राज्य था।लेकिन एनडीए की सरकार बनते ही सबसे पहले विधि-व्यवस्था दुरुस्त किया गया। प्रशासन के स्वतंत्र रुप से काम करने के कारण जाति एवं साम्प्रदायिक दंगे होने हीं नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि कृषि रोडमैप के तहत किसानों को उत्तम बीज एवं खाद उपलब्ध हो रहा है,तो 75 पैसे प्रति युनिट बिजली मिलने तथा नवीनतम तकनीक शामिल किये जाने से खेती का काम आसान हुआ है।मछली उत्पादन में तो राज्य आत्मनिर्भर बन गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में हर घर तक बिजली पहुंचाने के बाद प्रतिमाह 125 युनिट बिजली फ्री में दिये जाने से आमजनों को काफी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय और राज्य मार्गों की संख्या में वृद्धि से सरल आवागमन एवं रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी काफी काम हुआ है।सभी सीएचसी को विशिष्ट स्वास्थ्य केन्द्र में और सदर अस्पताल को अतिविशिष्ट स्वास्थ्य केन्द्र में अपग्रेड करने की तैयारी चल रही है। ताकि सुलभ स्वास्थ्य-सुरक्षित जीवन का संकल्प पूरा हो सके।राज्य में 6 मेडिकल कॉलेज की जगह 12 मेडिकल कालेज बन गया है। जबकि और 6 का काम प्रगति पर है। पटना मेडिकल कालेज में 5400 बेड का बनाया जाएगा। ऐसा पूरे देश में कहीं नहीं है। उन्होंने सभी सरकारी डाक्टरों के प्राइवेट प्रैक्टिस पर रोक लगाने की कवायद शुरू है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि बढाकर 1100 रुपये प्रतिमाह कर देने से वृद्धजन,विधवा एवं दिव्यांगजनों को काफी राहत मिल रही है। उन्होंने कहा कि विपक्षी आरक्षण का ढोल हीं पीटते हैं। लेकिन एनडीए की सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं में 50 फीसदी तथा सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने काम किया है। कब्रिस्तानों की घेराबंदी हुई है तो 60 साल से अधिक पुराने मंदिरों को भी घेर कर सुरक्षित करने का काम हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार का जीविका संगठन आज देश के लिए नजीर बन गया है। जीविका संगठन से जुड़कर महिलायें आत्मनिर्भर तो बन हीं रही हैं। वहीं उनमें आत्मसम्मान भी बढा है।रोजगार के लिए राज्य के 5,17,000 परिवारों को 10 हजार दिये गये हैं।जिनके कार्यों की समीक्षा कर उन्हें 2 लाख रुपये तक दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय समय पर निश्चित योजना चलाकर हर क्षेत्र में विकास की योजना शुरू की गई,जिसका साकारात्मक प्रभाव पड़ा है।7 निश्चय फेज -3 का मुख्य उद्देश्य उद्योग को बढावा देना,पलायन रोकना,रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और लोगों की आय दुगुनी कर जीवन को आसान बनाना है।उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में केन्द्र सरकार का भरपूर सहयोग मिल रहा है प्रधानमंत्री स्वयं राज्य का दौरा कर समस्याओं से रुबरू होते हैं और सरकार के प्रयास को सफल बनाने में सरसंभव सहयोग करते हैं।राज्य सरकार के मुखिया ने कहा कि एनडीए का लक्ष्य बिहार को विकसित राज्यों की पंक्ति में लाना है। हलांकि मुख्यमंत्री ने अपने राज्यसभा जाने को लेकर कुछ नहीं कहा जबकि कयास लगाया जा रहा था कि वे कुछ कहेंगे। एनडीए कार्यकर्ताओं एवं जीविका दीदियों ने उनसे बिहार छोड़कर नहीं जाने को लेकर हाथ उठा

■ समृद्ध यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री का काफिला पहुंचा बड़झल्ला

कर आग्रह किया। जिसे देखकर मुख्यमंत्री मुस्कुराते रहे। जनसंवाद कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जलसंसाधन मंत्री विजय चौधरी, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने भी संबोधित किया।स्थानीय विधायक ने अपने क्षेत्र में अतिथियों का स्वागत किया। जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने जिला प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री को गोरखनाथ धाम का प्रतिक चिह्न भेंट किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी, नगर आयुक्त संतोष कुमार, एडीएम डॉ. विनोद कुमार,उप विकास आयुक्त अमित कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री लगभग डेढ घंटे रुके और हेलिकाप्टर से प्रस्थान कर गये।इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद देखी गई। नगर आयुक्त संतोष कुमार के नेतृत्व में बाजार समिति स्थल के कार्यक्रम में विधि व्यवस्था चुस्त दुरुस्त देखा गया ।

## संक्षिप्त समाचार

### संघर्ष से शिखर तक : फलका के लाल सन्नी राज सन्नी का आईएएस बनने पर भव्य अभिनंदन

**फलका/कटिहार (नबिटासं)।** फलका प्रखंड के हथवाड़ा पंचायत स्थित फुलडोभी गांव के साधारण किसान कन्हैया सिंह के पुत्र सन्नी राज सन्नी ने संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में अपने प्रथम प्रयास




में ही 526 वां रैंक हासिल कर भारतीय प्रशासनिक सेवा आईएएस में जगह बनाने के बाद जब सन्नी राज सन्नी पहली बार अपने पैतृक गाँव पहुँचे तो पूरे इलाके में उत्सव का माहौल दिखा।उनके स्वागत में जनसैलाब उमड़ पड़ा और ग्रामीणों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर स्वागत किया।सन्नी की सफलता पर हथवाड़ा पंचायत सरकार भवन में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। स्थानीय मुखिया भारती कुमारी और प्रतिनिधि गौतम मालाकार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सन्नी राज सन्नी के साथ-साथ उनके माता-पिता कन्हैया कुमार सिंह व किरण देवी और भाई मनीष कुमार सिंह को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।मुखिया द्वारा सन्नी और उनके परिजनों को अंग वस्त्र, बुके और मिठाई खिलाकर हौसला अफजाई की गई।जब सन्नी को सम्मानित किया जा रहा था, तो उनकी माँ किरण देवी की आँखों से खुशी के आँसू छलक पड़े, जो उनके बेटे के वर्षों के कठिन परिश्रम और संघर्ष की गवाही दे रहे थे।इस दौरान मुखिया ने कहा हमारे पंचायत के होनहार पुत्र ने देश की सबसे कठिन परीक्षा उत्तीर्ण कर पूरे जिले का नाम रोशन किया है। यह केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि हम सभी ग्रामवासियों की सामूहिक जीत है।सन्नी राज सन्नी की सफलता को लेकर राज्य महादलित आयोग अध्यक्ष मनोज ऋषि, जिला पार्षद वंदना कुमारी, विवेक मालाकार, दुर्गा प्रसाद सिंह, सिकंदर महतो,प्रमोद झा, प्रमोद चौधरी, श्रवण चौहान, वीरेंद्र यादव, सिकंदर यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और युवाओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं एक ईमानदार अधिकारी के रूप में देश सेवा करने की कामना की।

### मनिहारी में भागवत कथा भक्ति धारा 23 मार्च से

**मनिहारी /कटिहार (नबिटासं)।** नगर क्षेत्र स्थित हाई स्कूल मैदान में 23 मार्च से 30 मार्च तक भव्य श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर आयोजन समिति की ओर से तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। कथा कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं और धमार्नुरागियों के लिए बैठने, पेयजल,प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है, ताकि दूर-दराज से आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयोजन समिति के अध्यक्ष काजल मित्रा एवं संरक्षक डॉ.ओमप्रकाश पांडे ने बताया कि भागवत कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, ज्ञान और धर्म के संदेश से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कथा के पूर्व नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा की शुरूआत मनिहारी के पावन गंगातट से गंगाजल भरण के साथ होगी। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु,महिलाएं और कन्याएं भाग लेंगी। इसके बाद



गंगाजल लेकर श्रद्धालु नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंचेंगे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कथा के दौरान प्रतिदिन भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। समिति के पदाधिकारियों ने नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भागवत कथा की ज्ञान गंगा में अवगाहन करने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।गुरुवार को हुई तैयारी की बैठक में प्रो.बीरेन्द्र सिंह,बंटी शर्मा, रंजीत गुप्ता सहित अन्य शामिल रहे।

# मुर्गा फॉर्म से उठने वाली दुर्गंध से परेशान ग्रामीणों ने हाइवे किया जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार)।** फलका थाना क्षेत्र के बरेटा कोशकीपुर टोला गांव समीप मुर्गी फॉर्म से उठने वाली दुर्गंध से परेशान ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर करीब एक घंटे के लिए स्टेट हाइवे-77 पर अगजनी कर सड़क जामकर विरोध प्रदर्शन किया। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर छोटे -बड़े वाहनों की लंबी कतार लग गयी। जिस कारण राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। आक्रोशित ग्रामीण उक्त स्थल से मुर्गा फॉर्म दूसरे जगह स्थांतरित करने की मांग कर रहे थे। सड़क जाम की सूचना पर थानाध्यक्ष



रवि कुमार राय सदलबल, जिला पार्षद प्रतिनिधि मनोज मंडल मौके पर पहुंच आक्रोशित ग्रामीणों को काफी समझा-बुझाकर करीब एक घंटे बाद जाम खत्म करवा कर आवागमन सुचारू रूप से बहाल किया। सड़क जाम कर रहे आक्रोशित ग्रामीण मोसमात वीणा, पूनम देवी, आरती देवी, मंटू यादव, फुदन मुनि, सरुण मिस्त्री, मनोज यादव, कारू शर्मा सहित दर्जनों ग्रामीणों का कहना था कि मुर्गा फॉर्म की गंदगी से उठने वाली सड़ांध भरी दुर्गंध के कारण हम लोगों का घरों में रहना एवं भोजन करना काफी मुश्किल हो गया है।

इस दुर्गंध से ग्रामीणों के बीच हमेशा संक्रमण फैलने का अंदेशा सताते रहता है। उक्त समस्या को लेकर पूर्व में भी सड़क जामकर विरोध प्रदर्शन किया गया था,लेकिन समस्या जस की तस बरकरार है। आक्रोशितों ने प्रशासन से उक्त मुर्गा फॉर्म को जल्द से जल्द दूसरे स्थल पर स्थांतरित करने की मांग की है। मामले में थानाध्यक्ष रवि कुमार राय ने बताया कि सड़क जाम कर रहे आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझा कर जाम खत्म करवा गया।

# मिट्टी की कमी से आवास निर्माण व ईंट भट्ठों का काम प्रभावित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** प्रखंड क्षेत्र में मिट्टी नहीं मिलने से प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों, ट्रैक्टर चालकों और ईंट भट्ठा संचालकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। मिट्टी की किल्लत के कारण कई स्थानों पर घर निर्माण और ईंट बनाने का कार्य बाधित हो गया है। दिलीप कुमार और रविन्द्र चौधरी ने बताया कि काम बंद रहने से उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। वहीं राजू जायसवाल, विश्वनाथ चौधरी, मनोज साह, नटवर राय, पंकज मंडल, प्रमोद मंडल, प्रकाश सिंह, मैमूर आलम, छत्तीस सिंह, बबलू मंडल, रवि ठाकुर और रफीक आलम ने भी मिट्टी की कमी से



इस समस्या को लेकर गुरुमेला पंचायत निवासी उमेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में बुधवार को कई ट्रैक्टर चालक अंचल कार्यालय पहुंचे और प्रशासन से मिट्टी खनन की अनुमति देने की मांग की। उमेश कुमार चौधरी ने बताया कि उन्हें जौनिया क्षेत्र में लगभग 1.19 एकड़ भूमि से साधारण मिट्टी निकालने की अनुमति मिली है, लेकिन कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है।

ट्रैक्टर चालक विनोद मंडल, शिव शंकर मंडल, सवीन राय, मो. मनोवर, मो. सफीक, मो. अनारूल, निर्माण कार्य प्रभावित होने की बात कही। ईंट भट्ठा संचालक अरुण चौधरी ने बताया कि मिट्टी नहीं मिलने से भट्टे का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में सीओ मनीष कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के गंगा किनारे तटवर्ती इलाका बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है,जहां हर साल बाढ़ का कहर बदस्तूर जारी रहता है।जिसके कारण कटाव सहित किसानों को परेशानी होती हैं,बांध के पार मिट्टी कटने से हमेशा हादसे का भय बना रहता है।विभाग के द्वारा किस स्थिति में मिट्टी काटने का लाइसेंस दिया गया है।

# दूध से लदी बोलोरो पिकअप और बाइक में टक्कर

## बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार) ।** थाना क्षेत्र में कुरसेला से फारबिसगंज जाने वाली स्टेट हाईवे 77 पर तेज रफ्तार से आ रही लगभग सुबह 11 बजे गुरुवार को कुरसेला की ओर से आ रही दूध से लदी बोलोरो पिकअप और बाइक में टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बाइक सवार जख्मी युवक को इलाज हेतु आनन फानन में फलका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया।

जख्मी का प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बाइक सवार युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर



दिया है।जानकारी के अनुसार चिकित्सक ने बताया कि जख्मी व्यक्ति की स्थिति काफी नाजुक है। बेहतर इलाज हेतु रेफर किया गया। घटना में प्रयुक्त बाइक और बोलेरो पिकअप को फलका पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा के लिए थाना ले आया है। फलका थाना के अपर थानाध्यक्ष राहुल कुमार सुमन ने बताया कि वाहन को थाना लाया गया है।आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद जख्मी युवक की इलाज के लिए रेफर कर दिया गया खबर लिखे जाने तक जख्मी की पहचान नहीं हो पायी थी ।

# सेप्टिक टैंक में गिरने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार) ।** बरारी थाना क्षेत्र के पूर्वी बारीनगर पंचायत के वार्ड संख्या 13 स्थित हाशिमपुर सीज टोला में गुरुवार को सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान एक 35 वर्षीय युवक की दम घुटने से मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वहीं मृतक के घर में कोहराम मच गया।मृतक की पहचान गुरमेला पंचायत के जरलाही वार्ड संख्या 10 निवासी प्रेम यादव के पुत्र संतोष कुमार यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब नौ बजे संतोष कुमार यादव सक्शन मशीन टैंकर वाहन लेकर प्रखंड प्रमुख नास्तरा खातून के घर सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए पहुंचे थे।

# राजमिस्त्रियों को भूकंपरोधी भवन निर्माण का प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार)।** बिहार सरकार एवं बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बीएसडीएमए के तत्वाधान में प्रखंड मुख्यालय के प्राणपुर सभागार में भूकंपरोधी भवन निर्माण हेतु10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस मौके पर कार्यक्रम का उद्घाटन अंचलाधिकारी शिखा कुमारी प्रभोदिता सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रशिक्षक इंद्रजीत बेरा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विशेष प्रशिक्षण की शुरूआत की गई। इस मौके पर अंचलाधिकारी शिखा कुमारी ने बताया कि प्रखंड के विभिन्न पंचायत से चयनित 30 राजमिस्त्रियों को इस प्रशिक्षण में



शामिल किया गया हैं। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर राजमिस्त्रियों को भूकंपरोधी भवन निर्माण की आधुनिक तकनीकों द्वारा दक्ष बनाना हैं, ताकि गांवों में सुरक्षित, टिकाऊ और आपदा - रोधी भवन का निर्माण संभव हो सके। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक दोनों प्रकार के प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा हैं। इसमें सही निर्माण सामग्री के चयन,निर्माण मानकों के मजबूती तथा भूकंपरोधी भवन निर्माण के अन्त विधियों पर विशेष बल दिया जा रहा हैं।

मौके पर प्रशिक्षक इंद्रजीत बेरा ने बताया कि 11 मार्च को शुरू हुए यह प्रशिक्षण 20 मार्च को पूर्ण होने के उपरांत सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं भवन निर्माण की उपकरण सामग्री प्रदान की जाएगी,साथ ही डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से सात हजार की प्रोत्साहन राशि के रूप में उनके बचत खाते में भेजी जाएगी। इस अवसर पर अंचलाधिकारी शिखा कुमारी प्रशिक्षक इंद्रजीत बेरा सहित विभिन्न पंचायत के चयनित 30 राजमिस्त्री उपस्थित रहे ।

# प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय का बीईओ ने किया औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आजमनगर (कटिहार)।** स्थानीय बाजार के निकट स्थित प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मोहम्मद मुमताज आलम ने की। विद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या कम रहने से प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मोहम्मद मुमताज आलम ने शिक्षकों पर बिफर गए। शिक्षकों को दिशा निर्देश देते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि शिक्षकों की लापरवाही की वजह से स्कूल में छात्र-छात्राओं की उपस्थित में कमी होती जा रही है।

केवल स्कूल आकर अपना उपस्थिति दर्ज कर लेना ही शिक्षक



का धर्म नहीं है। शिक्षक की जवाबदेही बच्चों के भविष्य से जुड़ा हुआ है। इस बाबत शिक्षक अपनी जवाबदेही खुद तय करें। औचक निरीक्षण के दौरान पूछे जाने पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मोहम्मद मुमताज आलम ने कहा कि छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम रहने पर शिक्षकों को अपनी उत्तरदायित्व का निर्वहन के लिए निर्देशित किया गया है। इस मौके पर लगभग सभी शिक्षक स्कूल में उपस्थित रहे ।

# साहित्य सम्मेलन में कवयित्री ज्योति मिश्र की पुस्तक 'हर फि क्र उजाला है' का लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** जीवन में पीड़ा जब घनीभूत होती जाती है और उसका कोई निदान नहीं मिलता तब एक ऐसी अवस्था भी आती है जब वही पीड़ा, पीड़ा की औषधि बन जाती है। दर्द ही दर्द की दवा हो जाता है। उसी तरह जीवन-संघर्ष को चुनौती के रूप में स्वीकार करने वाले लोगों के लिए हर फि क्र भी उजाला हो जाता है। वैसे भी पीड़ा कवियों की बड़ी पूँजी होती है। पीड़ा की कुक्षि से ही बड़ी कविता का जन्म होता है।

यह बातें गुरुवार की संध्या, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में, वरिष्ठ कवयित्री ज्योति मिशे के गजल-संग्रह 'हर फि क्र उजाला है' के लोकार्पण-समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा




अनिल सुलभ ने कही। डा सुलभ ने कहा कि जीवन संघर्ष का ही दूसरा नाम है। मनुष्य के संपूर्ण जीवन-काल में खुशी और सुख के क्षण बहुत कम ही आतें हैं। आज का आदमी, लालसाओं को इतना बढ़ा लिया है कि दुःख को ढेर सारे आमंत्रण मिल रहे हैं। दुखों को आने के लिए कष्ट उठाना नहीं पड़ता। उसे ससम्मान आमंत्रित किया जा रहा है। कवयित्री ज्योति जी लोकार्पित पुस्तक की गजलें टूटे दिल वाले लोगों को ताकत देती हैं। ये गजलें सिखाती हैं कि किस तरह पीड़ा को आनन्द में बदला जा सकता है और कैसे फि क्र भी उजालों के कारक बनाए जा सकते हैं। पुस्तक का लोकार्पण करते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और उत्प्रेरक विकास वैभव ने कहा कि जब परमात्मा ने इच्छा की तो सृष्टि की रचना हुई। प्रत्येक सृजन के लिए मूल तत्त्व सृजन की कामना ही है। कवयित्री ज्योति मिश्रा जी एक प्रतिभाशाली लेखिका हैं।

# कांटाकोश में आग लगने से एक दर्जन घर जलकर राख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार) ।** प्रखंड क्षेत्र के दक्षिणी कांटाकोश पंचायत के वार्ड संख्या चार रेलवे मैदान के निकट गुरूवार की अहले सुबह आग लगने से ग्यारह परिवार के घर जल गये। आग लगने की कारणों का पता अभी नहीं चल पाया है। आग लगने से क्षेत्र मे अफरातफरी मच गयी। चीख पुकार सुनकर इक्ट्ठा हुए ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। राजस्वकर्मी ने मौके पर पहुंचकर आग लगने हे हुई क्षति का जायजा लिया। इनके प्रतिवेदन के अनुसार आग लगने की इस घटना में पुष्पा कुमारी, गुलकला देवी, प्रतिमा देवी, मधु देवी, ऊषा देवी, काजल कुमारी, गंगिया देवी, सुलेखा देवी, सुगा देवी, साक्षी कुमारी, लीलावती देवी के घर व इसमें रखे सामान जल गये हैं। पंचायत के मुखिया धोनी एवं सरपंच राहुल रोशन ने भी घटना की पुष्टि की है।राजस्वकर्मी शीघ्र ही इन अग्निपीडित परिवारों के बीच डिगनिटी किट सहित आपदा राहत कोष से देय सुविधाएं मुहैयया करा दी जाएगी।

# प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं का वार्षिक मूल्यांकन शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार) ।** प्रखंड के क्षेत्र के चितौड़िया पंचायत के प्राथमिक विद्यालय छोटी बथना मूसहरी टोला एवं प्राथमिक विद्यालय बीच चित्तौड़िया सहित विभिन्न विद्यालय में अध्यनरत छात्र - छात्राओं का वार्षिक मूल्यांकन का शुभारंभ हुआ। प्राथमिक विद्यालय छोटी बथना मूसहरी टोला के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को पहले दिन प्रथम पाली में पर्यावरण अध्ययन, सामाजिक विज्ञान एवं द्वितीय पाली में हिंदी, उर्दू की वार्षिक मूल्यांकन शुरू हुआ। वर्ग तीन,चार एवं पांच के छात्र-छात्राओं को उत्तर पुस्तिका दी गई, वहीं क्वेश्चन पेपर छात्र - छात्राओं को परीक्षा समिति के द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया । ई-शिक्षा कोष पर परीक्षा से 45 मिनट



पहले क्वेश्चन उपलब्ध कराया गया। उन क्वेश्चन को ब्लैक बोर्ड पर लिखा गया जिन्हें छात्र - छात्राओं ने देखकर अपने उत्तर पुस्तिका पर आंसर लिखा। वहीं द्वितीय पाली में हिंदी, उर्दू की मौखिक परीक्षा हुई। उन्होंने कहा कि पहले क्वेश्चन के साथ उत्तर पुस्तिका दी जाती थी जिससे छात्र - छात्राओं को परीक्षा देने में परेशानी नहीं होती थी।

इस बार सिर्फ उत्तर पुस्तिका दी गई एवं क्वेश्चन पेपर नहीं दिया गया। जिससे छात्र - छात्राओं को परेशानी हुई। शिक्षा विभाग पहले की तरह क्वेश्चन पेपर के साथ उत्तर पुस्तिका दे जिससे छात्र - छात्राओं को परीक्षा देने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। वहीं द्वितीय पाली में हिंदी एवं उर्दू की मौखिक परीक्षा ली गई । वहीं प्राथमिक विद्यालय बीच चित्तौड़िया के प्रधानाध्यापक प्रिया कपूर ने बताया कि विभाग को उत्तर पुस्तिका के साथ क्वेश्चन पेपर भी उपलब्ध करावे, जिससे परीक्षा देने में छात्र-छात्राओं को परेशानी नहीं होगी। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय छोटी बथना के वरीय शिक्षक सुनील कुमार चौबे, प्राथमिक विद्यालय बीच चित्तौड़िया के वरीय शिक्षक सुरेश पासवान सहित प्राथमिक विद्यालय छोटी बथना मूसहरी टोला के प्रतिनियुक्त शिक्षक बसंती कुमारी, रश्मि सिंह, बेनजीर खातून, सोना कुमारी आदि उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम के निर्देश पर गैस एजेंसियों की सघन जांच, कालाबाजारी पर होगी कड़ी कार्रवाई

**आरा (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी गैस के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में उपयोग तथा गैस सिलेंडर की प्राप्ति को लेकर लाभुकों को कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, साथ ही कुछ स्थानों पर रसोई गैस की उपलब्धता एवं वितरण के संबंध में भ्रामक प्रचार-प्रसार किए जाने तथा कालाबाजारी की आशंका भी व्यक्त की जा रही है। इन सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने मामले की जांच कराने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जिले में एलपीजी गैस की बिक्री एवं वितरण में किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, जमाखोरी, अधिक मूल्य वसूली अथवा अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए गैस एजेंसियों की जांच हेतु प्रखंडवार पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे 12 मार्च 2026 से अपने-अपने प्रखंड क्षेत्र में संबंधित गैस एजेंसियों की संयुक्त रूप से सघन जांच करेंगे तथा वितरण व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे। जिलाधिकारी ने यह भी कहा है कि यदि किसी गैस वितरक अथवा व्यक्ति द्वारा एलपीजी गैस की कालाबाजारी, अवैध भंडारण, जमाखोरी या अनियमित बिक्री करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट 1955 की धारा 3, 6 ए एवं 7 के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित पदाधिकारी जांच के बाद की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएंगे। इसके अतिरिक्त सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को अपने-अपने अनुमंडल क्षेत्र में गैस की आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था पर सतत निगरानी रखने का भी निर्देश दिया गया है।



### पांच लीटर अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवादा थाना पुलिस द्वारा अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के पुराना पोस्ट ऑफिस पकड़ी के पास से की। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से पांच लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। गिरफ्तार आरोपी नवादा थाना क्षेत्र के पुराना पोस्ट ऑफिस पकड़ी निवासी स्व. इंडिया प्रसाद का पुत्र संजय प्रसाद है। पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि पुराना पोस्ट ऑफिस पकड़ी के पास एक व्यक्ति द्वारा छिपाकर अंग्रेजी शराब रखा गया है। सूचना के सत्यापन उपरांत पुलिस वहां पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके पश्चात नवादा थाना में पुलिस ने उसके खिलाफ बिहार मधनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

### वालीबॉल कोर्ट का डीईओ ने किया उद्घाटन

**बिहिया (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहिया स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में गुरुवार को आईसीआईसीआई बैंक फोडेशन की ओर वालीबॉल कोर्ट बनाने जाने के बाद डीईओ मानवेंद्र कुमार, प्राचार्य प्रभाष कुमार राय, आईसीआईसीआई के अधिकारी सुनील कुमार सिंह,श्रीकांत कुमार की ओर से संयुक्त उद्धघाटन किया गया। इस दौरान प्राचार्य ने डीईओ को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि आगे और संस्थाओं को ऐसा ही कार्य करना चाहिए ताकि सार्वजनिक लोगों को फायदा मिले। मौके पर डीईओ मानवेंद्र कुमार, प्राचार्य प्रभाष कुमार राय, आईसीआईसीआई के अधिकारी सुनील कुमार सिंह, श्रीकांत कुमार, शिक्षक तसनीम अली, अजय प्रसाद, हेमलता, छात्र पवन कुमार, प्रिया कुमारी, सपना कुमारी, अंजली कुमारी, सुशांत कुमार, अनिल कुमार और मनीष कुमार सहित कई थे।



### पानी में डूबने से अधेड़ की मौत

**मछली पकड़ने के दौरान गहरे पानी में डुबने से हुई हादसा**

**चांदन (बांका)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आनंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लहरनियां गांव के एक आदमी लहरनियां जोर में मछली पकड़ने के दौरान पेर फिसलने से गहरे पानी में डुबने से मौत हो जाने की मामला सामने आया है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गोरखा पुझार उम्र करीब 40 वर्ष पिता स्व० मति पुझार बुधवार शाम को मछली पकड़ने के लिए गांव स्थित लहरियां जोर गए थे। जहां मछली पकड़ने के दौरान पैर फिसलने से गहरे पानी में डुबने से मौत हो गई।मृतक के स्वजनों व स्थानीय लोगों के द्वारा काफी खोजबीन के बाबजूद मृतक की कहीं कोई पता नहीं चल सका।आज गुरुवार सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे आनंदपुर थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने घटनास्थल पर सदलबल पहुंच कर मामले की जांच में जुटी गईतथा थानाध्यक्ष के सूचना पर पहुंचे फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सेंपलिंग एकत्र कर जांच के लिए अपने साथ ले गईइस संबंध में थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया मृतक गोरखा पुझार की शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बांका भेज दिया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट व फोरेंसिक जांच रिपोर्ट आने के बाद मौत की सही कारणों की पता लगेगा।

### हैदराबाद (तेलंगाना) से आए दत्तक अभिभावकों को सौंपी गई आवासित बालिका

**प्री-एडॉप्शन फोस्टर केयर के अंतर्गत हैदराबाद से आए संभावित दत्तक अभिभावकों को दिया गया।**

**आरा (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के द्वारा विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान में आवासित बालिका को प्री-एडॉप्शन फोस्टर केयर के अंतर्गत हैदराबाद (तेलंगाना) से आए संभावित दत्तक अभिभावकों को दिया गया। यह प्रक्रिया केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण की गई। अवसर पर जिलाधिकारी ने दत्तक अभिभावकों से बालिका की समुचित देखभाल, संरक्षण एवं पालन-पोषण करने का अनुरोध किया। साथ ही उन्होंने सहायक निदेशक, बाल संरक्षण इकाई को बालिका के कल्याण एवं समग्र विकास की नियमित फॉलो-अप एवं निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि जो भी अभिभावक दत्तक ग्रहण करना चाहते हैं, वे केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन एवं पंजीकरण कर सकते हैं। इस अवसर पर सहायक निदेशक बाल संरक्षण ईकाई, बाल संरक्षण पदाधिकारी,कॉर्डिनेटर विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान उपस्थित थे।



### आवासीय दिल्ली पब्लिक स्कूल में क्विज प्रतियोगिता

**विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एंटी करप्शन इंटरनेशनल काउंसिल के तत्वाधान में गुरुवार को खैरटिया स्थित आवासीय दिल्ली पब्लिक स्कूल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न विषयों से जुड़े प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी बौद्धिक क्षमता और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परिषद के प्रदेश अध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच ज्ञान का विस्तार करना, उनमें नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा राष्ट्रहित के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना है। उन्होंने बताया कि क्विज प्रतियोगिता जैसे आयोजनों से छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है और उनकी तार्किक क्षमता का विकास होता है।प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया तथा सामान्य ज्ञान, इतिहास, विज्ञान और समसामयिक विषयों से जुड़े सवालों के जवाब देकर अपनी मेधा का परिचय दिया। कार्यक्रम में जिला महिला सेल की जिलाध्यक्ष पायल गुप्ता भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस अवसर पर परिषद के अन्य पदाधिकारियों में अधिवक्ता कश्यप सिंह, राहुल वर्मा, प्राचार्य अजीत दुबे सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया।



# जीविका समूह मेगा ऋण वितरण समारोह का किया गया आयोजन

**मेघा ऋण वितरण जिले के जीविका समूहों में 51 करोड़ रुपए का ऋण वितरण किया गया**




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्टेट बैंक आफ इंडिया के तत्वाधान में जीविका पूर्वी चम्पारण के साथ जीविका समूह मेगा ऋण वितरण समारोह का आयोजन मोतिहारी के बापू प्रेक्षागृह सभागार में किया गया । इस कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों से लगभग 2 हजार जीविका दीदियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ्भ मुख्य अतिथि पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी, महाप्रबंधक आर नटराजन, जीविका के राज्य परियोजना प्रबंधक (बैंक लिंकेज) पुष्पेंद्र सिंह तिवारी एवं जीविका समूह की दीदियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस एक दिवसीय मेगा ऋण वितरण कार्यक्रम में जीविका के राज्य परियोजना प्रबंधक पुष्पेंद्र सिंह तिवारी द्वारा जीविका द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा करते हुए बताया कि दीदियाँ आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण की ओर बढ़ रही हैं। जीविका दीदियों को अपने रोजगार और जीविकोपार्जन को बढ़ावा देने हेतु अधिक से अधिक ऋण प्राप्त करने में बैंको का सहयोग मिल रहा है। साथ ही जीविका दीदियों को दिए गए ऋण के वापसी का दर भी काफी बेहतर होता जा रहा हैं। जीविका दीदियां स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से साप्ताहित बैठक कर अपनी ऋण जरूरतों पर चर्चा करते हुए योजना बनाती है एवं साप्ताहिक बचत, लेन-देन, ऋण वापसी एवं लेखांकन करते हुए ऋण प्राप्त करती हैं । कोई भी समूह NPA न हो इसके लिए ऋण वापसी कमिटियों द्वारा कार्य किया जाता है। ऋण वापसी का विवरण जीविका के टक्र पोर्टल पर ऑनलाइन किसी के भी द्वारा देखा जा सकता है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक ने जीविका समूहों के साथ ऋण वितरण सम्बन्धी गतिविधियों के सभी स्तर पर पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया साथ ही मुख्य महाप्रबंधक ने उपस्थित सभी जीविका दीदियों एवं बैंक शाखा प्रबंधकों को संबोधित करते हुए कहा की जीविका के सभी समूहों का जुड़ाव बहुत ही महत्वपूर्ण है और सभी समूह से जुडी दीदियाँ इसका लाभ लेकर अपने आर्थिक स्तिथि को बेहतर बना सकती है ' साथ ही जिले के सभी बैंक शाखाओं में अधिक से अधिक जीविका समूहों के बचत एवं ऋण खाता खोलने का निर्देश दिया। जीविका के प्रतिनिधियों द्वारा जिले में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ बैंकिंग संबंधी गतिविधियों की जानकारी साझा की गयी एवं जिले में वित्तीय समावेशन की दिशा में किये जा रहे कार्यों के विषय में विस्तृत रूप से चर्चा किया गया` आज के मेगा ऋण वितरण समारोह में जिले के जीविका समूहों में 51 करोड़ रुपए का ऋण वितरण किया गया। जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक प्रभारी श्री सौरभ कुमार, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधकों सहित जिले के सभी जीविका प्रखंड परियोजना प्रबंधक, विषयगत प्रबंधकों एवं प्रखंड स्तरीय जीविका कर्मी के अलावा बैंक के अन्य प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में जीविका दीदियों ने भाग लिया।

## मोतिहारी शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी के यहां जीएसटी का छापा

**टैक्स चोरी को लेकर जीएसटी विभाग की बड़ी कार्रवाई**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राज्य कर संयुक्त आयुक्त जीएसटी विभाग की विशेष टीम ने बड़े पैमाने पर छापेमारी की। राज्य कर अपर आयुक्त (प्रशासन), मुजफ्फरपुर, वाणिज्य कर विभाग के निर्देशानुसार छापेमारी दल द्वारा कर चोरी, फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (TIC) के दावों और बोगस बिलिंग संबंधी तथ्यी के आधार पर मोतिहारी के दो प्रमुख व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आभा इन्दरप्राईजेल एवं पान और वर्क कनेक्ट प्रा० लि० का निरीक्षण किया गया। छापेमारी दल द्वारा मौके पर ही व्यापारिक खाता बही, बही कर बीजक, बैंक स्टेटमेन्ट, भौतिक स्टॉक जब्त किये गए। छापेमारी की जानकारी मिलते ही अन्य कारोबारियों में अफरातफरी मच गई। छापेमारी दल द्वारा करोड़ रुपये से अधिक की संभावित कर चोरी का प्रारंभिक खुलासा किया गया है। फिलहाल अधिकारियों द्वारा जांच जारी है। संतोष कुमार, राज्य कर संयुक्त आयुक्त (प्रभारी), पूर्वी चम्पारण ने बताया कि उक्त दोनों व्यवसायियों द्वारा छड सिमेन्ट का बोगस बिलिंग करते हुए ठेकेदारी / कार्य-संवेदकों को फर्जी तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट का हस्तांतरण किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान व्यवसायियों द्वारा गलती स्वीकार करते हुए फिलहाल 60 लाख रुपए का GST भुगतान कर दिया गया है। छापेमारी के उपरांत संबंधित प्रतिष्ठानों पर जीएसटी अधिनियम के अंतर्गत सक्षम प्राधिकार द्वारा कर, ब्याज एवं पेनाल्टी की राशि अधिरोपित कर वसूली की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि वालोच्य अवधि 2025-26 के अंतिम माह मार्च - 2026 में सभी व्यवसायी विधिसम्मत ससमय ऋ्रळ विवरणी दाखिला एवं कर भुगतान करना सुनिश्चित करें।

## आरएलएसवाई कॉलेज के तालाब में डूबने से मजदूर की मौत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के रामलखन सिंह यादव कॉलेज परिसर स्थित तालाब में गुरुवार सुबह डूबने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के आईटीआई धांगड़ टोली निवासी भदई पासवान (58) के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची मुफस्सिल थाना पुलिस ने शव को तालाब से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया।मिली जानकारी के अनुसार भदई पासवान आईटीआई मोहल्ले में एक किराना दुकान पर मजदूरी करते थे। मृतक के रिश्तेदार राजीव कुमार चौधरी ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 5.30 बजे भदई पासवान शौच के लिए घर से निकले थे, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटे। इसी बीच लोगों को तालाब में एक शव दिखा, जिसकी सूचना पर परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे।तालाब में शव देख लोगों की भीड़ जुट गई और इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। परिजनों ने शव की पहचान भदई पासवान के रूप में की। परिजनों ने आशंका जताई है कि शौच के दौरान पैर फिसलने से वह तालाब में गिर गए, जिससे डूबकर उनकी मौत हो गई। भदई पासवान दो भाइयों में छोटे थे। उनके दो पुत्र और एक पुत्री हैं, जिनमें से एक पुत्र की करीब एक वर्ष पहले मौत हो चुकी है। घटना के बाद पत्नी रीता देवी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के कमाऊ सदस्य की मौत से घर के भरण-पोषण की चिंता बढ़ गई है।इस संबंध में मुफस्सिल थानाध्यक्ष सम्राट सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## साइबर ठगों ने एसएसबी की महिला कर्मी के खाते से उड़ाए 85 हजार रुपये

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** साइबर अपराधियों ने 44वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में कार्यरत महिला कर्मी प्रीति कुमारी के बैंक खाते से 85 हजार रुपये की ठगी कर ली। यह राशि चार बार में खाते से निकाली गई। प्रीति कुमारी की तैनाती नरकटियागंज में बताई जा रही है। मामले में पीड़िता ने शिकारपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।शिकारपुर थानाध्यक्ष ज्वाला सिंह ने बताया कि महिला कर्मी की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।दर्ज प्राथमिकी के अनुसार प्रीति कुमारी ने पुलिस को बताया कि उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि वह उनके पति को पैसे भेजना चाहता है, लेकिन उनके नंबर पर ट्रांजैक्शन नहीं हो रहा है, इसलिए वह पैसे उनके नंबर पर भेजना चाहता है। इस पर प्रीति कुमारी ने कहा कि यदि पैसों से संबंधित कोई बात होगी तो उनके पति स्वयं संपर्क करेंगे।

## रक्सौल में डॉ. प्रवीण तोगड़िया का संबोधन, हिंदू समाज की एकता पर जोर



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद और बजरंग दल के संस्थापक डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने रक्सौल में आयोजित एक कार्यक्रम में हिंदू समाज को संगठित होने का आह्वान किया। शहर के आर्य समाज मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कार्यकताओं और प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए धर्म, इतिहास और वर्तमान समय की चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में पहुंचने पर संगठन के कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। अपने संबोधन में डॉ. तोगड़िया ने कहा कि यदि हिंदू समाज जातियों में बंटा रहेगा तो उसका अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि ह्लहिंदू बंटे तो कटेंगेह्व, इसलिए समाज को एकजुट होकर अपनी ताकत को पहचानने की जरूरत है। उन्होंने समाज को संगठित करने के लिए हर गांव और कस्बों में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के आयोजन पर भी जोर दिया। डॉ. तोगड़िया ने हिंदू धर्म के प्राचीन वैभव का उल्लेख करते हुए कहा कि सृष्टि के रचयिता भगवान महादेव के नाद ह्यॐह्व से ही समस्त सृष्टि की उत्पत्ति हुई है। उन्होंने कहा कि आज समाज में मौजूद विभिन्न जातियां जैसे मौर्य, यादव, कुशवाहा, पासवान, जाट या पंडित झ सभी के पूर्वज एक ही रहे हैं और सृष्टि की शुरूआत से ही हिंदू धर्म अस्तित्व में रहा है। उन्होंने कहा कि एक समय भारत ज्ञान, विज्ञान, गणित और शून्य की खोज के कारण पूरी दुनिया का केंद्र रहा, लेकिन पिछले दो हजार वर्षों से कई चुनौतियों से जूझ रहा है। उन्होंने भारत के विभाजन का उल्लेख करते हुए पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के निर्माण को हिंदू समाज की कमजोरी का परिणाम बताया। सीमावर्ती क्षेत्रों की संवेदनशीलता पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने बिहार के सीमावर्ती जिलों, विशेषकर कटिहार और पूर्णिया का जिक्र किया और कहा कि वहां की जनसंख्या तेजी से बदल रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि हिंदू समाज ने अपनी संख्या और एकता पर ध्यान नहीं दिया तो आने वाले 30 से 40 वर्षों में इन क्षेत्रों की स्थिति पूरी तरह बदल सकती है।

## फ्यूचर ऑफ फार्मिंग कार्यशाला में किसानों को मिली एआई तकनीक से आधुनिक खेती की जानकारी




**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से बिहार राज्य परिषद के तत्वावधान में पटना स्थित मौर्या होटल में एक दिवसीय किसान कार्यशाला फ्यूचर ऑफ फार्मिंग का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीक और एआई आधारित खेती के तरीकों से परिचित कर उनकी आय बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना था।कार्यशाला में पश्चिम चंपारण जिले के नौतन प्रखंड के बैकुंठवा, मझौलिया और बेतिया क्षेत्र के दर्जनों किसानों ने भाग लेकर आधुनिक खेती की नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स बेतिया के सदस्य सह ईश्वर शांति विधि महाविद्यालय, झखरा नौतन के डायरेक्टर ज्ञानेंद्र शरण ने बताया कि किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें खेती में नई तकनीकों के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यशाला में मत्स्य पालन, सब्जी उत्पादन, मशरूम और स्ट्रॉबेरी की खेती, वर्मी कम्पोस्ट, हाइब्रिड बीज तथा ऑर्गेनिक अनाज उत्पादन से जुड़े किसानों ने भाग लिया और विशेषज्ञों से आधुनिक खेती के गुर सीखे।इस अवसर पर बिहार के कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि सरकार किसानों को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है और ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें आधुनिक तकनीकों से जोड़ा जा रहा है। वहीं विधायक संजीव चौरसिया तथा नॉर्वे के पूर्व ऊर्जा मंत्री सह एशिया-यूरोप ब्यूरोसैल के प्रतिनिधि वैज्ञानिक एरिक सॉलमेन ने भी किसानों को संबोधित किया। एरिक सॉलमेन ने सौर ऊर्जा के उपयोग से कम लागत में सिंचाई और अधिक उत्पादन की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में बैकुंठवा के किसान राघोशरण प्रसाद, माधोपुर के सुशील जायसवाल, आनंद सिंह, संदीप श्रीवास्तव, बिरबल मौर्य, शुभम कुमार, अमित कुमार सिंह, ऋषभ गुप्ता व कुमार प्रतीक सहित कई किसानों ने भाग लिया। इस दौरान कुछ किसानों को सम्मानित भी किया गया।

## छपरा निवासी युवक पर फायरिंग मामले में प्राथमिकी दर्ज

**जख्मी के फर्दबयान पर तीन नामजद व तीन अज्ञात आरोपित बने**

**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिन्हा थाना क्षेत्र के महुली घाट के समीप बुधवार की शाम छपरा निवासी अभिषेक यादव पर फायरिंग मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जख्मी अभिषेक यादव के फर्दबयान पर सिन्हा थाना क्षेत्र के मरहा गांव निवासी उत्तम सिंह, ध्रुव सिंह एवं संजय सिंह को नामजद व तीन अज्ञात को आरोपित बनाया गया है। दिए गए फर्दबयान में अभिषेक यादव द्वारा बताया गया है कि उनके दोस्त विवेक तिवारी का ससुराल सिन्हा गांव में है। बीते 18 फरवरी को उनके बेटे का छट्ठी था। जिसमें उसके दोस्त विवेक तिवारी का उत्तम सिंह से विवाद हुआ था। उसने बताया कि उसके दोस्त विवेक तिवारी की पत्नी एवं ससुराल वालों द्वारा उसके खिलाफ दहेज मांगने का आरोप लगाते हुए आरा महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसको लेकर उसके दोस्त विवेक तिवारी को आरा महिला थाना द्वारा बुधवार को थाना बुलाया गया था। जिसे लेकर दोनों महिला थाना आये थे। इसी बीच जब वे लोग जब महुली घाट पहुंचे। तभी उत्तम सिंह वहां आया और ताबातोड़ उनके दोस्त विवेक तिवारी पर फायरिंग कर दी।

## डीएम के निर्देश पर गैस एजेंसियों की जांच, अनियमितता पर सख्ती के संकेत

**डीसीएलआर सदर ने कई एजेंसियों का किया निरीक्षण, कालाबाजारी व अधिक मूल्य वसूली पर चेतावनी**



**कोईलवर (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भोजपुर जिले में एलपीजी गैस की बिक्री व वितरण में कालाबाजारी, जमाखोरी, अधिक मूल्य वसूली तथा अन्य अनियमितताओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने जांच अभियान तेज कर दिया है। जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर गुरुवार को कोईलवर में डीसीएलआर सदर आरा आयुष अनंत ने गैस एजेंसियों की औचक जांच की। इस दौरान जानकी इंडेन गैस एजेंसी सहित क्षेत्र की कई एजेंसियों का निरीक्षण कर वितरण व्यवस्था का जायजा लिया गया। जांच के दौरान डीसीएलआर ने गैस सिलेंडर के स्टॉक रजिस्टर, उपभोक्ता रजिस्टर, वितरण प्रणाली और गोदाम की स्थिति की बारीकी से पड़ताल की। साथ ही एजेंसी संचालकों को निर्देश दिया गया कि उपभोक्ताओं को निर्धारित दर पर ही गैस उपलब्ध कराई जाए और किसी भी स्थिति में अधिक मूल्य वसूली या जमाखोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने यह भी देखा कि गैस सिलेंडर का वितरण पारदर्शी तरीके से हो रहा है या नहीं तथा उपभोक्ताओं को समय पर गैस की आपूर्ति मिल रही है या नहीं। डीसीएलआर ने एजेंसी संचालकों को स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर जांच में किसी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी की शिकायत सही पाई जाती है तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर आपूर्ति विभाग के कर्मियों ने भी गैस सिलेंडरों के भंडारण, सुरक्षा मानकों और रिकॉर्ड का मिलान किया। वहीं स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन के इस कदम की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि इससे उपभोक्ताओं को सही दर पर गैस उपलब्ध हो सकेगी।

## प्रारंभिक स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा तक की वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा प्रारंभ

**विद्यालयों में आधारभूत संरचना के अभाव में प्रश्न पत्र नहीं होने से बच्चों एवं वीक्षको को हुई परेशानियां**



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के सरकारी प्रारंभिक एवं मध्य विद्यालयों में पहली से आठवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं की वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा गुरुवार से प्रारंभ हो गई। परीक्षा दोनों पालियों में आयोजित की गई। जानकारी देते हुए राजकीय मध्य विद्यालय खड़तरी मध्य के प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश रंजन ने बताया कि पहली पाली में तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की पर्यावरण और हम विषय की परीक्षा हुई। जबकि छठी से आठवीं तक की समाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। वही दूसरी पाली में पहली तथा दूसरी कक्षा के बच्चों के लिए हिंदी व उर्दू भाषा की मौखिक परीक्षा आयोजित की गई। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सरोज कुमार सिंह ने बताया कि राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् बिहार, पटना के निर्देश पर प्रश्नपत्र पहले से स्कूलों में भेजने की परंपरा समाप्त कर दी गई है। नई व्यवस्था के तहत प्रश्नपत्र ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर परीक्षा प्रारंभ होने से 45 मिनट पूर्व अपलोड की गई थी। जिसे विद्यालय के प्रधानाध्यापक या अधिकृत शिक्षक डाउनलोड कर उसे ब्लैक बोर्ड पर लिखकर छात्रों को प्रश्न दिए गये। जिसे देखकर छात्रों ने अपनी उत्तर पुस्तिका में उसका उत्तर लिखा। इस व्यवस्था का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाना है। लेकिन प्रश्न पत्र नहीं होने के कारण प्रखंड क्षेत्र के कई विद्यालयों में जहां आधारभूत संरचना की कमी थी, उन विद्यालयों के बच्चों एवं वीक्षकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। परीक्षा के नाम पर काफी संख्या में बच्चों की भीड़ उमड़ पड़ी। जबकि कई विद्यालयों में बच्चों के बैठने की व्यवस्था नहीं थी, तो कहीं वर्ग कक्ष का अभाव या फिर श्यामपट्ट नहीं होने के कारण असहजता की स्थिति उत्पन्न हो गई। इधर पीएम श्री महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी में छठी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों ने वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा में भाग लिया। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह, शिक्षक रवि कुमार रवि, जितेंद्र पंडित, खालिद हसमुल्लाह, चंद्रिका कुमार, शिक्षिका किरण सिंह, मेधा पुष्कर, सुजाता कुमारी, नंदिता कुमारी, लिपिक विनोद कुमार सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## ईद की नमाज के समय भारी वाहनों का परिचालन रहेगा ठप



**पीरो (भोजपुर)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईद के दिन नमाज के वक्त पीरो में आरा-सासाराम स्टेट हाइवे पर भारी वाहनों का परिचालन एक घंटे के लिए ठप्प रहेगा। इस आशय का निर्णय गुरुवार को पीरो अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कृष्ण कुमार सिंह की मौजूदगी में आयोजित शांति समिति की बैठक में लिया गया। बैठक में तय हुआ कि नमाज में कोई व्यवधान उत्पन्न नही हो, इसलिए उक्त अवधि में छोटे वाहनों का परिचालन गांधी चैक के रास्ते पुराने स्टेशन रोड से किया जाए। सभी मस्जिदों के आसपास ईद से पहले नगर परिषद व ग्राम पंचायत की स्वच्छता टीम साफ-सफाई सुनिश्चित करेगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मियों को निदेश दिया गया कि नमाज के समय भीड भाड वाले मस्जिदों के पास मेडिकल टीम तैनात करें। शांति व विधि व्यवस्था को लेकर सभी पुलिस पदाधिकारियों को सतर्क रहने तथा ईद से पहले स्थानीय शांति समिति की बैठक कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में पीरो, चरपोखरी व तरारी के प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष, स्वच्छता अभियान के पदाधिकारी के अलावे मुखिया प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुशवाहा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रोहित वर्मा, अयूब आलम सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

C M Y K

# छापेमारी में देह व्यापार और अवैध शराब के धंधे का भंडाफोड़

## दो महिलाएं को हिरासत में, पूछताछ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सरिया बाजार के कई चौक चौराहों में स्थित होटल, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस में देह व्यापार और अवैध ढंग से शराब परोसने का काम तेजी से फलफूल रहा है। इस धंधे से जुड़े लोग स्कूल परिसर, आवासीय परिसर, मुख्य मार्ग, सोसायटी की गलियों और सरिया थाना के इर्दगिर्द बेखौफ होकर इस धंधे के संचालन में जुड़े हुए हैं।

स्थानीय स्तर पर ग्रामीण और सामाजिक लोग इस प्रकार के कार्य का लगातार विरोध व प्रशासन को समय-समय पर सूचना भी दी जाती रही है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से इस धंधे से जुड़े लोगों का मनोबल दिन प्रतिदिन बढ़ता चला जा रहा है।

मंगलवार को सरिया एसडीपीओ धनंजय राम की अगुवाई में पुलिस व प्रशासनिक टीम के साथ देह व्यापार व अवैध रूप से शराब परोसने की सूचना पर सरिया हाईस्कूल के समीप झंडा चौक स्थित एक होटल सह गेस्ट हाउस में छापेमारी की गई।

छापेमारी के दौरान पूरे होटल की जांच करने पर कुछ शराब की बोतलों के साथ दो महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इसके बाद उन्हें हिदायत देकर छोड़ दिया गया। जबकि मौके से होटल के संचालक भागने में सफल रहे और कोई जोड़ा पुलिस के हाथ नहीं लग पाया। स्थानीय लोगों की मानें तो सरिया झंडा चौक के समीप, स्टेशन रोड,काली मंडा के समीप, काला रोड,गणेश मंदिर रोड, एफसीआई रोड,डाकबंगला रोड,बागोडीह मोड़ के इर्द गिर्द दर्जनों होटल, रेस्टोरेंट गेस्ट हाउस आदि में देह व्यापार का धंधा संचालित हो रहा है।

इसमें अधिकतर स्कूल-कॉलेज के युवक युवती के अलावा सरिया, बिरनी, बगोदर, राजधनवार, धनबाद, आसनसोल आदि क्षेत्रों से महिलाओं को होटल संचालक बुलाकर देह व्यापार का धंधा करा रहे हैं। इसके एवज में संचालक रूम किराया के रूप में घंटा के हिसाब से मोटी रकम वसूलते हैं।

रेस्टोरेंट की आड़ में शराब परोसी जा रही है। इस कारण अक्सर शहर की सड़कों पर शराबियों का जमावड़ा देखा जाता है। साथ ही ये शराबी हुड़दंग करते भी देखे जाते हैं। एसडीपीओ ने बताया कि सूचना के आधार पर मंगलवार को छापेमारी की गई थी लेकिन मौके से संचालक फरार हो गए। हालांकि इस प्रकार की घटनाओं के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

एसडीएम गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की सूचना पर मंगलवार को एक टीम गठित कर सरिया झंडा चौक स्थित एक होटल में छापेमारी कर जांच कराई गई थी। सूचना मिलने पर प्रशासन ऐसे कार्यों के विरुद्ध छापेमारी अभियान आगे भी चलाएगा।

# साइकिल से विस पहुंचे इरफान अंसारी

## साइकिलिंग से फिट रहना आसान : मंत्री



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी साइकिल चलाकर विधानसभा पहुंचे। मंत्री के इस कदम को लेकर राजनीतिक हलकों के साथ-साथ आम लोगों में भी चर्चा रही। विधानसभा परिसर पहुंचने के बाद उन्होंने कहा कि साइकिल से आने का उद्देश्य केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आज के समय में पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में साइकिल एक बेहतर और सस्ता विकल्प हो सकता है। उन्होंने कहा कि साइकिल चलाने से शरीर स्वस्थ रहता है और कई प्रकार की बीमारियों का खतरा भी कम हो जाता है। इसलिए लोगों को अपने दैनिक जीवन में साइकिल चलाने की आदत डालनी चाहिए। नियमित व्यायाम और साइकिलिंग से फिट रहना आसान होता है। मंत्री ने बताया कि बुधवार को विधानसभा में स्वास्थ्य विभाग के बजट पर भी चर्चा होनी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सदन में सकारात्मक चर्चा होगी और राज्य की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।इस दौरान मंत्री ने देश में बढ़ती महंगाई पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि एलपीजी सहित कई आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ने से आम लोगों, खासकर महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए इरफान अंसारी ने कहा कि रामनवमी के दौरान डीजे बजाने के मुद्दे पर भाजपा का धरना केवल राजनीतिक नाटक है। उन्होंने कहा कि देश सभी धर्मों के लोगों का है और समाज में आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखना जरूरी है।

## हिन्दू सम्मेलन में उमड़े लोग

**जामताड़ा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा ने हिंदुओं से आह्वान किया कि सभी को एक साथ रहने की जरूरत है। सामूहिक शक्ति के अभाव में हिंदू समाज बिखर रहा है। इसे बचाए रखने की जरूरत है। हिंदू नहीं रहा तो दुनिया नहीं रहेगी। सनातन से ही सृष्टि की रक्षा संभव है। समाज में जो भी समस्याएं हैं, उसका समाधान भी संभव है। हिम्मत और साहस कभी नहीं छोड़ना है। वे शनिवार को जामताड़ा जिले के करमाटार प्रखंड क्षेत्र के पिंडारी स्थित प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

# हावड़ा-आनंद विहार एक्सप्रेस में लगेंगे अतिरिक्त कोच




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर/धनबाद।** लोकप्रिय एक्सप्रेस ट्रेनों में अधिक कोच जोड़ने की पहल लगातार रेलवे की ओर से की जा रही है। ये कार्य यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखने हुए किया जा रहा है।

रेल यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा हावड़ा-आनंद विहार-हावड़ा अमृत भारत एक्सप्रेस में स्थायी तौर पर एक अतिरिक्त सामान्य द्वितीय श्रेणी तथा एक शयनयान श्रेणी का कोच जोड़ने का निर्णय लिया है।

रेलवे द्वारा जारी सूचना के तहत 13065/13066 हावड़ाझ्रआनंद विहारझ्रहावड़ा अमृत भारत एक्सप्रेस में एक सामान्य द्वितीय श्रेणी तथा एक शयनयान श्रेणी कोच जोड़ा जाएगा, जो 12 मार्च से हावड़ा से रवाना होगी और 14 मार्च से आनंद विहार टर्मिनल से रवाना होगी।

यह ट्रेन अब 20 एलएचबी कोच के बजाय 22 एलएचबी कोच के साथ चलेगी।

धनबाद-अलेप्पी एक्सप्रेस 16 मार्च को एक घंटे पांच मिनट लेट से खुलेगी। दिन में 11:35 के बदले दोपहर 12:40 पर रवाना होगी। देर से खुलने के कारण गंतव्य तक लेट से पहुंचने की संभावना है।

# लोगों की थाली में परोसा जा रहा जहर

## जब्त पनीर और घी ने खोले राज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** शहर में मिलावटखोरों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग ने गुरुवार की सुबह सर्जिकल स्ट्राइक की है। धनबाद स्टेशन रोड पर जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम ने दबिश देकर बुंदेला बस से भारी मात्रा में नकली पनीर और घी जब्त किया था। जब्त खाद्य पदार्थों से यह मामला सामने आया है कि लोगों की थाली में पौष्टिक आहार नहीं बल्कि जहर परोसा जा रहा है।

विदित हो कि पकड़ी गई सामग्री की भयावहता देख अधिकारियों के भी होश उड़ गए। आशंका जताई जा रही है कि यह पनीर दूध से नहीं, बल्कि खतरनाक रसायनों और असुरक्षित पदार्थों से तैयार किया गया है।खाद्य विभाग को पुख्ता जानकारी मिली थी कि पटना से बोकारो जा रही बुंदेला बस के जरिए नकली पनीर और घी की एक बड़ी खेप खपाने के लिए लाई जा रही है।

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ऋड की टीम ने तड़के स्टेशन रोड पर घेराबंदी की। जैसे ही बस पहुंची, तलाशी शुरू की गई। बस की डिक्की और सीटों के नीचे छिपाकर रखे गए प्लास्टिक कैरेट और टिन के डिब्बों से संदिग्ध पनीर और घी के अंबार मिले।

जब्ती के बाद बस को तुरंत धनबाद थाने लाया गया, जहां पूरी दोपहर गहमागहमी रही। विभाग ने बरामद सामग्री का नमूना (सैंपल) लेकर उसे जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला भेजने की प्रक्रिया पूरी की।जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि यह खेप पटना से लोड की गई थी और इसे बोकारो के बाजारों में खपाया जाना था।जानकारी के अनुसार, मिलावटखोरों का यह नेटवर्क हर दिन पटना से भारी मात्रा में नकली पनीर और मावा बोकारो भेज रहा है। होली के मद्देनजर मांग बढ़ने के कारण इस अवैध कारोबार में तेजी आई है।

यह पहली बार नहीं है जब बुंदेला बस का नाम इस काले कारोबार में आया है। पिछले वर्ष जुलाई 2025 में भी इसी बस से फूड सेफ्टी विभाग ने 900 किलो मिलावटी पनीर जब्त किया था।

तब उस खेप को धनबाद के नामी होटलों और रेस्टोरेंट्स में सप्लाई किया जाना था। बार-बार एक ही बस का नाम आने से अब परिवहन विभाग और पुलिस भी सतर्क हो गई है।

विभाग ने आम जनता को सचेत किया है कि खुले में बिक रहे पनीर और बिना भरोसेमंद ब्रांड वाले घी को खरीदने से बचें। यदि स्वाद में कड़वाहट या रंग में अप्राकृतिक सफेदी दिखे, तो यह 'सफेद जहर' हो सकता है।

# लॉटरी के जरिये राणा ओझा विजयी घोषित



- दोनों पक्षों को मिले दस-दस वोट
- बाहर समर्थकों की थमी रही सांसें
- बधाई देने वालों का लगा तांता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** गुरुवार दोपहर नगर परिषद कार्यालय और उसके आसपास लोगों की काफी भीड़ जुटी हुई थी। अंदर नगर परिषद उपाध्यक्ष पद के लिए डाले गए मतों की गिनती चल रही थी, जबकि बाहर खड़े लोग टकटकी लगाए परिणाम का इंतजार कर रहे थे। समर्थक, आम नागरिक और पार्षदों के परिचित सभी की नजर मतगणना कक्ष से आने वाली खबर पर टिकी हुई थी। माहौल में उत्सुकता और हल्की बेचैनी साफ महसूस की जा रही थी। कुछ ही देर बाद अंदर से खबर आई कि एक मत अमान्य घोषित कर दिया गया है। इसके साथ ही यह भी जानकारी सामने आई कि दोनों प्रत्याशी राणा ओझा और रूपाली सरकार को 10-10 मत मिले हैं। यह खबर बाहर पहुंचते ही वहां मौजूद भीड़ में अचानक सन्नाटा छा गया। इस अप्रत्याशित परिणाम ने सभी को हैरान कर दिया। किसी ने भी ऐसे नतीजे की कल्पना नहीं की थी। लोगों के बीच तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिलने लगीं।

चुनाव परिणाम बराबरी पर आने और एक मत अमान्य घोषित होने के बाद मतगणना स्थल के बाहर मौजूद लोगों और समर्थकों के बीच चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। कोई इसे क्रॉस वोटिंग से जोड़कर देखने लगा तो कोई इसे साजिश करार देने लगा। वहीं, कुछ लोग इसे किसी पार्षद की नासमझी या मतदान के दौरान हुई गलती का परिणाम बता रहे थे। कुल मिलाकर माहौल में जिज्ञासा और अटकलों का दौर तेज हो गया। इसी बीच प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि नियमों के अनुसार, बराबरी की स्थिति में विजेता का फैसला लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

यह सूचना मिलते ही दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों की धड़कनें तेज हो गईं। हर कोई अंतिम फैसले का इंतजार करने लगा। ऐसी स्थिति में प्रत्याशियों की मनःस्थिति का अंदाजा भी सहज ही लगाया जा सकता था।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार और अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन की मौजूदगी में लॉटरी की प्रक्रिया पूरी कराई गई। जब लॉटरी के जरिए परिणाम घोषित किया गया तो किस्मत ने राणा ओझा का साथ दिया और उन्हें विजेता घोषित किया गया।इस तरह राणा ओझा नगर परिषद के नए उपाध्यक्ष निर्वाचित हो गए। परिणाम की घोषणा होते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद करीब डेढ़ बजे जब राणा ओझा नगर परिषद कार्यालय से बाहर निकले तो बाहर मौजूद समर्थकों ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया और जीत की बधाई दी। मौके पर मौजूद पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष बाबुधन मुर्मू ने खुशी जताते हुए कहा कि राणा ओझा की जीत शहर के विकास को नई दिशा देगी और आने वाले समय में नगर परिषद क्षेत्र में विकास की नई गाथा लिखी जाएगी।




साहिबगंज। एलपीजी की बुकिंग व्यवस्था चरमरा गयी है। काफी प्रयास करने के बाद भी गैस की बुकिंग नहीं हो रही है। इससे उपभोक्ता परेशान हैं। बताया जा रहा है कि वेबसाइट में तकनीकी समस्या आ रही है जिससे बुकिंग नहीं हो रही है। इस समस्या से कुछ गैस एजेंसी संचालकों ने जिला प्रशासन को कराया है। इसे देखते हुए डीएसओ ने 13 मार्च को गैस एजेंसी संचालकों की बैठक बुलायी है। इसमें आगे की रणनीति पर चर्चा होगी। उधर, कॉमर्शियल गैस की आपूर्ति बंद कर दी गयी है जिससे होटल व रेस्टोरेंट चलाने वाले लोग परेशान हैं।

# फर्जी लूट काण्ड का मास्टर माइंड चढ़ा पुलिस के हत्थे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मिहिजाम/दुगार्पुर।** करीब डेढ़ साल से फरार चल रहे चर्चित एक करोड़ रुपये के फर्जी लूटकांड के मुख्य आरोपित पृथ्वीराज ओसवाल को आखिरकार सीआईडी ने गिरफ्तार कर लिया। रूपनारायणपुर निवासी पृथ्वीराज ने हाल ही में दुगार्पुर अदालत में आत्मसमर्पण किया था। अदालत ने उसे पांच दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया है, जहां उससे पूरे गिरोह और ठगी के नेटवर्क को लेकर पूछताछ की जा रही है। यह मामला पांच सितंबर 2023 को दुगार्पुर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-19 स्थित पियाला काली मंदिर के पास सामने आया था। उस समय दिल्ली के व्यवसायी मुकेश चावला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनसे 1.01 करोड़ रुपये की लूट हुई है। घटना के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया था और तत्काल जांच शुरू की गई थी।

जांच के दौरान पुलिस को चौंकाने वाली जानकारी मिली। जिस लूटकांड को करोड़ों रुपये की बड़ी वारदात बताया जा रहा था, वह असल में एक सोची-समझी ठगी का नाटक निकला। गिरोह ने व्यवसायी को लालच देकर पूरी साजिश रची थी। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि वाहन में असल में कोई नकदी नहीं थी। अपराधियों ने केवल 1.01 करोड़ रुपये होने का दिखावा किया और नकली लूट की घटना को अंजाम देकर ठगी की कोशिश की।मामले की जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। पुलिस ने इस केस में दुगार्पुर थाने के एएसआई असीम चक्रवर्ती, सीआईडी बम स्क्वॉड के जवान चंदन चौधरी और डीआईबी के बर्खास्त अधिकारी मृत्युंजय सरकार समेत कई लोगों को गिरफ्तार किया था। इसके अलावा दुगार्पुर, सालानपुर, उत्तर प्रदेश, पूर्व मेदिनीपुर और रांची से भी कई आरोपितों को पुलिस ने पकड़ा था। हालांकि गिरोह का मुख्य मास्टरमाइंड पृथ्वीराज लंबे समय तक पुलिस से बचता रहा।

जांच में पता चला कि यह गिरोह बड़े कारोबारियों को अधिक मुनाफे का लालच देकर अपने जाल में फंसाता था। दिल्ली के रेलवे ठेकेदार मुकेश चावला को भी 50 लाख रुपये के बदले करीब 65 लाख रुपये देने का झांसा दिया गया था। लालच में आकर उन्होंने पूर्व मेदिनीपुर के एक खाते में 50 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद गिरोह ने उन्हें आसनसोल बुलाया, जहां रुपयों की गिनती के नाम पर पूरा खेल रचा गया।

लकड़ी के बक्से में नकदी होने का नाटक कर उसे कार में रख दिया गया और बाद में दुगार्पुर में खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर नकली लूट की घटना को अंजाम दिया गया। जांच में यह भी सामने आया कि इस पूरी साजिश की योजना सालानपुर थाना क्षेत्र के रूपनारायणपुर स्थित पृथ्वीराज ओसवाल और उसके सहयोगी अजय दास के घर पर बनाई गई थी।

# युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## वीडियो वायरल करने की दी जा रही थी धमकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**झुमरी तिलैया (कोडरमा)।** झुमरी तिलैया थाना अंतर्गत तिलैया बस्ती वार्ड नंबर 2 में कथित प्यार में धोखा के कारण एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती चतरा जिले की रहने वाली थी। पिता प्रकाश राम यहां रहकर पिता दैनिक मजदूर का काम करते हैं। युवती का प्रेम प्रसंग किसी लड़के के साथ चल रहा था ,जिससे वह रात को 3:00 बजे तक बात कर रही थी।

इसी बीच दोनों के बीच कुछ अनबन हुआ और लड़की ने फांसी लगा लिया लड़के का मोबाइल स्विच फिलहाल ऑफ बता रहा है। पुलिस लड़के की पहचान में जुट गई है। पिता ने बताया कि सोमवार को उसकी सगाई होने वाली थी। घटना की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि रात 11:00 बजे घर के सभी सदस्य खाना खाकर सो गए थे, सुबह जब 5:00 बजे सीपू को उठाने के लिए दरवाजा ठकठकया तो दरवाजा नहीं खुला ,जब खिड़की से देखा तो बेटी फंदे से लटकी हुई थी। आनन-फानन में घर का रौशनदान तोड़कर कमरे में प्रवेश किया और बेटी को फंदे से उतारा।

पिता का साफ करना है, कि लड़के के बारे में उन्हें कुछ नहीं मालूम है ,जो भी पता चलेगा उसके मोबाइल से ही पता चलेगा। पिता ने बताया कि हम लोग यहां चार लोग रहते थे। जिसमें प्रकाश राम उनकी पत्नी एक छोटा बेटा और बेटी सीपू रहती थी ,जबकि एक बड़ा भाई मुंबई में काम करता है। इधर लड़की के मोबाइल से मिली जानकारी के अनुसार लड़का उसके फोटो वीडियो को वायरल करने की धमकी भी दे रहा था।

## वार्षिक परीक्षा आरंभ

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में गुरुवार से वार्षिक परीक्षा की शुरूआत हो गई। परीक्षा के पहले दिन विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ परीक्षा में भाग लिया। विद्यालय परिसर में सुबह से ही विद्यार्थियों की चहल-पहल देखी गई और शिक्षक भी परीक्षा को शांतिपूर्ण व व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में जुटे रहे प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रखंड के सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में वर्ग 3 से वर्ग 8 तक के छात्र-छात्राओं की प्रथम पाली में सामाजिक विज्ञान एवं पर्यावरण विज्ञान की परीक्षा आयोजित की गई। वहीं द्वितीय पाली में वर्ग 1 एवं वर्ग 2 के छात्र-छात्राओं की हिंदी विषय की मौखिक परीक्षा ली गई। छोटे बच्चों ने भी आत्मविश्वास के साथ अपनी परीक्षा दी विद्यालयों में परीक्षा को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। शिक्षक समय से विद्यालय पहुंचकर परीक्षा कक्ष की व्यवस्था में लगे रहे तथा बच्चों को शांतिपूर्वक परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया। परीक्षा के दौरान विद्यालयों में अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया।

# व्यावसायिक गैस सिलिंडर की आपूर्ति पर लगी रोक

## जिले में प्रतिमाह चाहिए 40 हजार रसोई गैस सिलिंडर ◻ घरेलू गैस को लेकर उपभोक्ता परेशान

***नवबिहार टाइम्स संवाददाता***

***दुमका।** पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जंग का असर अब वैश्विक उर्जा बाजार पर दिखाई देने लगा है। युद्ध की वजह से सरकार ने व्यवसायिक स्तर पर इस्तेमाल होने वाले 19 किलो और 47 किलो के गैस सिलिंडर की आपूर्ति बंद रखने का आदेश बाटलिंग प्लांटों को दिया है।*

*संभव है कि सरकार के इस आदेश के बाद होटल, रेस्तंरा, मिठाई की दुकान समेत इस तरह के अन्य कारोबारियों की परेशानी बढ़ेगी और महंगाई भी तेज होगी।*

*दुमका में दुगार्पुर, बांका, जमशेदपुर और बोकारो बाटलिंग प्लांट से 19 किलो की व्यवसायिक गैस सिलिंडर की आपूर्ति होती है, लेकिन सरकार के आदेश के बाद अब यह आपूर्ति बाधित हो गई है।*

*ऐसे में यहां प्रतिमाह 1500 व्यवसायिक गैस सिलिंडर का उपयोग करने वाले कारोबारियों के अलावा कुछ आवासीय विद्यालयों को संचालित करने के लिए ईंधन की वैकल्पिक व्यवस्था बहाल करने की दरकार पड़ेगी। दुमका में 19 किलो के व्यवसायिक गैस सिलिंडर की कीमत फिलहाल 2036 रुपये है। इधर, रसोई गैस की कीमत में 60 रुपये की बढ़ोत्तरी के बाद अब घरेलू गैस उपभोक्ताओं को रसोई गैस के लिए निबंधन का मियाद भी 15 दिनों से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है।दुमका में पहले जो रसोई गैस 910.50 रुपये में उपलब्ध थी, अब वह बढ़कर 970.50 रुपये हो गई है।उपभोक्ताओं को अब गैस सिलिंडर हासिल करने के लिए अनिवार्य रूप से इकेवाईसी कराने की बाध्यता का भी हर हाल में पालन करना होगा।*

*वहीं, सरकार ने यह भी आदेश दिया है कि सरकार विद्यालयों में मध्याह्न भोजन पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाला रसोई गैस सिलिंडर की निर्बाध आपूर्ति होगी।*

*इसमें किसी भी स्तर पर अड़चन नहीं आएगी। दुमका में फिलहाल 500 रसोई गैस सिलिंडर की खपत प्रतिमाह मध्याह्न भोजन बनाने में हो रही है।*

*दुमका जिले में तकरीबन 80 हजार रसोई गैस उपभोक्ता हैं जिन्हें प्रति माह 40 हजार सिलिंडर की जरूरत होती है। इसकी आपूर्ति के लिए जिले में भर में विभिन्न गैस कंपनियों की 26 एजेंसियां संचालित है।*

*सरकार ने गैस कंपनियों का यह सख्त निर्देश दिया है कि घरेलू उपभोक्ताओं को रसोई गैस किल्लत का सामना नहीं करना पड़े इसके लिए आपूर्ति चेन को पारदर्शी तरीके से प्रभावी बनाया जाए।*

*सरकार का स्पष्ट मानना है कि सही ढंग से वाजिब गैस उपभोक्ताओं को सिलिंडर आपूर्ति होने पर उपभोक्ताओं को कम से कम परेशानी होगी या फिर कोई परेशानी ही नहीं होगा।*

*ऐसे में सरकार ने कंपनियों को अब सभी उपभोक्ताओं के ई-केवाइसी अपडेट के साथ ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से ही गैस आपूर्ति का आदेश दिया है। इस व्यवस्था के तहत ऑनलाइन बुकिंग के बाद उपभोक्ता के निबंधित मोबाइल नंबर पर डिलिवरी आथेंटिकेशन कोड प्रेषित होगा।*

*उपभोक्ता जब इस कोड को वेंडर को दिखाएंगी तभी उन्हें सिलिंडर आपूर्ति हो सकेगा। बगैर कोड दिखाए उपभोक्ता को गैस सिलिंडर की आपूर्ति नहीं की जाएगी। वहीं, दोबारा गैस सिलिंडर हासिल करने के लिए अब उपभोक्ता को 15 दिनों के बजाए 25 दिनों में निबंधन कराना होगा।*

*केंद्रीय सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 के तहत पेट्रोलियम उत्पाद उत्पादन, भंडारण और आपूर्ति का रख-रखाव आदेश, 1999 जारी किया था, ताकि पेट्रोलियम उत्पादों के उत्पादन, भंडारण और आपूर्ति को नियंत्रित किया जा सके और जनता तथा अर्थव्यवस्था के हितों की रक्षा की जा सके। इस आदेश की धारा 3 के अनुसार यदि सार्वजनिक हित में आवश्यक हो तो केंद्र सरकार तेल रिफाइनरी कंपनियों को किसी उत्पाद के उत्पादन स्तर को बनाए रखने या बढ़ाने का निर्देश दे सकती है।*

*धारा 5 के अनुसार, केंद्र सरकार किसी भी तेल विपणन कंपनी को यह निर्देश दे सकती है कि वह अपने स्टाक से किसी भी पेट्रोलियम उत्पाद को भारत के किसी भी स्थान पर अन्य कंपनियों के डिपो या प्रतिष्ठानों को आपूर्ति करे।*

# हार्दिक के खिलाफ तिरंगे के अपमान की शिकायत

## वर्ल्ड कप जीत के जश्न के दौरान फ्लैग ओढ़कर जमीन पर लेटने का आरोप



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** क्रिकेटर हार्दिक पंड्या के खिलाफ तिरंगे के अपमान को लेकर बेंगलुरु में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुणे के वकील वाजिद खान बिडकर ने यह शिकायत की है। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत के बाद अहमदाबाद में जश्न के दौरान पंड्या पर तिरंगे का सम्मान न करने का आरोप लगाया गया है।

**वायरल वीडियो के आधार पर शिकायत-** शिकायतकर्ता के अनुसार, टीम इंडिया की जीत के बाद मैदान पर जश्न मनाते हुए कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। एक वीडियो में पंड्या अपने कंधे पर तिरंगा ओढ़कर मैदान पर नाचते और दौड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि जश्न के दौरान पंड्या अपनी गर्लफ्रेंड के साथ मंच पर लेटे दिखे। उस समय भी उनके कंधे पर तिरंगा था। शिकायतकर्ता का कहना है कि यह राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के खिलाफ है।


### राष्ट्रीय ध्वज कानून का हवाला

वकील वाजिद खान ने कहा कि द प्रिवेंशन ऑफ इंसल्ट्स टु नेशनल ऑनर एक्ट, 1971 के अनुसार तिरंगे की गरिमा बनाए रखना अनिवार्य है। उनका आरोप है कि जश्न के दौरान हार्दिक पंड्या इस बात का ध्यान नहीं रख पाए, जिसे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान माना जा सकता है। इस मामले में उन्होंने इसी कानून की धारा 2 के तहत शिकायत दर्ज कराई है। यह कानून राष्ट्रीय ध्वज, संविधान और राष्ट्रगान जैसे राष्ट्रीय प्रतीकों के अपमान को रोकने के लिए बनाया गया है। इसके तहत तिरंगे को जमीन पर गिरने देना, उसे अनुचित तरीके से पहनना या किसी भी तरह उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाना दंडनीय माना जाता है। खान ने बताया कि उन्होंने शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दी है। शुरुआत में पुलिस ने कहा कि घटना अहमदाबाद में हुई है, इसलिए मामला वहीं दर्ज होना चाहिए। हालांकि, खान ने तर्क दिया कि तिरंगा पूरे देश का राष्ट्रीय प्रतीक है, इसलिए इसकी शिकायत कहीं भी दर्ज कराई जा सकती है। बाद में पुलिस ने उनकी शिकायत स्वीकार कर ली और उसकी कॉपी भी उन्हें दे दी।

# क्रिकेटर कुलदीप की शादी में होगी 20 हजार की थाली

## शादी का कार्ड राधा-कृष्ण थीम पर, सुनहरी नक्काशी में दिखी रजवाड़े जैसी झलक

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर कुलदीप यादव अपनी बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ शादी करने जा रहे हैं। शादी में शामिल होने के लिए कानपुर से परिवार और रिश्तेदार मसूरी रवाना हो चुके हैं। यह शादी 14 मार्च (शनिवार) को मसूरी के आलीशान 'वेलकम होटल द सेवॉय' में होगी।



इसके तीन दिन बाद यानी 17 मार्च को लखनऊ के होटल सेंट्रम में ग्रैंड रिसेप्शन पार्टी आयोजित की जाएगी। कुलदीप और वंशिका ने 4 जून 2025 को लखनऊ में सगाई की थी। इस शादी का बजट 2 करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है। कुलदीप और वंशिका की शादी का खूबसूरत और शाही वेडिंग कार्ड भी सामने आया है। निमंत्रण पत्र की थीम राधा-कृष्ण पर आधारित है। इसकी बनावट, नक्काशी और उस पर उकेरी गई कलाकृतियां किसी शाही रजवाड़े का अहसास कराती हैं। कार्ड की कीमत करीब 2200 रुपये बताई जा रही है। वहीं, मेहमानों के लिए वेज और नॉनवेज दोनों तरह के व्यंजन रखे गए हैं। खाने की एक प्लेट की कीमत करीब 20 हजार रुपये है।

### शाही अंदाज और बारीक नक्काशी

कार्ड का बेस हल्के गुलाबी (पीच) रंग का है। इस पर बेहद बारीक फ्लोरल (फूल-पत्तियों) पैटर्न छपा है। कार्ड पर गोल्ड फॉयल वर्क (सुनहरी नक्काशी) है। किनारों पर महल के गुंबदों और आकृतियों को उभारने के लिए सुनहरे रंग का इस्तेमाल किया है, जो इसे एक उम्र और विंटेज लुक देता है। कार्ड के ऊपरी हिस्से पर एक शानदार गोल्डन लॉक (बकल) है, जिसके ऊपर गुलाबी फूलों की डिजाइन बनी है।

# गिल को क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड देगा बीसीसीआई

- द्रविड़ को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिलेगा
- 19 वर्ल्डकप जिताने वाले म्हात्रे भी सम्मानित होंगे

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से नवाजा जाएगा। वहीं, टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी और हेड कोच राहुल द्रविड़ को कर्नल सीके नायडू लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। मीडिया के मुताबिक, 15 मार्च को दिल्ली में बीसीसीआई एनुअल अवॉर्ड प्रोग्राम होगा।

इसके अलावा, आयुष म्हात्रे को लाला अमरनाथ अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। म्हात्रे की कप्तानी में भारत इसी साल की शुरुआत में अंडर-19 वनडे वर्ल्ड कप अपने नाम किया था। राहुल द्रविड़ के अलावा मिताली राज को भी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा जाएगा।

इसके अलावा घरेलू क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मुंबई एसोसिएशन को बेस्ट क्रिकेट एसोसिएशन का पुरस्कार दिया जाएगा। हालांकि अब तक इसे लेकर बीसीसीआई के तरफ से कोई ऑफिशियन बयान नहीं आया है।



- **गिल पिछले साल तीनों फॉर्मेट के टॉप स्कोरर-** साल 2025 में भारतीय कप्तान गिल का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 983 रन बनाए, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई सीरीज में 70 से ज्यादा की औसत से बनाए गए 754 रन शामिल थे। वनडे में भी गिल ने 490 रन बनाए और भारत के आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में अहम भूमिका निभाई। कुल मिलाकर उन्होंने सभी फॉर्मेट में 49 की औसत से 1764 रन बनाए, जिसमें सात शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे।
- **द्रविड़ ने भारत को 2024 में टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बनाया-** द्रविड़ को टेस्ट क्रिकेट के महान बल्लेबाजों में गिना जाता है, उन्होंने टेस्ट में 13,288 और वनडे में 10,889 रन बनाए। कोच के रूप में उनके कार्यकाल में भारत ने आईसीसी टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें टीम वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल तक पहुंची और 2024 का टी-20 वर्ल्ड कप 2024 भी जीता।

शतरंज का नन्हा जादूगर

# दुनिया का नंबर-1 खिलाड़ी

- तमिज अमुधन 2000 ईलो रेटिंग पार करने वाले दुनिया के सबसे युवा खिलाड़ी, आठ साल की उम्र में जीती कार



**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के तमिज अमुधन इस समय विश्व शतरंज जगत में चर्चा का केंद्र है। मात्र 9 साल की उम्र में तमिज न केवल अंडर-9 कैटेगरी में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी बन गए हैं, बल्कि वे इस उम्र में 2000 ईलो रेटिंग पार करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी हैं। तमिज ने महज चार साल की उम्र में चचेरे भाइयों को देखकर शतरंज सीखना शुरू किया था। उनके भीतर खेल की सहज समझ इतनी गहरी थी कि एक जिला स्तरीय टूर्नामेंट के दौरान कल्लाकुरिची के एक बस ड्राइवर रविचंद्रन की नजर उन पर पड़ी। रविचंद्रन पार्ट-टाइम शतरंज कोचिंग भी देते थे। उन्होंने देखा कि बिना किसी औपचारिक ट्रेनिंग के भी इस छोटे से बच्चे ने अनुभवी खिलाड़ियों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया।

### एथेंस ऑफ द ईस्ट शतरंज टूर्नामेंट में रविचंद्रन ने सिल्वर मेडल जीता

रविचंद्रन ने तमिज की प्रतिभा को पहचान लिया और उन्हें मुफ्त में कोचिंग देने का फैसला किया। इसके बाद तमिज ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। 6 साल की उम्र में उन्होंने स्टेट अंडर-9 टूर्नामेंट में 9 में से 9 अंक हासिल कर सबको हैरान कर दिया। यह उनके करियर का पहला बड़ा 'ब्रेक' था। तमिज के करियर का सबसे यादगार पल पिछले साल आया। 'एथेंस ऑफ द ईस्ट' शतरंज टूर्नामेंट में उन्होंने ?सिल्वर मेडल जीता। पुरस्कार के रूप में इस 8 साल के बच्चे को कार दी गई। किसी भी एथलीट के लिए इतनी कम उम्र में ऐसा पुरस्कार जीतना एक दुर्लभ उपलब्धि है।

तमिज की इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता का असाधारण बलिदान है। पिता सरकारी नौकरी में हैं और साधारण कृषि पृष्ठभूमि से आते हैं। तमिज की बेहतर ट्रेनिंग के लिए परिवार ने एक कठिन फैसला लिया। तमिज की मां उनके साथ 350 किलोमीटर दूर दूसरे शहर में रहती हैं ताकि ट्रेनिंग बाधित न हो। वहीं, पिता घर पर 10 साल की बेटी उथिशा के साथ रहते हैं। तमिज के पिता स्वीकार करते हैं कि शतरंज महंगा खेल है। यात्रा, रहने, एंट्री फीस और कोचिंग का खर्च उठाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण है। तमिज के पिता का कहना है कि अगर उन्हें पहले पता होता कि इस क्षेत्र में इतना खर्च आता है, तो शायद वे इस खेल को नहीं चुनते। लेकिन अब जब वह नंबर-1 खिलाड़ी है, तो हम उसे बीच रास्ते में नहीं छोड़ सकते। तमिज की इस यात्रा को जारी रखने के लिए अब उन्हें किसी बड़े प्रायोजक की जरूरत है। आर्थिक तंगी के कारण वे कई बार नेशनल और इंटरनेशनल टूर्नामेंट्स में हिस्सा नहीं ले पाए थे।

# पिता के निधन के बाद जितेश की बदली सोच

- **बोले-** वर्ल्डकप टीम से बाहर होने का दुख छोटा लगा, मैं फिनिशर बनने को तैयार

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने कहा कि टी-20 वर्ल्ड कप की भारतीय टीम में जगह नहीं मिलने से उन्हें निराशा जरूर हुई थी, लेकिन कुछ ही समय बाद उनके जीवन में ऐसा व्यक्तिगत दुख आया जिसने उनकी सोच पूरी तरह बदल दी।

जितेश के पिता मोहन शर्मा का 1 फरवरी को छोटी बीमारी के बाद निधन हो गया। उन्होंने बताया कि उस समय वह सात दिन तक अपने पिता के साथ रहे और उसी दौरान उन्हें एहसास हुआ कि परिवार उनके लिए वर्ल्ड से भी ज्यादा महत्वपूर्ण था।

मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में जितेश ने अपने करियर के उतार-चढ़ाव और निजी जिंदगी पर खुलकर बात की।



### जितेश बोले-

- **वर्ल्ड कप से ज्यादा मेरे पिता को मेरी जरूरत थी-** वर्ल्ड कप टीम से बाहर होने के अनुभव पर जितेश ने कहा, जब मुझे पता चला कि मेरा सिलेक्शन नहीं हुआ है, तो मैं थोड़ा निराश था। आखिर मैं भी एक इंसान हूं और बुरा महसूस करना स्वाभाविक है। लेकिन कुछ ही समय बाद मेरे पिता बीमार हो गए और 1 फरवरी को उनका निधन हो गया। मैं उनके आखिरी सात दिनों में उनके साथ था। तब मुझे अहसास हुआ कि मेरे पिता को वर्ल्ड कप से ज्यादा मेरी जरूरत थी। उसके बाद मेरे मन में टीम से बाहर होने का कोई दुख नहीं रहा।

### क्रिकेट सीखी मजबूती

जितेश का कहना है कि क्रिकेट ने उन्हें इस दुख के साथ आगे बढ़ना सिखाया है। उन्होंने कहा, अगर मेरे पिता आज जिंदा होते तो वह मुझे यही कहते कि जाओ और अभ्यास करो, मेरे बारे में चिंता मत करो। इसलिए जब भी मैं दुखी होता हूं, यही सोचता हूं कि वह मुझे खेलने और आगे बढ़ने की सलाह देते।

### रिंकू सिंह से ली प्रेरणा

जितेश ने अपने साथी खिलाड़ी रिंकू सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि निजी मुश्किलों के बाद मैदान पर लौटना बहुत बड़ी बात होती है।

### विराट कोहली से मिलती है प्रेरणा

जितेश ने बताया कि आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ रहते हुए उन्हें विराट कोहली को करीब से देखने का मौका मिलता है, जिससे उन्हें काफी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि कोहली की तैयारी, अनुशासन और ऊर्जा से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। सिर्फ छोटी-छोटी चीजें देखकर भी बहुत कुछ सीखा जा सकता है। जिस तरह विराट अपना दिन शुरू करते हैं और तैयारी करते हैं, वह बहुत प्रेरणादायक है। हालांकि 32 साल की उम्र में भी मैं उनकी ऊर्जा की बराबरी नहीं कर सकता।

### घर के बड़े बेटे की जिम्मेदारी

- **परिवार के सामने कमजोर नहीं हो सकता-** पिता के जाने के बाद जितेश अब अपने परिवार में सबसे बड़े बेटे की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा, जब आप अपने पिता को खो देते हैं, तब आपको समझ आता है कि अब परिवार के फैसले लेने की जिम्मेदारी आपकी है। मुझे अपनी मां और भाई का ख्याल रखना है। मैं उनके सामने अपनी भावनाओं को जाहिर नहीं कर सकता और न ही कमजोर दिख सकता हूं, क्योंकि जब मैं क्रिकेट खेलता हूं तो वे मुझे ही देख रहे होते हैं।

# द हंड्रेड-पाकिस्तानी खिलाड़ियों को लगा झटका, ऑक्शन में नहीं मिला खरीदार



**लाहौर (एजेंसी)।** इंग्लैंड की लोकप्रिय 100 गेंदों की लीग द हंड्रेड के 2026 सीजन के लिए हुए विमेन्स ऑक्शन में पाकिस्तान की महिला क्रिकेटरों को निराशा हाथ लगी। ऑक्शन में शामिल चारों पाकिस्तानी खिलाड़ी अनसोल्ड रह गईं और किसी भी फ्रेंचाइजी ने उन्हें अपने स्क्वॉड में शामिल नहीं किया। इस सूची में फतीमा सना, सादिया इकबाल, मुनवा अली, डीना बेग जैसे खिलाड़ी शामिल थीं, जिन्होंने 15,000 पाउंड के बेस प्राइस के साथ ऑक्शन के लिए अपना नाम दर्ज कराया था।

### शॉर्टलिस्ट के बाद भी नहीं मिली टीम

ऑक्शन प्रक्रिया में चार में से दो खिलाड़ियों को अंतिम चरण के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था। पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना और महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की शीर्ष रैंक वाली गेंदबाज सादिया इकबाल फाइनल लिस्ट में शामिल थीं। हालांकि, अंतिम बोली प्रक्रिया के दौरान किसी भी फ्रेंचाइजी ने इन दोनों खिलाड़ियों के नाम पर बोली नहीं लगाई। इस वजह से दोनों खिलाड़ी भी अनसोल्ड रह गईं और आगामी सीजन में द हंड्रेड का हिस्सा नहीं बन सकेंगी।

# आईपीएल के शुरुआती 20 मैच का शेड्यूल जारी

## 28 मार्च को बेंगलुरु में आरसीबी-एसआरएच का ओपनिंग मैच, विक्ट्री परेड में यहीं भगदड़ मची थी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 के शुरुआती 20 मैचों का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। ओपनिंग मैच 28 मार्च को डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा।

यह मुकाबला बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। इसी मैदान में पिछले साल 4 जून को आरसीबी के पहले टाइटल जीतने के बाद हुई विक्ट्री परेड के दौरान भगदड़ मच गई थी और इसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी।

हालांकि, एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु के मैच कर्नाटक सरकार की एक्सपर्ट कमेटी से मंजूरी के बाद ही होंगे।




एक्सपर्ट कमेटी 13 मार्च 2026 को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम का निरीक्षण करेगी।

**16 दिन में 4 डबल हेडर होंगे-** आईपीएल 2026 के पहले फेज में 16 दिन में 20 मैच खेले जाएंगे। इनमें 4 डबल हेडर शामिल हैं। 5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस 29 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपने होम ग्राउंड वानखेड़े स्टेडियम में अपना पहला मैच खेलेगी। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) 30 मार्च को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ गुवाहाटी में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। ऋतुराज गायकवाड की कप्तानी वाली सीएसके में संजू सैमसन पहली बार खेलते दिखेंगे। वे टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे।

**दूसरे फेज का शेड्यूल चुनाव तारीखों के ऐलान के बाद जारी होगा-** आईपीएल के दूसरे फेज का शेड्यूल 5 राज्यों में होने वाले चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद जारी किया जाएगा। 2008 में आईपीएल शुरू होने के बाद जब भी देश में आम चुनाव (2009, 2014, 2019 और 2024) या किसी राज्य में विधानसभा चुनाव हुए हैं, तब टूर्नामेंट का शेड्यूल दो हिस्सों में जारी किया गया है।

# ऑफ कटर से गच्चा खा रहे मॉडर्न बैटर

- वर्ल्ड कप के 357 विकेट पेसर्स को, इसमें 68 ऑफ कटर पर गिरे, बुमराह इसके उस्ताद

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 क्रिकेट को हमेशा से बल्लेबाजों का गेम माना जाता है, लेकिन टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में तेज गेंदबाजों ने 'स्लोअर गेंदों' (पेस-ऑफ) के जरिए जोरदार वापसी की। इस पूरे टूर्नामेंट में तेज गेंदबाजों द्वारा फेंकी गई कुल गेंदों में स्लोअर का प्रतिशत 15.88 प्रतिशत रहा, यानी लगभग हर छठी गेंद गति कम करके फेंकी गई। यह पिछले चार संस्करणों में सबसे ज्यादा है।

आधुनिक क्रिकेट में तेज गेंदबाजों के पास लेग-कटर, नकल-बॉल और स्प्लिट-फिंगर जैसी कई नई और जटिल स्लोअर गेंदें मौजूद हैं।

लेकिन, इन तमाम वेरिएशंस के बीच गेंदबाजों का सबसे मारक हथियार बनी एक पुरानी और बेसिक गेंद- 'ऑफ-कटर'। विकेट निकालने के लिए गेंदबाजों ने स्लोअर गेंदों की वैरायटी में से इसी साधारण गेंद पर सबसे ज्यादा भरोसा जताया।

### क्या होती है ऑफ कटर?

क्रिकेट में 'ऑफ-कटर' तेज गेंदबाजों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले स्लोअर वेरिएशन का एक प्रकार है। यह एक तेज गेंदबाज द्वारा फेंकी गई ऑफ-स्पिन गेंद होती है। जब कोई तेज गेंदबाज इसे फेंकता है, तो वह अपने सामान्य रन-अप और एक्शन के साथ ही आता है, लेकिन गेंद को रिलीज करते समय अपनी उंगलियों को सीम पर दाईं ओर (घड़ी की सुई की दिशा में) तेजी से फेरता है। इसे ही तकनीकी भाषा में गेंद को 'कट' करना कहते हैं। अंगुलियों के इस खास एक्शन की वजह से गेंद की गति अपने आप काफी कम हो जाती है। पिच पर टप्पा खाने के बाद यह गेंद दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए बाहर (ऑफ स्टंप) से अंदर (लेग स्टंप या शरीर) की तरफ आती है। चूंकि बल्लेबाज रन-अप को देखकर एक तेज गेंद की उम्मीद कर रहा होता है, इसलिए गति में अचानक आए इस बदलाव से उसकी टाइमिंग पूरी तरह बिगड़ जाती है।



### अहमदाबाद में सबसे खतरनाक रहा यह वैरिएशन क्योंकि मैदान बड़ा

ऑफ-कटर का असर मैदान के आकार पर भी निर्भर करता है। छोटी बाउंड्री वाले मैदानों पर बल्लेबाजों के पास मिस-हिट के बावजूद रन बटोरने की गुंजाइश ज्यादा होती है। इसलिए चेन्नई के चेपक व कोलकाता के ईडन गार्डन्स जैसे मैदानों पर यह वैरिएशन काफी हद तक बेअसर साबित हुआ। लेकिन, अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की काली मिट्टी और बड़े आउटफील्ड ने इसे सबसे घातक बना दिया। वहां की 'ग्रिपी' पिच पर गेंद रुक कर आई। इस मैदान पर टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 21 विकेट ऑफ-कटर से मिले और इकोनॉमी रेट भी सिर्फ 8.25 रहा। साउथ अफ्रीका ने अपने 8 में से 5 मैच अहमदाबाद की उसी काली मिट्टी वाली पिच पर खेले, जहां स्लोअर गेंदें सबसे ज्यादा ग्रिप कर रही थीं। यही उनके पेस अटैक के हावी होने का सबसे बड़ा कारण बना। बुमराह के पास सिर्फ एक यही वैरिएशन, लेकिन इसमें वे सर्वश्रेष्ठ बुमराह के पास स्लोअर के नाम पर सिर्फ ऑफ-कटर है, लेकिन वे इस परफेक्शन से फेंकते हैं कि बैटर धोखा खा जाता है।

वे ग्रिप, एक्शन या आर्म-स्पीड बदले बिना सिर्फ कलाई के एक तेज झटके (स्नैप) से यह गेंद फेंकते हैं। उनकी इस गेंद की तुलना मुरलीधरन की 'ऑफ-ब्रेक' से की जा सकती है। तेज गेंदबाज होने के बावजूद वे करीब 115-120 किमी/घंटा की रफ्तार वाली इस गेंद को स्पिनर जैसे जबरदस्त टर्न, ग्रिप, 'डिप' (उछाल में कमी) कराते हैं। बुमराह इसे किस एंगल से फेंकते हैं, वह इसे और भी घातक बनाता है। उन्होंने अपनी 76.7 प्रतिशत ऑफ-कटर क्रीज के वाइड एंगल (ओवर द विकेट) से फेंकी। जेसन होल्डर को छोड़कर किसी ने यह एंगल इतना इस्तेमाल नहीं किया। बुमराह का कंट्रोल इतना गजब का है कि वे शॉर्ट या बैक-ऑफ-लेंथ ऑफ-कटर से बैटर को फंसाते हैं, तो एकदम सटीक यॉर्कर लेंथ वाली कटर से स्टंप्स उखाड़ देते हैं। बुमराह ने सेमीफाइनल में ब्रूक और फाइनल में रचिन को स्पैल की पहली ही गेंद (ऑफ-कटर) पर आउट किया। बैटर को लगता है कि उनका तेज रन-अप और एक्शन उन्हें तेज गेंद खेलने के लिए मजबूर करेगा, लेकिन बुमराह पहली ही गेंद पर उनकी टाइमिंग बिगाड़ देते हैं।

संक्षिप्त समाचार

## भाई की हत्या का बदला लेने के लिए अभिषेक ने निखिल को मारी थी गोली

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अंबेडकर नगर थाना क्षेत्र स्थिति मदनगीर भूमिया मंदिर के पास



दो दिन पहले हुई 30 वर्षीय निखिल नागर उर्फ निक्की की हत्या मामले में पुलिस ने आरोपितों की पहचान कर ली है। निखिल की हत्या अभिषेक भोला ने अपने भाई कुणाल की हत्या का बदला लेने के लिए की है। पुलिस अभिषेक के साथ ही उसके साथियों की गिरफ्तारी के लिए उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस के मुताबिक वर्ष 2021 में कुणाल की हत्या हो गई थी। उस मामले में पुलिस ने निखिल को आरोपित बनाया था और जेल भेजा था। डेढ़ महीने पहले ही वह जेल से बाहर आया था। तभी से अभिषेक अपने भाई का बदला लेने के लिए मौके तलाश रहा था। सोमवार रात उसे वह मौका मिल गया। अपने साथियों संग मिलकर उसने मदनगीर भूमिया मंदिर के पास निखिल पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई। गंभीर रूप से घायल निखिल ने मंगलवार को एम्स ट्रामा सेंटर में दम तोड़ दिया था। सीसीटीवी फुटेज व लोकल इंटेलीजेंस के जरिए सभी आरोपितों की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

## उत्तम नगर में मछली मंडी में लगी आग, दमकलकर्मी काबू पाने में जुटे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में मछली मंडी (मछली मार्केट) के पास बुधवार रात को भीषण आग लग गई। यह आग मटियाला क्षेत्र में मछली बाजार के आसपास फैली, जहां घनी आबादी और दुकानें-झुग्गियां हैं। दिल्ली फायर सर्विस को रात सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन आग से आसपास की कुछ दुकानें और झुग्गियां प्रभावित हुई हैं। अभी तक किसी के हताहत होने की कोई रिपोर्ट नहीं आई है, लेकिन इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं ताकि यह आगे न फैले। पुलिस और प्रशासन मौके पर मौजूद हैं।

## बिंदापुर के मंसाराम पार्क में भीषण आग, 80 झुग्गियां जलकर खाक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के बिंदापुर थाना क्षेत्र के मंसाराम पार्क इलाके में बुधवार देर रात अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस और फायर विभाग ने तेजी से आग पर काबू पा लिया। जानकारी के अनुसार, 11 मार्च 2026 की रात 11:57 बजे, पीएस बिंदापुर को एक पीसीआर कॉल मिली कि मंसाराम पार्क की झुग्गियों में भीषण आग लगी है। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और वहां रहने वाले लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर फायर ब्रिगेड को बुलाया। मौके पर करीब 28 फायर टेंडर पहुंचे और रात 3 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। राहत वाली बात यह थी कि इस आगजनी में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि, इस आग में लगभग 80 झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। यह पहला मामला नहीं है। कुछ दिन पहले, 7 मार्च 2026 को भी मंसाराम पार्क में आग लगने की सूचना मिली थी। उस समय 8 फायर टेंडर मौके पर भेजे गए थे और आग को जल्दी बुझा लिया गया था। उस घटना में भी कोई जनहानि नहीं हुई थी। उस समय पीएस बिंदापुर में एफआईआर नंबर 155/26, धारा 326(एफ) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# दिल्ली पुलिस ने संगठित अपराध पर कसा शिकंजा, 4 महीने में मकोका के तहत 34 अपराधी गिरफ्तार

### पिछले 10 वर्षों में दिल्ली में 95 संगठित आपराधिक गिरोहों की पहचान की गई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** संगठित अपराध पर लगाम लगाने के लिए दिल्ली पुलिस ने मकोका का इस्तेमाल करने की कार्रवाई तेज कर दी है। दिल्ली पुलिस ने राजधानी में सक्रिय अपराध सिंडिकेट्स को जड़ से खत्म करने के लिए ''मकोका'' (महाराष्ट्र कंट्रोल आफ आर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट) को अपना सबसे मुख्य हथियार बना रही है। पिछले वर्ष सुप्रीम कोर्ट में पेश की गई रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में दिल्ली में 95 संगठित आपराधिक गिरोहों की पहचान की गई है, जिनके सदस्यों की संख्या में सैकड़ों में है। पिछले साल सितंबर से दिसंबर केवल चार माह के भीतर, दिल्ली पुलिस ने संगठित अपराध के खिलाफ अभियान चलाकर 34 अपराधियों पर मकोका लगाया। पुलिस न केवल गैंगस्टरों, बल्कि उनके पूरे इकोसिस्टम (फाइनेंसर और लाजिस्टिक्स सपोर्ट) पर मकोका लगा रही है। क्राइम ब्रांच के विशेष आयुक्त देवेश चंद्र श्रीवास्तव का कहना है कि क्राइम ब्रांच ने स्पेशल मकोका सेल के साथ दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया है। संगठित अपराध के इंफ्रास्ट्रक्चर को खत्म करने के एक बड़े कदम के तहत, क्राइम ब्रांच ने बीते अक्टूबर में एक मकोका सेल बनाया है। इस स्पेशल यूनिट का काम अंतरराज्यीय आपराधिक सिंडिकेट पर अंकुश लगाना है जो गैर कानूनी फाइनेंशियल फायदे के लिए हिंसा और धमकी का इस्तेमाल करते हैं। यह यूनिट जिलों और दूसरी यूनिट्स को मकोका



के प्रविधान को असरदार तरीके से लागू करने के लिए गाइड और सलाह देती है, ताकि पैसे के फायदे के लिए संगठित अपराध में शामिल अपराधियों के खिलाफ किसी भी प्रोसेस में कमी की गुंजाइश खत्म हो सके। पारंपरिक यूनिट्स के उलट, मकोका सेल क्राइम के बिज़नेस पर फोकस करता है और यह पक्का करता है कि सरगना, प्रोसेस की कमियों के पीछे छिप न सकें। क्योंकि ये गिरोह रंगदारी वसूली, सुपारी किलिंग, गैर-कानूनी हथियारों की तस्करी, किडनैपिंग और दूसरे जघन्य अपराधों में शामिल हैं, इसलिए मकोका सेल का काम दिल्ली और आस-पास के राज्यों में चल रहे संगठित अपराध सिंडिकेट की गतिविधियों पर नज़र रखने और उन्हें रोकने के लिए नए अपराधियों की पहचान करना है। इसके अलावा, मकोका सेल उन भगोड़ों की गतिविधियों पर भी सक्रिय रूप से नजर रख रहा है जो देश छोड़कर भाग गए हैं और भारत के अंदर और विदेश दोनों जगह से काम कर रहे हैं। संगठित अपराध में शामिल कई अपराधियों की पहचान की गई है, और उनके पासपोर्ट रद्द करने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। यह सेल नए मकोका प्रपोज़ल में सफलतापूर्वक आडिट और सलाह दे रहा है। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, मकोका लगाने के पीछे मुख्य कारण अपराधियों को लंबे समय तक जेल में रखना और उनकी अवैध संपत्तियों को ज़ब्त करना है। इसके तहत बदमाशों को कम से कम छह माह तक जमानत मिलना असंभव होता है। गैंगस्टरों द्वारा अपराध से कमाई गई संपत्तियों को ज़ब्त कर लिया जाता है। पुलिस अधिकारी के सामने दिया गया बयान इस कानून के तहत अदालत में सबूत के तौर पर मान्य होता है। जनवरी में उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया कि मकोका लगाने के लिए सिंडिकेट के हर सदस्य का पिछला आपराधिक रिकार्ड होना अनिवार्य नहीं है।

### दिल्ली के महरौली में गहराया पेयजल संकट

# एक सप्ताह से नहीं आ रहा पानी, लोग परेशान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली के महरौली इलाके में पेयजल संकट से स्थानीय लोग परेशान हैं। महरौली में बीते करीब एक सप्ताह से नियमित जलापूर्ति बाधित है, जिसके कारण लोगों को रोजमर्रा के कार्यों में दिक्कत होने लगी है। स्थानीय निवासी लगातार दिल्ली जल बोर्ड और जनप्रतिनिधियों को शिकायतें कर रहे हैं और इसे लेकर इंटरनेट मीडिया पर भी विभागों को टैग कर शिकायत की जा रही है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। उधर, मालवीय नगर में भी कुछ दिनों से लोग जलापूर्ति की परेशानी से जूझ रहे हैं। दरअसल, दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) की ओर से दिल्ली के विभिन्न इलाकों में अंडरग्राउंड रिजर्वायर (यूजीआर) की सफाई के चलते जलापूर्ति प्रभावित है। दक्षिणी दिल्ली के महरौली और मालवीय नगर सहित कई इलाकों में छह और सात मार्च को सफाई कार्य के कारण आपूर्ति रोके जाने के संदेश भी जारी किया गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि पानी की किल्लत जारी संदेश के मुताबिक अपेक्षा से अधिक दिनों तक खिंच गई है। कई घरों में पिछले एक सप्ताह से पानी नहीं आया है जिससे परेशानी बढ़ने लगी है। इंटरनेट मीडिया पर रश्मि ने दिल्ली जल बोर्ड और मुख्यमंत्री को टैग करते हुए लिखा है कि पिछले सात दिनों से महरौली में पानी की आपूर्ति नहीं हुई है। लोग बेहद परेशान हैं, कृपया शिकायत का संज्ञान लें और राहत दिलाएं। सुधांशु ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और जल बोर्ड सहित स्थानीय जन प्रतिनिधियों को टैग करते हुए लिखा है कि जल बोर्ड ने दो दिन पानी नहीं आने का संदेश दिया था।



एक हफ्ते से पानी नहीं मिला है। गर्मी की शुरुआत हुई है और पेयजल संकट बढ़ने लगा है। मालवीय नगर निवासी सुखमणि बत्रा ने लिखा कि पिछले तीन दिनों से इलाके में पानी की आपूर्ति नहीं हुई है। घर में सुबह से शाम तक सारे काम प्रभावित हैं और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। इलाके में यूजीआर की सफाई का काम जारी है, इससे कई इलाकों मे पानी की समस्या बनी है। यूजीआर सफाई का काम पूरा होने के बाद जल्द स्थिति सामान्य हो जाएगी। फिलहाल जहां से भी मांग आ रही है टैंकर भेजे जा रहे हैं।

# एनसीईआरटी की नई पुस्तक में भारतीय लेखकों को अधिक महत्व, इनके अधिक पाठ किए गए शामिल



विद्यया ऽमृतमश्नुते
एन सी ई आर टी
NCERT

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एनसीईआरटी की अंग्रेजी की नई पाठ्यपुस्तक में तमिल कवि सुब्रह्मण्य भारती, राज्यसभा सदस्य सुधामूर्ति, नगा लेखक टेम्सुला आओ, रवींद्रनाथ टैगोर और असमिया उपन्यासकार मित्रा फुकन जैसे लेखकों के पाठ शामिल किए गए हैं। 2006-07 से 2025-26 के शैक्षणिक सत्रों के बीच स्कूलों में पढ़ाई गई पिछली पाठ्यपुस्तकों में 29 पाठों में से 15 अंतरराष्ट्रीय लेखकों के लिखे हुए थे। इस विषय के लिए पाठ्यपुस्तकों की संख्या दो से घटाकर एक की गई है और पाठों की संख्या 29 से घटाकर 16 कर दी गई है, जिसमें भारतीय लेखकों और अंतरराष्ट्रीय लेखकों के समान संख्या में पाठ हैं। कक्षा 9 की नई अंग्रेजी पाठ्यपुस्तक 'कावेरी' एक कहानी से शुरू होती है, जो सुधामूर्ति की 2004 में प्रकाशित पुस्तक 'हाउ आइ टाट माइ ग्रैंड मदर टु रीड एंड अदर स्टोरीज' से ली गई है। पाठ शामिल पिछली पाठ्यपुस्तकों में कुल 29 में से 15 पाठ अंतरराष्ट्रीय लेखकों के थे। यह पूर्व की पाठ्यपुस्तकों 'बीहाइव' और 'मोमेंट्स' का स्थान लेगी। इस पाठ्यपुस्तक में 'भारतीय ज्ञान प्रणाली (आइकेएस )' के तत्व शामिल हैं और इसमें 16 पाठ हैं जिनमें से आठ भारतीय लेखकों द्वारा हैं, जिनमें सुब्रह्मण्य भारती, सुधामूर्ति, टेम्सुला आओ, मित्रा फुकन और रवींद्रनाथ टैगोर शामिल हैं। इसमें छह विदेशी लेखक जैसे डेविड रोथ, चार्ल्स स्वेन, ब्रायना टी. पर्किन्स, राबर्ट लैंगले, माया एंथनी और आइरीन चुआ भी शामिल हैं। पुस्तक में एक गुमनाम कविता 'गिफ्ट आफ ग्रेस : आनरिंग आवर विकेशंस ' और एक साक्षात्कार आधारित लेख 'द वर्ल्ड ऑफ लिमिटलेस पासिबिल्टीज ' भी शामिल है, जिसमें पैरा ओलंपिक एथलीट दीपा मलिक का साक्षात्कार है।

# सीबीआई इंस्पेक्टर पर दो करोड़ की रंगदारी मांगने का आरोप, केस दर्ज; विभागीय जांच शुरू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मैदानगढ़ी थाना क्षेत्र में कथित सीबीआई इंस्पेक्टर की ओर से एक व्यक्ति से दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। आरोपित ने पीड़ित को यह कहते हुए डराया कि सीबीआइ में उसके खिलाफ शिकायत दर्ज हुई है। पीड़ित ने जब दो करोड़ देने से मना कर दिया तो भयादोहन करते हुए उससे 50 हजार रुपये ले लिए। साथ ही हर महीने की पहली तारीख को 75 हजार रुपये देने का फरमान सुनाया। पीड़ित ने मैदान गढ़ी थाने में शिकायत दर्ज की। इधर, जानकारी मिलते ही कथित सीबीआई इंस्पेक्टर भी थाने पहुंचा और लिखित में दिया कि वह शिकायतकर्ता को जानता ही नहीं और न ही कभी उससे मिला। दक्षिणी जिला पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने मंगलवार को मामला सीबीआई को अग्रेषित किया, जिस पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि दीपक फल्सवाल नामक व्यक्ति 22 जनवरी को महाबली पुरम, भाटी कलां स्थित उसके आवास पर आया। उसने स्वयं को सीबीआइ इंस्पेक्टर बताया। उक्त व्यक्ति ने




शिकायतकर्ता को यह कहकर डराया-धमकाया कि उसके खिलाफ सीबीआइ में एक शिकायत दर्ज की गई है। दो करोड़ रुपये की मांग की। आगे यह भी आरोप लगाया कि जब पैसे देने से मना कर दिया, तो आरोपित ने कथित तौर पर दबाव डालकर उनसे 50,000 रुपये ले लिए। इसके अलावा 75,000 रुपये प्रति माह की और मांग की। इसके बाद से आरोपित लगातार फेस टाइम काल के माध्यम से शिकायतकर्ता को परेशान करने लगा। उसे निर्देश दिया है कि वह सीधे उसके नंबर पर संपर्क न करे, ताकि उसकी लोकेशन ट्रैक न हो सके। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि शिकायतकर्ता ने अपने और आरोपित के बीच हुई बातचीत को रिकार्ड कर लिया है और सबूत के तौर पर प्रस्तुत किया है। सीबीआइ ने माना कि उपर्युक्त तथ्य प्रथम दृष्टया यह दर्शाते हैं कि सीबीआइ इंस्पेक्टर दीपक फल्सवाल ने ''भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988'' (जैसा कि 2018 में संशोधित किया गया) की धारा सात के तहत दंडनीय अपराध किया है। उनके खिलाफ एक नियमित मामला दर्ज करते हुए जांच सीबीआइ के डिप्टी एसपी अनमोल सचान को सौंपी गई है।

# यूएस में टैरिफ पर नए दांव-पेंच: क्या 52 साल पुराने कानून में हो सकते हैं बदलाव

### ट्रंप प्रशासन ने शुरू की जांच

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व टैरिफ व्यवस्था को रद्द किए जाने के बाद ट्रंप प्रशासन ने विदेशी मैन्युफैक्चरिंग पर नई व्यापार जांच शुरू कर दी है। इस कदम को उन अरबों डॉलर के राजस्व की भरपाई की कोशिश माना जा रहा है जो अदालत के फैसले के बाद सरकार को खोना पड़ा। अमेरिकी प्रशासन ने बुधवार को ट्रेड एक्ट 1974 के सेक्शन 301 के तहत यह जांच शुरू की है। इस प्रक्रिया के तहत विदेशी कंपनियों और देशों की औद्योगिक नीतियों की जांच की जाएगी, जिसके बाद उन पर नए आयात शुल्क (टैरिफ) लगाए जा सकते हैं। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार की नीति में बदलाव नहीं हुआ है, केवल इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य अमेरिकी उद्योग और नौकरियों की सुरक्षा करना है। नई जांच के दायरे में कई बड़े व्यापारिक साझेदार देश शामिल हैं। इनमें भारत, चीन, यूरोपीय संघ, बांग्लादेश, जापान, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, इंडोनेशिया, मलेशिया, कंबोडिया, थाईलैंड, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, मेक्सिको और ताइवान जैसे देश शामिल हैं। अमेरिकी सरकार इन देशों की उन नीतियों की जांच करेगी जिनसे अमेरिकी कंपनियों को नुकसान हो सकता है। इसमें औद्योगिक सब्सिडी, मजदूरी दमन और अमेरिकी बाजार में लगातार व्यापार अधिशेष जैसे मुद्दों को देखा जाएगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस जांच के बाद नए टैरिफ लागू होते हैं तो वैश्विक व्यापार में फिर तनाव बढ़ सकता है। इससे पहले लगाए गए टैरिफ के कारण अमेरिका और उसके कई व्यापारिक साझेदारों के बीच तीखी आर्थिक खींचतान देखने को मिली थी। हालांकि ग्रीर ने कहा कि पिछले साल घोषित व्यापार ढांचे अपने आप में अलग हैं और नई जांच उनसे सीधे जुड़ी नहीं है। फिर भी इन समझौतों को ध्यान में रखते हुए आगे का निर्णय लिया जा सकता है।

ट्रंप प्रशासन ने सेक्शन 301 के तहत एक और जांच शुरू करने की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य जबरन श्रम से बनाए गए उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगाने की संभावनाओं का आकलन करना है।

### ● सुरक्षा और तेल की कीमतों को लेकर चिंता

# ईरान पर सैन्य कार्रवाई सही, घर में घिरे ट्रंप, सर्वे में अमेरिका के लोगों का चौंकाने वाला खुलासा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई को लेकर अमेरिका में जनता की राय बंटी हुई है। नए सर्वे बताते हैं कि अधिकांश अमेरिकी इस कदम के पक्ष में नहीं हैं और उन्हें डर है कि इससे देश पहले से अधिक असुरक्षित हो सकता है। राजनीतिक ध्रुवीकरण भी साफ दिख रहा है जहां रिपब्लिकन मतदाता राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के साथ खड़े हैं, वहीं डेमोक्रेट और स्वतंत्र मतदाता चिंता और विरोध में हैं। क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी के सर्वे में लगभग 53% रजिस्टर्ड वोटर्स ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का विरोध किया, जबकि 40% ने समर्थन किया और 10% ने स्पष्ट



राय नहीं दी। इप्सोस, वाशिंगटन पोस्ट और ष्टहह के सर्वे में भी यही रुझान दिखा कि अधिकांश अमेरिकी इस कदम के पक्ष में नहीं हैं। इसके विपरीत, फॉक्स न्यूज के सर्वे में मत लगभग बराबर बंटा हुआ दिखा, जहां आधे मतदाताओं ने समर्थन किया और आधे ने विरोध। क्विनिपियाक के सर्वे में 55% लोगों ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि ईरान ने अमेरिका के लिए तत्काल कोई सैन्य खतरा पैदा किया। वहीं, फॉक्स न्यूज के सर्वे में 60% मतदाताओं ने माना कि ईरान अमेरिका के लिए वास्तविक खतरा है। अमेरिकियों को तेल और गैस की कीमत बढ़ने का डर भी सताता है।

# यूएसएन ईरान के चक्कर में फंसा स्पेन, ट्रंप बोले- सैन्य ठिकाने इस्तेमाल नहीं करने दिए तो बंद कर सकते हैं व्यापार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच मौजूदा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो सहयोगी देश स्पेन को कड़ी चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा है कि अगर स्पेन ईरान के खिलाफ सैन्य अभियानों के लिए अपने सैन्य ठिकानों के इस्तेमाल की अनुमति नहीं देता है तो अमेरिका उसके साथ व्यापारिक संबंधों को सीमित या बंद करने पर विचार कर सकता है। ट्रंप का यह बयान अमेरिका और स्पेन के बीच बढ़ते कूटनीतिक तनाव को दिखाता है। ट्रंप ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वाशिंगटन इस मुद्दे को गंभीरता से देख रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान के खिलाफ अपने सैन्य अभियानों को जारी रखेगा और सहयोगी देशों से समर्थन की उम्मीद करता है। ट्रंप ने संकेत दिया कि स्पेन का रुख बदलने के लिए अमेरिका आर्थिक कदम भी उठा सकता है।

स्पेन ने अमेरिका के प्रस्ताव को क्यों ठुकराया?

स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने स्पष्ट कहा है कि उनकी सरकार युद्ध का समर्थन नहीं करती। उन्होंने दोहराया कि स्पेन की नीति स्पष्ट है और वह युद्ध के खिलाफ खड़ा है। सांचेज ने कहा कि उनकी सरकार अपने सिद्धांतों और मूल्यों के साथ खड़ी है और किसी भी सैन्य कार्रवाई का समर्थन नहीं करेगी।

ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेना है और उसने ईरान के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। उनके मुताबिक अमेरिकी हमलों से ईरान की सैन्य क्षमताओं को भारी नुकसान पहुंचा है। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि अमेरिकी सेना ने ईरान के कई समुद्री जहाजों को नष्ट कर दिया है, जिनका इस्तेमाल बारूदी सुरंगें बिछाने के लिए किया जाता था। ट्रंप ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जा रही है। उनका दावा है कि अमेरिकी कार्रवाई के बाद वहां हालात धीरे-धीरे स्थिर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने ईरान की कई माइन बिछाने वाली नौकाओं को नष्ट कर दिया है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

# पश्चिम एशिया संकट: यूएनएससी में उठी पड़ोसियों पर हमले रोकने की मांग

**दुबई, एजेंसी।** ईरान ने बुधवार को दुनिया के सबसे व्यस्त दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट और व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया। यह हमला उस समय हुआ जब अमेरिका और इस्राइल तेहरान पर हमले कर रहे थे। संयुक्त राष्ट्र की सबसे ताकतवर संस्था, सुरक्षा परिषद ने एक प्रस्ताव पास किया है। इसमें ईरान से अपने पड़ोसी देशों पर हमले तुरंत रोकने की मांग की गई है। इन हमलों से दुनिया भर में तेल की सप्लाई को बड़ा खतरा पैदा हो गया है। ईरान इन हमलों के जरिए अमेरिका और इस्राइल पर दबाव बनाना चाहता है ताकि 12 दिन पहले शुरू हुआ युद्ध खत्म हो सके। पेंटागन के अनुसार, युद्ध के पहले हफ्ते में ही अमेरिका को 11.3 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। सेना ने बताया कि युद्ध के पहले वीकेंड में अकेले हथियारों पर पांच अरब डॉलर खर्च हो गए। ईरान ने खाड़ी देशों के तेल क्षेत्रों और रिफाइनरियों को निशाना बनाया है। उसने होर्मुज की खाड़ी से होने वाले व्यापार को भी रोक दिया है, जहां से दुनिया का 20 प्रतिशत तेल गुजरता है। इस संकट से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने अपने बड़ा फैसला लिया है। वह बाजार में 40 करोड़ बैरल तेल उतारेगी। अमेरिका भी अगले हफ्ते अपने सुरक्षित भंडार से 17.2 करोड़ बैरल तेल जारी करेगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बुधवार को एक प्रस्ताव पारित किया। इसमें ईरान से खाड़ी पड़ोसियों पर



अत्यधिक हमलों को रोकने की मांग की गई है। हाल के हमलों में, संयुक्त अरब अमीरात में दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास दो ईरानी ड्रोन हमलों में चार लोग घायल हुए। हालांकि, उड़ानें जारी रहीं। दुबई मीडिया कार्यालय ने यह जानकारी दी। गुरुवार की सुबह दुबई क्रीक हार्बर में एक लक्जरी अपार्टमेंट टॉवर में आग लग गई। बहरीन के आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि ईरानी-लिंक्ड हमलों ने मुहर्रक प्रांत में ईंधन टैंकों को निशाना बनाया। ओमान के सलालाह बंदरगाह पर भी ईंधन भंडारण टैंकों में आग लगी। अंतरराष्ट्रीय समुदाय इन ईरानी हमलों को दृढ़ता से खारिज करता है। ये हमले संप्रभु देशों के खिलाफ हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा और व्यापार के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र में स्थिरता को खतरे में डालते हैं। संयुक्त राष्ट्र के सबसे शक्तिशाली निकाय में 13-0 के वोट से ईरान की अलग-थलग स्थिति झलकती है। चीन और रूस ने मतदान से परहेज किया। उन्होंने प्रस्ताव को अत्यंत असंतुलित बताया। इस बीच, खाड़ी देशों में और हमलों की सूचना मिली। इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में इरबिल और सुलेमानिया शहरों की ओर ड्रोन लॉन्च किए गए। इराक के दक्षिणी हिस्से में एक ऑस्ट्रेलियाई झंडे वाले तेल जहाज पर हमला हुआ। जहाज के 25 चालक दल को बचा लिया गया। गुरुवार को यरूशलम और इस्रायल के अन्य हिस्सों में सायरन बजे और जोरदार धमाके सुनाई दिए। इस्रायली सेना ने कहा कि वह तेहरान में बड़े पैमाने पर हमलों की एक और लहर के साथ जवाब दे रही थी। इस्रायल ने लेबनान में ईरान समर्थित हिजबुल्लाह आतंकवादियों से जुड़े ठिकानों पर भी हमला किया। बेरुत के रामलेट अल-बायदा में एक इस्रायली हमले में सात लोग मारे गए और 21 अन्य घायल हुए।

# जन्मदिन पर उपायुक्त ने दिव्यांग बच्चों -बुजुर्गों के साथ बिताया समय





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरुवार को उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-05 स्थित मानव सेवा आश्रम में दिव्यांग बच्चों के साथ कुछ समय बिताया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनका कुशल-क्षेम जाना और बच्चों का मुंह मीठा कराया। उपायुक्त ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें प्रोत्साहित किया।

**सीएसआर कार्यक्रम का किया अवलोकन**

मानव सेवा आश्रम में उपायुक्त ने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत संचालित मरम्मति कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने आश्रम में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि दिव्यांग बच्चों की देखभाल और शिक्षा में सुधार किया जा सके।

**सोलागडीह वृद्ध आश्रम का किया दौरा**

इसके बाद उपायुक्त ने सोलागडीह स्थित बाबा वैद्यनाथ जन सेवा समिति वृद्ध आश्रम पहुँचे। उन्होंने बुजुर्गों का हालचाल जाना, उनके स्वास्थ्य और दैनिक जीवन से जुड़ी आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा बुजुर्गों का मुंह मीठा कराया।

**गुरूजी वाटिका का निरीक्षण**

वृद्ध आश्रम के समीप दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में स्थापित गुरूजी वाटिका का भी निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने परिसर की सफाई, रखरखाव और सौंदर्यीकरण को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त के इस पहल से बच्चों और बुजुर्गों में प्रसन्नता देखी गई। उपस्थित लोगों ने इसे समाज में सकारात्मक संदेश देने वाला कदम बताया।

## मेयर संजीव सिंह ने अशर्फी अस्पताल का बिल भुगतान कर शव परिजनों को दिलवाया

**धाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** असर्फी अस्पताल में आज मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना घटी जहां झरिया निवासी सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत के बाद अस्पताल प्रबंधन ने 20 हजार रुपये के बकाया बिल के लिए शव को परिजनों को सौंपने से इनकार कर दिया। जानकारी मिलने पर मेयर संजीव सिंह खुद अस्पताल पहुंचे और बकाया बिल का भुगतान कर शव को परिजनों को दिलवाया। जानकारी के अनुसार, झरिया निवासी संजीत सिंह (54 वर्ष) सड़क हादसे में घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए असर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया था. डॉक्टर उनकी जान नहीं बचा सके. परिजनों पर दुखों का पहाड़ उस समय और टूट पड़ा जब अस्पताल प्रबंधन ने 20,864 रुपये का बकाया बिल के लिए शव देने से इनकार कर दिया. सूचना मिलते ही मेयर संजीव सिंह तुरंत अस्पताल पहुंचे और अपने निजी कोष से बकाया राशि का भुगतान किया. इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने शव परिजनों को सौंप दिया. इस दौरान अस्पताल परिसर में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी और तनाव का माहौल भी बना रहा.

## विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 को लेकर बीएलओ को दिया जा रहा प्रशिक्षण

### घर-घर सत्यापन, स्टिकर चिपकाने एवं हाउस नंबर अंकित करने की प्रक्रिया की दी गई जानकारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत मतदाता सूची को अधिक शुद्ध एवं अद्यतन बनाने के उद्देश्य से उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा द्वारा बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को 37-चन्दनकियारी (अजा) विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी चास से संबंधित बीएलओ को प्रखंड सभागार, चास में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को घर-घर जाकर मतदाताओं के सत्यापन, निर्धारित प्रारूप के अनुसार घरों पर स्टीकर चिपकाने तथा हाउस नंबर अंकित करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि स्टीकर को घर के मुख्य द्वार या ऐसी जगह पर चिपकाया जाए, जहाँ वह स्पष्ट रूप से दिखाई दे और सुरक्षित रहे। इसके साथ ही हाउस नंबर अंकित करने की प्रक्रिया भी विस्तार से समझाई गई, ताकि प्रत्येक घर की पहचान स्पष्ट रूप से हो सके और भविष्य में मतदाता सूची से संबंधित कार्यों में किसी प्रकार की समस्या नहीं हो। सभी बीएलओ को निर्देश दिया गया कि वे निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप सही ढंग से हाउस नंबर अंकित करें तथा संबंधित जानकारी को समय पर पोर्टल/ऐप में अपडेट करना सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि, बुधवार को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया था कि सभी बीएलओ को हाउस नंबर देने तथा स्टीकर लगाने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा ही दिया जाएगा। इसी क्रम में आज पहले एईआरओ से संबंधित बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। जिले में कुल 13 एईआरओ एवं लगभग 1600 बीएलओ हैं, जिन्हें चरणबद्ध तरीके से संबंधित क्षेत्रों में जाकर प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के कार्यों को निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रभावी ढंग से संपादित किया जा सके।

## झारखण्ड बार काउंसिल के चुनाव में तेनुघाट के अधिवक्ताओं ने डाले वोट



**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखण्ड बार काउंसिल के चुनाव में आज गुरुवार को पूरे झारखंड के अधिवक्ता संघ के द्वारा मतदान किया गया। जिसमें तेनुघाट अधिवक्ता संघ के सदस्य भी झारखंड बार काउंसिल के सदस्यों ने मतदान किया। तेनुघाट अधिवक्ता संघ के कुल 322 मतदाताओं में से 265 मतदाताओं ने अपने-अपने मतों का प्रयोग किया। जबकि 57 मतदाता मतदान डालने नहीं पहुंच पाए। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान हुआ। जिसके लिए पांच बूथ बनाए गए थे। जिसमें सभी अधिवक्ता मतदान पत्र पर अपना अपना मत डालकर बक्सा में डाल दिए। मतदान को सफल बनाने में रांची उच्च न्यायालय के अधिवक्ता शैलेश कुमार मतदान पदाधिकारी के रूप में उपस्थित थे, वहीं पीठासीन पदाधिकारी के रूप में तेनुघाट अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा के साथ उनके सहयोगी में तेनुघाट अधिवक्ता संघ के महासचिव वकील प्रसाद महतो, जगदीश मिस्त्री, डीएन तिवारी, विनोद कुमार गुप्ता, आनंद श्रीवास्तव, राकेश कुमार, निरंजन महतो एवं सोम प्रकाश दे उपस्थित थे। मतदान शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष संपूर्ण हुआ। मतदान शांतिपूर्वक संपन्न होने के बाद मत पेटी को सील कर मतदान पदाधिकारी शैलेश कुमार रांची लेकर चले गए। वहीं चुनाव अधिवक्ता संघ के नए भवन में संपन्न हुआ जहां पर सी सी टीवी कैमरा भी लगाया गया था पूरे चुनाव में सी सी टीवी कैमरा से निगरानी की जा रही थी। साथ ही चुनाव प्रक्रिया की वीडियो रिकार्डिंग भी हुई।

## स्वदेशी जागरण मंच की राष्ट्रीय परिषद की बैठक

### वर्तमान आर्थिक वैश्विक परिदृश्य एवं युवाओं में सोशल मीडिया के बढ़ते दुष्प्रभावों पर विशेष चर्चा : अमरेंद्र सिंह

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वदेशी जागरण मंच की राष्ट्रीय परिषद की राजस्थान के जयपुर में हुई बैठक की आज बोकारो बिहार झारखंड के क्षेत्रीय संयोजक अमरेन्द्र सिंह ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच की 2 दिवसीय राष्ट्रीय परिषद बैठक ऐतिहासिक नगरी जयपुर में 7, 8 मार्च को सम्पन हुई। एवं एक दिन पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ केन्द्रीय अधिकारी मा. वी भाग्गैया एवं मा. स्वान्त रंजन का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ। बैठक में स्वदेशी जागरण मंच से मा. आर. सुन्दरम, डॉ भगवती प्रकाश शर्मा, मा. कश्मीरी लाल जी सहित सभी केन्द्रीय अधिकारियों का दोनों दिन मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में सफल उद्यमी सम्मान समारोह एवं प्रर्दशनी का उद्घाटन राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जी सहित 2 मन्त्री एवं विधायक भी सम्मिलित हुए। बैठक में देशभर के सभी 45 प्रान्तों से 395 कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिनमें मातृशक्ति की संख्या 65 रही। इसके अतिरिक्त विचार परिवार से अखिल भारतीय विधार्थी परिषद, ग्राहक पंचायत, विद्या भारती, हिन्दू जागरण मंच, सहकार भारती सहित गायत्री परिवार, कनेरी मठ, जागृति यात्रा, दे आसरा, समर्थ भारत एवं 3 बड़े व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि भी बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक में भारत एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर प्रस्ताव के साथ ही वर्तमान आर्थिक वैश्विक परिदृश्य एवं युवाओं में सोशल मीडिया के बढ़ते दुष्प्रभावों पर विशेष चर्चा हुई। आगामी दिनों में 4 बड़े विषयों



विकास का भारतीय प्रतिमान, विश्व व्यापार समझौते, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं युगानुकुल स्वदेशी पर कार्यदल गठन पर सहमति बनी।आगामी कार्ययोजना के अन्तर्गत स्वावलंबी भारत अभियान को विस्तार देते हुए सभी जिलों में स्वावलंबन केन्द्रों की स्थापना एवं जिला प्रशिक्षकों की नियुक्ति पर भी सहमति बनी। स्वदेशी शोध संस्थान, स्वदेशी व्यापारी जुटान, स्वदेशी मेला, निर्यातक फोरम, वित्त सलाहकार परिषद सहित महिला कार्य, युवा कार्य एवं पर्यावरण कार्य पर भी आगामी योजना तय हुई।

## ग्रामीण उत्पाद प्रदर्शनी में हिस्सा लेने धनबाद से महिलाएं रांची रवाना



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रांची के खेल गांव में ग्रामीण उत्पाद प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें हिस्सा लेने के लिए गोविंदपुर खरनी के कृषक उत्पादक संगठन "गोविन्दपुर किसान साथी प्रोड् यूसर कंपनी लिमिटेड" (एफपीओ) से 25 महिलाएं आज रांची रवाना हुई। प्रदर्शनी में महिलाएं अन्नपूणीर्का - कोयलांचल की पौष्टिक मिठास, ब्रांड के तहत गाय के शुद्ध घी से बने रागी लड्डू का स्टाल लगाएंगी। रांची रवाना होने से पहले उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने समाहरणालय के सभागार में सभी को शुभकामनाएं दी। उपायुक्त ने उत्पाद का ट्रेडमार्क करा लेने का सुझाव दिया। साथ में उत्पाद बिक्री के लिए धनबाद अंचल कार्यालय सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर स्थान उपलब्ध कराने को कहा। उत्पाद को और बेहतर बनाने के लिए उपायुक्त ने श्रेष्ठ क्वालिटी के मशीन व अन्य सामान देने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया। उपायुक्त ने कहा जिला प्रशासन की यह पहल ग्रामीण महिलाओं को न सिर्फ रोजगार दे रही है, बल्कि उनकी आय भी बढ़ा रही है और उन्हें आत्मनिर्भर भी बना रही है। ये पौष्टिक रागी लड्डू आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों और समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुँचकर समाज के बेहतर पोषण में भी योगदान देंगे। वहीं डीएमएफटी पीएमयू के परियोजना प्रबंधक आजीविका और कौशल विकास अमर कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि रागी लड्डू, रागी का आटा, शुद्ध घी, गुड़ और सूखे मेवे मिलाकर बड़े प्यार और मेहनत से बनाए जाते हैं। लड्डुओं में सिर्फ स्वाद ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, परंपरा और गाँव की मेहनत की मिठास भी घुल जाती है। ग्रामीण उत्पाद प्रदर्शनी में हजारीबाग, बोकारो, सरायकेला खरसावां, गोड्डा, रामगढ़, गुमला, खूंटी, देवघर, लोहरदगा, पूर्वी सिंहभूम सहित अन्य जिलों के स्टॉल लगेंगे। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक मिश्रा, डीएमएफटी पीएमयू के अमर कुमार श्रीवास्तव, एफपीओ के सीईओ अब्दुल कयूम अंसारी, निदेशक अनुपम मोदी, श्रीमती अंजना देवी, अंजलि देवी के अलावा अन्य सदस्य मौजूद थे।

## लिंग चयन एवं भ्रूण लिंग जांच करना कानूनन अपराध : उपाधीक्षक




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पी सी पी एन डी टी कार्यक्रम अंतर्गत 'बच्चों को बचाओ' अभियान के तहत आज बोकारो सदर अस्पताल में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य के बारे में जानकारी देना तथा समाज में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश को सशक्त बनाना था। मौके पर उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ एनपी सिंह, डॉ राज कुमार दास, पवन कुमार श्रीवास्तव, डीपीएम हीना गौरव बरवाल सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान भ्रूण लिंग जांच एवं भ्रूण हत्या के दुष्परिणाम, समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका, महिला सशक्तिकरण तथा बेटियों के सम्मान और अधिकारों के विषय में उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ एनपी सिंह के द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि उक्त अधिनियम के तहत लिंग चयन एवं भ्रूण लिंग जांच करना कानूनन अपराध है और इसके लिए कड़ी कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। साथ ही उन्होंने आगे बताया कि समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने तथा लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ एनपी सिंह, डॉ राज कुमार दास, पवन कुमार श्रीवास्तव, डीपीएम हीना गौरव बरवाल, कोऑर्डिनेटर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के प्रस्तावित दौरे को लेकर डीसी ने की समीक्षा बैठक

### आयोग की प्रश्नावली के आधार पर सूचनाओं की तैयारी की समीक्षा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के 13-14 मार्च को प्रस्तावित दौरे को लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा ने गुरुवार को गोपनीय कक्ष में संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रश्नावली प्रारूप के आधार पर अनुसूचित जनजातियों के लिए कार्यान्वित संवैधानिक संरक्षोपाय, कल्याण एवं विकास योजनाओं से संबंधित सूचनाओं के संकलन एवं तैयारी की विस्तृत समीक्षा की गई। आयोग की अध्यक्ष डा. आशा लकड़ा व टीम का बोकारो दौरा निर्धारित है। इस दौरान जिले में अनुसूचित जनजाति समुदाय के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों तथा संवैधानिक प्रावधानों के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने आयोग की ओर से उपलब्ध कराए गए प्रश्नावली प्रारूप के आधार पर तैयार उत्तरों की क्रमवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार कर अंतिम प्रतिवेदन तैयार करने तथा उसे शाम तक आयोग को भेजने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता (एसी) मो. मुमताज अंसारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, डीएसडब्ल्यूओ डॉ. सुमन गुप्ता, कार्यपालक अभियंता चास एस. तिवारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी त्रितुराज, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग राम प्रवेश राम, डीडीएमओ श्री शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, डीपीओ यूआइडी शैलेंद्र मिश्रा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 1400 किलो नकली पनीर व 90 किलो नकली घी बस से बरामद , ड्राइवर व खलासी गिरफ्तार



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निदेर्शानुसार खाद्य सुरक्षा के मामले में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए जिला प्रशासन बेहद सजग एवं सख्त है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजा कुमार ने आज रात 3 बजे बस स्टैंड पर मिलावट खोरों के खिलाफ कारवाही शुरू की। जिसमें उन्होंने बिहार से आने वाली बुंदेला बस से 1400 किलो नकली पनीर तथा 90 किलो नकली घी बरामद किया। इसकी जानकारी देते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर आज रात 3 बजे बिहार से आने वाली बुंदेला नाम की बस, बी.आर. 21 पी 3632, से 1400 किलो नकली पनीर एवं 90 किलो नकली घी (6 टीन) और अन्य खाद्य सामग्रियां जब्त की। साथ ही बुंदेला बस के ड्राइवर एवं खलासी और बस को धनबाद थाना को सौप दिया। इसके अलावा बिहार से आने वाली सभी बसों में सघन जांच अभियान जारी रहा। उन्होंने बताया कि सभी पनीर पटना से धनबाद जिले में लगन के समय एवं त्योहारों के अवसर पर खपाने हेतु लाया जा रहा था। इतनी बड़ी मात्रा में धनबाद में पहली बार मिलावटी पनीर का पकड़ा गया है। मिलावट खीरो के विरुद्ध ये अभियान आगे भी जारी रहेगा और किसी भी मिलावटखोरों को बख्शा नहीं जाएगा।

## विश्व किडनी दिवस पर बोकारो जनरल अस्पताल में स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन



**बोकारो इस्पात /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संयंत्र के बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) में आज दिनांक 12 मार्च 2026 को 'विश्व किडनी दिवस' के उपलक्ष्य में एक विशेष स्वास्थ्य जाँच शिविर एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. आनंद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. अनिंदा मंडल एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. इंद्रनील चौधरी द्वारा परम्परागत तरीके से दीप प्रज्वलित कर किया गया. विश्व किडनी दिवस 2026 की थीम "किडनी हेल्थ फॉर ऑलः केयरिंग फॉर पीपल, प्रोटेक्ट द प्लैनेट" के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नेफ्रोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. सिमाल मार्डी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. शिविर के दौरान बीएसएल कर्मियों, उनके परिजनों एवं आम नागरिकों के लिए ब्लड प्रेशर, शुगर, यूरिनरी प्रोटीन एवं शुगर की निःशुल्क जाँच की गई तथा विशेषज्ञों द्वारा परामर्श प्रदान किया गया. शिविर में उपस्थित चिकित्सकों एवं आहार विशेषज्ञों ने किडनी को स्वस्थ रखने के लिए नियमित जाँच, संतुलित आहार और मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप पर नियंत्रण को अनिवार्य बताया. इस अवसर पर आयोजित एक तकनीकी संगोष्ठी में डॉ. प्रत्युष रोशन ने 'ए.बी.ओ. असंगति' (अइड क्ल्लूङ्केस्रं३ ी) किडनी प्रत्यारोपण की आधुनिक पद्धति पर विस्तृत प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि यह उपचार उन मरीजों के लिए एक नया जीवन है जिन्हें उपयुक्त डोनर उपलब्ध नहीं हो पाते हैं. डॉ. पी के बेहरा ने इस वर्ष की थीम और वैश्विक परिप्रेक्ष्य में किडनी रोगों की रोकथाम पर अपनी प्रस्तुति दी. कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. साकेत मिश्रा, वरीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. आकाश कांत, डॉ. विकास, डॉ. सुहासिनी, डॉ. अन्नेसा तथा स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्रशिक्षुओं एवं परिचारिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा. सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. साकेत मिश्रा ने इस अवसर पर स्वेच्छा से रक्तदान भी किया. बोकारो जनरल अस्पताल द्वारा आयोजित यह स्वास्थ्य पहल नागरिकों को निवारक स्वास्थ्य देखभाल के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक प्रभावी कदम है. किडनी रोगों के प्रति समय पर सजगता और आधुनिक उपचार पद्धतियों की जानकारी न केवल जीवन रक्षा में सहायक है, बल्कि यह स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण के प्रति बोकारो इस्पात संयंत्र की अटूट प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है.


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com